♦ आश्विन शुक्ल पक्ष 08 विक्रम संवत 2079 ♦ डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार 03 अक्टूबर 2022 ♦ वर्ष-29 अंक-344 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com

## शारदीय नवरात्र

### अष्टमी : महागौरी

**मां दुर्गा** की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुगार्पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। महागौरी की चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है।

श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥

**मां** महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान भोलेनाथ पार्वती जी को देख कर कुछ ऐसी बात कह देते हैं जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्यारत पार्वती जब वापस नहीं आयीं तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचते हैं। शिव वहां पहुंचे तो पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। अष्टमी के दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक मां की पूजा की जाती है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी प्रत्येक दिन की तरह देवी की पंचोपचार सहित पूजा करते हैं।

## सर्वोदय आश्रम में मनायी गयी गांधी जयंती, राज्यपाल व सीएम ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर रविवार को सर्वोदय आश्रम, तिरिल, रांची में गांधी जी की प्रतिमा और शास्त्री जी की तस्वीर पर राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दोनों युग पुरुषों को नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सादगी के प्रतीक थे। उनके योगदानों को हमेशा याद किया जायेगा। राष्ट्रवासियों और राज्यवासियों को उनके बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है।

**राज्यपाल ने किया नमन :** राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



## रावण दहन कार्यक्रम में सीएम आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा, रांची के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने विजयादशमी के दिन आयोजित होनेवाले रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में समिति के अध्यक्ष पंकज साहू, जय प्रसाद साहू, कंचन कुमार साहू, संजय साहू, पंचू साहू, चंदन साहू, गुड्डू साहू और रवि साहू शामिल थे।

## सीएम से खेल निदेशक ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को खेल निदेशक और कार्यकारी निदेशक, साझा के पद पर नव पदस्थापित सरोजनी लकड़ा ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्रीमती लकड़ा को खेल निदेशक के रूप में नयी जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने खेल निदेशक से राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास और हित को लेकर किये जा रहे प्रयासों की जानकारी लेने साथ कई अहम निर्देश भी दिये।

## होटवाग खुशबू ढाबा से डोडा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

### डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में की गयी छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग खुशबू ढाबा के पास से लातेहार थाना पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया है। रविवार को लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि होटवाग के आस पास के ढाबों में आपके लिए बहुत ही होटल चलाने की आड़ में अफीम एवं डोडा की चूर्ण की खरीद बिक्री की जा रही है। जिस पर लातेहार पुलिस के द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर खुशबू ढाबा में छापामारी की गई। जहां से छह किलो ग्राम डोडा का चूर्ण बरामद किया गया। इसके साथ ही होटवाग निवासी होटल संचालक मोनू कुमार पिता मोहन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में लातेहार थाना कांड संख्या 244/2022 धारा 290 भादवि व 15 सी ,18 बी एनडीपीएस एक्ट अंकित किया गया है। छापामारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र, लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि धर्मेंद्र कुमार, गौरव सिंह, लातेहार थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### नवरात्र में लगता है यहां मेला, चौंकिये मत...

## पलामू के हैदरनगर में सौ सालों से लगता है भूतों का मेला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर में भूतों का मेला 100 वर्षो से लग रहा है। यह भूत मेला शारदीय नवरात्र और चैत नवरात्र में लगता है। आधुनिक युग में भूत और प्रेत अंधविश्वास है। बावजूद यह खेल बदस्तूर आज भी जारी है। लेकिन इस भूत मेला में पहुंचने वाले लोगों की आस्था देखते बनती है। इस मेले में बिहार, यूपी, हरियाणा, छत्तीसगढ़, एमपी, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से लोग पंहुचते हैं। हजारों लोगों की आस्था हैदरनगर देवी धाम मंदिर से जुड़ी हुई है। नवरात्र के दौरान पूरे नौ दिनों तक हैदरनगर देवी धाम मंदिर परिसर में भूत मेला का आयोजन किया जाता है। भूत मेला कुछ ऐसी तस्वीरे निकल कर सामने आती है कि किसी के भी रौंगटे खड़े हो सकते हैं। हैदरनगर देवी धाम परिसर में हजारों की संख्या में लोग प्रेत बाधा से मुक्ति की कामना को लेकर पहुंचते हैं। मेला परिसर में चारों तरफ टेंट और तंबू नजर आता है। इनमें देवी मां की आराधना होती है और झाड़ फूंक किया जाता है। बिहार के सासाराम के रहने वाले जितेंद्र कुमार बताते हैं कि वह पिछले छह वर्षों से यहां लगातार आ रहे हैं। प्रेत बाधा से मुक्ति के लिए वे हरवर्ष यहां पहुंचते हैं। देवी मां की आराधना के बाद उनके परिवार में कोई दुख नहीं है। वहीं, मंदिर के मुख्य पुजारी बताते ►► शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के हजारीबाग जिले में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड के हजारीबाग जिले में कटकमसांडी में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि इसमें 29 यात्री घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत हथिया बाबा मंदिर के निकट एक टैंकर पलटने के बाद गैस रिसाव होने के कारण एनएच-2 पर आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया था। सभी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा जा रहा था। इसी दौरान चतरा-हटरगंज होते सभी वाहनों को बिहार भेजा रहा था तभी शनिवार देर रात करीब 2.30 बजे बिहार के गया से ओडिशा जा रही यात्री बस का कटकमसांडी के निकट तीखा मोड़ में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के साथ भिड़ंत हो गयी जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति की मौत हजारीबाग स्थित भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से मृतकों के शव को बस से बाहर निकाला। वहीं सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मौसम अलर्ट, अगले दो दिनों तक भारी बारिश के आसार

**रांची।** देश में मॉनसून लगभग समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात के हालात बने हुए हैं। चक्रवाती हालातों के चलते राज्य के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में तीन और चार अक्टूबर को भारी बारिश के आसार हैं, जिसके लिये येलो अलर्ट जारी किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में फिलहाल निम्न दबाव के हालात बने हुए हैं जो तीन अक्टूबर को और उभर सकता है। इधर, दुर्गा पूजा मेले में स्टॉल लगाये दुकानदारों में हो रही बारिश से मायूसी छायी है। बारिश थमने पर लोग पंडालों में पहुंच रहे थे, लेकिन ज्यादातर लोग बाहर से गाड़ियों पर ही पंडाल का नजारा देखते हुए निकल जा रहे थे। अष्टमी और नवमी को भी बारिश के आसार हैं।

## पडांलों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रांची।** दुर्गा पूजा के सप्तमी पर रविवार को छिटपुट बारिश के बावजूद राजधानी के कई पंडालों में अच्छी-खासी भीड़ नजर आयी। राजधानी रांची के ज्यादातर पूजा पंडालों का उद्घाटन शनिवार षष्ठी की शाम को ही कर दिया गया था। वहीं, बाकी बचे पंडालों का अनावरण सप्तमी के मौके पर किया गया। जिसके बाद पूजा पंडालों पर श्रद्धालुओं और भक्तों की भीड़ माता के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी है। दो साल के इंतजार के बाद इस वर्ष दुर्गा पूजा पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पूजा आयोजन समिति के सदस्य और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पूरे शहर माता के भजनों से गुंजमान है, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया है। हर तरफ सिर्फ दुर्गा पूजा की धूम और मां दुर्गे की आस्था नजर आ रही है। हालांकि, बीच-बीच में हो रही छिटपुट बारिश मजा किरकिरा रही है।

## आतंकी हमले में पुलिस का जवान शहीद, एक अन्य घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की दुस्साहस बढ़ती ही जा रही है। राज्य के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में एक पुलिस का जवान शहीद हो गया है। जबकि सीआरपीएफ के जवान के गंभीर होने की सूचना है। आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने कार्रवाई तेज कर दी है। दरअसल, सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचने वाले हैं। वह सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा करने के साथ राजौरी और बारामूला में दो रैलियों को भी संबोधित करेंगे। पुलवामा में पुलिस व पैरामिलिट्री जवानों पर यह हमला शोपियां में सुरक्षाबलों व आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर के कुछ घंटों बाद हुआ है। शोपियां में हुए तीन घंटे के ऑपरेशन में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया था। माना जा रहा है कि बौखलाये आतंकवादियों ने बदला लेने की नियत से हमले को अंजाम दिया है। रविवार को आतंकवादियों ने पुलवामा जिले के पिंगलाना में हमला किया। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पुलवामा के पिंगलाना में सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त नाका पार्टी पर गोलियां चलायीं।

## गोली के झटके से जैप जवान घायल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गोली का झटका लगने से जैप जवान हीरालाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जैप आठ में तैनात जवान हीरालाल सहित अन्य जवानों का ट्रेनिंग चल रहा था। इस बीच ट्रेनिंग के दौरान जवान हीरालाल की आंख में गोली से झटका लग गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद अन्य जवान साथियों ने उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा सदर अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से मिलकर उसके बेहतर इलाज के लिए प्रयास कर रहे हैं। वही पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर चिकित्सकों के सलाह के बाद घायल जवान हीरालाल को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जवान को इलाज के दौरान कोई भी दिक्कत या परेशानी होती है तो वह सीधा हमसे संपर्क करें।

### भारतीय वायुसेना की ताकत में होगा इजाफा

## आज वायुसेना के बेड़े में शामिल होगा स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) सोमवार को देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) को औपचारिक रूप से अपने बेड़े में शामिल करेगी। इससे वायुसेना की ताकत में और वृद्धि होगी, क्योंकि यह बहुपयोगी हेलीकॉप्टर कई मिसाइल दागने और हथियारों का इस्तेमाल करने में सक्षम है। एलसीएच को सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है और इसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करने के लिए प्राथमिक रूप से डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इस हेलीकॉप्टर को जोधपुर स्थित ►► शेष पृष्ठ 11 पर


### पलामू के जगनारायण पाठक बापू के निधन के दिन वहीं थे

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जिनकी की जयंती मनायी गयी

### 1927 की यादों को आज भी भूली नहीं है यह धरती

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 11 जनवरी 1927 को डालटनगंज आए थे महात्मा गांधी। नोआखली में यदु बाबू साथ थे तो निधन के दिन जगनारायण पाठक वहां पहुंचे थे। आजादी की लड़ाई में वर्तमान के झारखंड और तत्कालीन बिहार के जिन शहरों में महात्मा गांधी का आगमन हुआ था उनमें से डालटनगंज (अब मेदिनीनगर) भी एक है। यहां आने के बाद उनका यहां के लोगों से ऐसा जुड़ाव हुआ कि वह उनके जीवन के अंत तक बना रहा। बापू का आगमन 11 जनवरी 1927 को हुआ था। यहां के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी यदुवंश सहाय यदु बाबू उस दिन के करीब 20 साल बाद उनके साथ नोआखली में थे। वह उनके साथ



यहां 20 से लेकर 30 जनवरी तक रहे थे। 30 जनवरी 1948 को जब नई दिल्ली में बापू की हत्या हुई थी तो उस दिन स्वतंत्रता सेनानी जगनारायण पाठक घटना के कुछ देर बाद पहुंचे थे। गांधीजी के पार्थिव शरीर का दर्शन किया था। आजादी की लड़ाई के अगुआ का शहर में दो जगह स्वागत किया गया था। एक जगह के सम्मान पत्र में पलामू की दरिद्र जनता लिखा हुआ है, तो दूसरे में सदस्य, डालटनगंज म्युनिसिपलबोर्ड। यहां आने पर गांधी जी मारवाड़ी सार्वजनिक ►► शेष पृष्ठ 11 पर

### पाठक जी पहुंचते तब तक हो गयी थी बापू की हत्या

जिस दिन नई दिल्ली में प्रार्थना सभा के दौरान गांधी जी की हत्या हुई थी उस दिन पलामू के जगनारायण पाठक वहीं थे। वह जब तक प्रार्थना सभा में पहुंचते तब तक बापू की हत्या हो चुकी थी। उन्होंने अपने रिश्ते के पोते आशुतोष पाठक को बताया था कि मेरे पहुंचने के पहले वहां प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल पहुंच चुके थे। वहां का माहौल सन्नाटे वाला था। आगे पं. नेहरू और सरदार पटेल खड़े थे तो पीछे मैं। आइए पलामू से जुड़ी बापू की यादों के सहारे हम उन्हें इसी बहाने याद कर लें।

## गांधी जयंती पर भाजपाईयों ने खरीदा खादी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका व जगरनाथपुर कूटे, तिरिल आश्रम स्थित महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने तिरिल आश्रम में चरखा चलाया। इसके साथ ही रातू रोड स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार में खादी वस्त्र की खरीदारी की। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने गढ़वा जिला के कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। खादी भंडार में वस्त्र भी खरीदे।

**महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, विचारधारा थे :** मोरहाबादी में माल्यार्पण के बाद दीपक प्रकाश ने कहा कि महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई का न सिर्फ नेतृत्व किया, बल्कि पूरी दुनिया को एक संदेश देने का भी काम किया कि किस तरह से हिंसा के खिलाफ अहिंसा के राह पर चलकर विजय प्राप्त किया जा सकता है। भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गांधी का कहना था कि भारत की आत्मा गांव में बसती है। अतः हमें गांव का विकास करना चाहिए। अगर गांव का विकास होगा तो स्वतः शहर और देश का भी विकास अपने आप हो जायेगा। मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रही है। गढ़वा जिला मुख्यालय में श्रद्धांजलि ►► शेष पृष्ठ 11 पर

# सप्तमी पर निकली भव्य कलश यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

## मां की आराधना से मिलती है शक्ति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये दशहरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम** । पलामू जिले के पांकी प्रखंड में जगह जगह से सप्तमी तिथि के शुभ अवसर पर मां दुर्गा के भक्तों द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया । वही प्रखंड के आसेहार में गाजे बाजे के धूम पर नाचते हुए भक्त गणों ने देवी मंडप से रवाना हुए जो कुम्हार टोला ,होते हुए पिरि नदी पहुंचे। वहां पूजा अर्चना कर सभी भक्त जनों ने कलश में जल भर कर पुनः देवी मंडप आ कर जल चढ़ाये। मौके पर दुर्गा पूजा के अध्यक्ष गणेश प्रजापति ने सभी भक्तो से आग्रह किया कि शांति पूर्वक दशहरा मनायें यदि कोई असमाजिक तत्त्व के लोग भगदड़ मचाने के उद्देश्य से कोई गलती भी करता है तो उसे छोटे भाई समझ कर नजर अंदाज कर दे। ताकि वह भगदड़ मचाने में सक्षम न हो सके। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नवमी को आसेहार दुर्गा पंडाल में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया गया है। जो एक बजे से प्रसाद वितरण शुरु हो जाएगा। मां के सभी भक्तों से आग्रह है कि ससमय पूजा पंडाल आ कर भंडारा का प्रसाद ग्रहण करें। मौके पर पुरोहित विजय पंडित, गणेश प्रजापति, आसेहार मुखिया देवसागर राम, कौशल किशोर बच्चन ,लड्डू, सुजीत वर्मा, मन कुमार, रमाकांत राम, सुरेंद्र राम,के साथ आसेहार कमिटि के लोग उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिकों की बैठक में पेंशन संबंधी समीक्षा की गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई की बैठक पूर्व सैनिक स्थित कार्यालय में हुई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर बापू को सभी सैनिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक की अध्यक्षता प्रेमतोष प्रसाद ने की। जबकि संचालन कैप्टन दुखन सिंह ने किया। इस बैठक में सैनिकों द्वारा पेंशन संबंधित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पेंशन से संबंधित जानकारी ली। बैठक में जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने स्पर्श सिस्टम में माइग्रेशन की हेतु जारी की गई हेल्पलाइन नंबर सभी पूर्व सैनिकों को साझा की। एवं सभी को किसी प्राइवेट एजेंट के पास न जाकर इस हेल्पलाइन नम्बर की मदद से स्पर्श सिस्टम में माइग्रेशन कराने की सुझाव दी। उन्होंने यह भी बताया कि वन रैंक वन पेंशन की सेकंड रिवीजन जो पहले होनी थी, अभी तक नहीं हुई है। उसके संदर्भ में रक्षा मंत्रालय द्वारा 27 सितंबर 2022 को प्रेषित पत्र निकाली गई है। जिसमें दशार्या गया है कि वन रैंक वन पेंशन के सेकंड रिवीजन के संदर्भ में कार्य चल रही है संभवत 15 दिसंबर 2022 तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन सभी बच्चों में से कुछ बच्चों की फीलहाल राज्य सरकार द्वारा अग्निवीर के भर्ती प्रक्रिया में चयनित हुए हैं । चयनित हुए सभी नौजवान बच्चे इस कार्यालय की कार्यों की सराहना की है। एवं आगे भी नव जवान बच्चों को शैक्षणिक प्रक्रिया व मॉक टेस्ट सैनिक कार्यालय द्वारा कराते रहने की प्रस्तावना की है। इस बैठक में पूर्व सैनिक प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन ,कैप्टनआर सी मेहता , सूबेदार आरटी मेहता, सूबेदार महाराज सिंह, गौरी शंकर ठाकुर के अलावा कई पूर्व सैनिक इस बैठक में उपस्थित थे।

## राजद प्रदेश अध्यक्ष ने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** मेन बाजार दुर्गा मंदिर परिसर स्थित पूजा पंडाल का उद्घाटन राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार यादव ने फीता काटकर किया। उन्होने वैदिक मंत्रोचार के बीच देवी दुर्गा का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि मां की आराधना से जगत में सुख शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने लोगों को दशहरा पर्व शांति और सौहार्द से मनाते हुए सामाजिक एकता का मिशाल पेश करते हुए त्योहार मनाने की अपील की। वहीं युवा नेता रवि कुमार यादव ने कहा कि यहां के युवाओं के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इससे पहले आयोजक नवयुवक सांस्कृतिक समिति द्वारा मुख्य अतिथि को चुनरी बांध कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, भोला गुप्ता, ओमप्रकाश अकेला, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, अशोक यादव, विकास यादव, लखन यादव, रंजीत पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भोला यादव, अशोक जायसवाल, संजय गुप्ता, दीपक यादव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दिलीप स्वर्णकार, चंदन जायसवाल, करन

# महुगांई में निकली भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड महुगांई गांव में दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को सप्तमी के तिथि के मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हुरलौंग पंचायत के मुखिया बिंदा देवी , पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी , पंचायत समिति सदस्य शाहिना प्रवीण , दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बिजली साव , सचिव अरविंद कुमार प्रजापति , कोषाध्यक्ष संजय राम , उपाध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय उर्फ दादा बाबा , उप सचिव आनंद ठाकुर , उप कोषाध्यक्ष डॉक्टर धनंजय कुमार शर्मा , व्यवस्थापक जितेंद्र मिस्त्री उर्फ जीतन मिस्त्री , व्यवस्थापक सुपेंद्र साव , युवा समाजसेवी राजन श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया बिंदा देवी के द्वारा फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा महुगांई दुगार्बाड़ी से प्रारंभ हुआ जो करीवा पत्थर होते हुए सगालीम कलोली नदी पहुंचा। जहां पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु कलश में जल भरकर पुनः दुर्गा बाड़ी पहुंचकर कलश की स्थापना की। शिक्षाविद सह समाजसेवी आमोद कुमार पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी ने लोगों से अपने अंदर बुराइयों को त्याग कर सत्य के मार्ग पर चलने की अपील की। कहा कि दशहरा हिंदुओं का महान पर्व और हमें मिलजुलकर मनाना चाहिए। समाज में भाईचारगी बनी रहे , इसका हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। मौके पर मुखिया बिंदा देवी , पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी , शाहिना प्रवीण , दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बिजली साव , सचिव अरविंद कुमार प्रजापति , कोषाध्यक्ष संजय राम , उपाध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय , उपसचिव आनंद ठाकुर , उप कोषाध्यक्ष डॉक्टर धनंजय शर्मा , व्यवस्थापक जितेंद्र मिस्त्री उर्फ जीतन मिस्त्री , उप व्यवस्थापक सूपेंद्र साव , युवा समाजसेवी राजन श्रीवास्तव , शिक्षाविद सह समाजसेवी आमोद कुमार पांडेय , तनवीर आलम , जमाल अंसारी , शकील अहमद खान , आफताब आलम , जुम्मन खान , प्रमोद प्रसाद गुप्ता , अवधेश यादव , अमीम खान , दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य , विकास प्रजापति , सुनैन राम , विवेक उरांव , सुनील उरांव , उपेंद्र विश्वकर्मा , शिव कुमार उरांव , सुदीप प्रजापति , जयपाल उरांव , सतेंद्र राम , विजय साव , लालो साव , दीपक प्रजापति समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड के दिवान विघा गांव के आदित्य होटल परिसर में मां भागवती प्राण प्रतिष्ठा संह सतचंडी महायज्ञ आयोजन को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई । इस बैठक कि अध्यक्षता विश्राम पुर मठाधीश स्वामी विष्णु चित्र की अध्यक्षता में हुई। जबकि संचालन जयप्रकाश कुमार ने किया। मौके पर सर्वसम्मति से भगवती प्राण प्रतिष्ठा संह सतचंडी महायज्ञ बैठक में विचार विमर्श करते हुए अध्यक्ष पद के लिए पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह को चुना गया। वहीं बैठक में उपाध्यक्ष के लिए कुश कुमार सिंह उर्फ मिन्टु कुमार सिंह, सचिव पद के लिए सतेन्द्र कुमार सिंह, संरक्षक के रूप में कामख्या सिंह को चुना गया। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि दिवान विघा गांव के पावन धरती पर व हमारे क्षेत्र में यज्ञ अनुष्ठान से शांति समृद्धि के साथ शुद्ध वातावरण होगा। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी 2023 से 21 जनवरी 2023 तक दिवान विघा गांव में मां भागवती प्राण प्रतिष्ठा संह सतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया जायेगा। इस मौके पर उपस्थित यज्ञ समिति सदस्य सूनिल कुमार सिंह ,कामेश्वर कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह, नरेश चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशीी, वीरेंद्र कुमार सिंह, जलेश्वर सिंह, जमुना कुमार सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, जगनरायण मेहता, अवध कुमार सिंह, जगदीश चंद्रवंशी, अवधेश राम, जगदीश मेहता, जमुना चौधरी, राजू कुमार, बैजनाथ कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, घूरा प्रसाद पाल के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## चार धाम परिसर में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, शामिल हुए श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के जपला नहर मोड़ स्थित दुर्गा मंडप चार धाम परिसर से कलश स्थापना को लेकर पारंपरिक तरीके से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में मां दुर्गा मंडप से वार्ड संख्या पांच और छह से भ्रमण करते हुए आस- पास क्षेत्र के सैकड़ों महिला- पुरुष व युवा श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा नहर मोड़ स्थित उत्तर कोयल नहर जमोहरी धाम से दिनेश चौक होते हुए सभी श्रद्धालुओं ने पैदल चलकर वहां पहुंचे, जहां आचार्य द्रोणाचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराया गया। सभी श्रद्धालु ने जलभरी कर पुनः चार धाम परिसर में मां दुर्गा मंडप पहुंचकर कलश स्थापित किया। कलश यात्रा कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, आर्चाय दोणार्चार्य, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद अर्जून प्रसाद गुप्ता, मुन्ना कुमार देव,उदय विश्वकर्मा, दिनेश कश्यप, विनोद कुमार चौधरी, मुकेश कुमार चौधरी, यमुना प्रसाद गुप्ता, शिवपूजन प्रसाद गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विकास कुमार, श्रवण कुमार, अरविंद कुमार शर्मा,संतोष कुमार सिंह, सुनिता देवी, अंजलि शर्मा, पुनिता देवी, सोना देवी, शोभा देवी, पार्वती देवी, शिला देवी रिंकी कुमारी बबिता देवी सविता देवी, अंगद कुमार सहित कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# कई पूजा पंडालो से निकाली गई कलश शोभा यात्रा

## माँ के जय जयकार से गुंजा सिगसिगी पंचायत क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत माँ दुर्गा की विभिन्न पूजा पंडालो से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा के साथ हीं विभिन्न पूजा पंडालो मे शारदीय नवरात्र शुरू हो गई है। सिगसीगी के गढ़ टोला पूजा पंडालो से कलश के साथ श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा निकाला। कलश यात्रा में झारखंड निषाद विकास के पलामू जिला अध्यक्ष व भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी शामिल हुए। वहीं अनुज कुमार चौधरी ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतिक है। आगे उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से इलाके में समृद्धि आती है। इसके साथ हीं लोगों को आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश मिलता है। कलश शोभा यात्रा सिगसीगी से चलकर शिव मंदिर कोयल नदी संगम तट तक गया। जहां श्रओं ने कलश मे जल भरकर वापस पूजा पंडाल पहुंचा, उसके बाद पूजा पंडाल मे वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश स्थापित किया गया.कलश यात्रा मे शामिल रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रज्जक भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी पूजा कमिटी के अध्यक्ष अरविन्द कुमार , संजय चौधरी ऊर्फ दारा , सोनू कुमार, विनोद पासवान, नरेश सिंह, प्रभात कुमार, राहुल सोनी, पंकज कुशवाहा, संतोष गुप्ता, उमेश सोनी, संजय मेहता, अभिमन्यु पांडे, राहुल गुप्ता, अखिलेश सिंह, अभय चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, विक्रान्त कुमार सहित सेकड़ो श्रधालु मौजूद थे।

## भाकपा सचिव ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी और एआईएसएफ के जिला सचिव सह वार्ड नंबर 6 के पूर्व प्रत्याशी मृत्युंजय तिवारी के साथ 2 अक्टूबर दिन रविवार को बारालोटा क्षेत्र का भ्रमण किया । बारालोटा निवासी दुर्गा तिवारी के छोटे भाई शत्रुघ्न तिवारी का निधन कुछ दिन पहले हो गया था। चुकी उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है । इसलिए उन्हें 10000/- सहायतार्थ प्रदान किया गया। साथ ही उनको ढांढ़स बंधाया एवं उन्हें आश्वासन दिया कि वे किसी भी प्रकार कि दिक्कत होने पर निःसंकोच सूचित करें। श्री तिवारी ने कहा कि मृतक के श्राद्ध कर्म में या अन्य किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर वार्ड नंबर 6 के पूर्व प्रत्याशी मृत्युंजय तिवारी ने भी कहा कि दुर्गा तिवारी की आर्थिक स्थिति काफी खराब है।

## मां दुर्गा की प्रतिमा के पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन में पूजा पंडाल के पट खुलते ही शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की दिव्य स्वरूप के दर्शन को पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसके पूर्व पुरोहित गोपाल पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ मां शक्ति स्वरूपा की आराधना कर उपस्थित अतिथियों हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा उषा देवी, आरएसएस जिला संघ चालक दिनेश कश्यप, प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रकाश लाल अग्रवाल, अभिमन्यु अग्रवाल आदि के द्वारा पूजा पंडाल का पट खोला गया। जिसके बाद भक्तों के जयकारों से पूरा पूजा पंडाल गूंज उठा। मालूम हो कि शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप देवी कालरात्रि की पूजा की जाती है। मौके पर पूजा समिति के संरक्षक अजित अग्रवाल, सचिन आनन्द, उदय विश्वकर्मा, मंजय चौधरी, अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवण अगवाल, दीनानाथ सोनी, पप्पू सोनी, सचिव संतोष गुप्ता, सह सचिव पंकज सोनी, गोविंदा सोनी, कोषाध्यक्ष मोहन सोनी सह कोषाध्यक्ष संदीप सोनी, मिडिया प्रभारी अमृत कुमार कांस्यकार, व्यवस्था प्रमुख हर्ष गुप्ता, पंकज कुमार, भोला कुमार, छोटेलाल केशरी सदस्य अभिषेक कांस्यकार, प्रियांशु कांस्यकार, संतोष कांस्यकार, शशि विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## हरिहरगंज में खुला सिद्धांत डेंटल क्लिनिक

**हरिहरगंज ।** शहर के सतगांवा रोड़ स्थित लवली कंपलेक्स में रविवार को सिद्धांत डेंटल क्लिनिक खुला। इसमें बतौर मुख्य अतिथि व्योवृद्ध शोभी राम शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया। साथ ही बेहतर भविष्य की शुभकामना दी। संचालक डॉ पुनम कुमारी ने बताया कि सुबह 9:30 से संध्या 7 बजे तक इलाज होगा। मरीजों को विशेष छुट भी दी जाएगी। मौके पर पूर्व जिला पार्षद आशा कुमारी, डॉ अवध कुमार, प्रमोद कुमार रवि, युवा समाजसेवी राजीव रंजन, राजकुमार गौतम, शिक्षक विंदेश्वरी राम, दिनेश गुप्ता, सुशील रवि, बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, मो. असलम, बसपा नेता इशरार आलम, मुखिया गुलाम सरवर, विजय सिंह, रंजीत कुमार, संजय राम, प्रसीद अम्बेडकर, सुशील भारती सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पंचायत सचिवालयों में मनी गांधी जयन्ती

## विशेष ग्राम सभा कर जनकल्याण का लिया संकल्प




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद में सरकार के निर्देशानुसार अनुमण्डल क्षेत्र के दोनों प्रखण्डों में 2अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई । इसके लिए हुसैनाबाद प्रखण्ड में गांव की सरकार यानी पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायत सचिवालयों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया । जिसमें मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं बेनी कला के मुखिया श्रावण राम ने बताया कि सबसे पहले उप मुखिया सुनीता देवी,पंचायत समिति पति सोनू सिंह ,एव पंचायत सेवक अखिलेश शर्मा,रोजगार सेवक नवाज अहमद, स्वयंम सेवक राकेश पासवान ,सभी वार्ड सदस्य गण आदि ने,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तस्वीरों पर पुष्प अर्पित किया । साथ ही उनके सपनों के भारत निर्माण में हमलोगों ने पंचायत सचिवालय में स्वच्छता अभियान चलाया। तथा विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया। जिसमें पंचायत में शिक्षा स्वच्छता पर कई निर्णय प्रस्ताव पारित किया। इधर पथरा पंचायत सचिवालय में मुखिया नरेश पासवान एवं पंचायत सचिव वार्ड सदस्य उप मुखिया समेत समस्त ग्रामीणों के साथ महात्मा गांधी जयंती मनाया एवं कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चयनित किया। इसीतरह ग्राम पंचायत लोटनीय में पहाड़ी पर अवस्थित सामुदायिक भवन के सभागार में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया विनोद कुमार सिंह पंचायत सचिव शमीम अंसारी रोजगार सेवक दिलीप सिंह एवं ग्रामीण जनता की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई तथा सभी जरूरत मन्दो को रोजगार देने की बात कही। इसी तरह ग्राम पंचायत दरुआ बेनी, ऊपरीकला, पोलडीह, कोशीकुर्मी पुर, बैराव, जमुआ, डंडिला, महूदण्ड, बेलबिगहा, दंगवार, बनियाडीह बराही ,बड़ेपुर, देवरी कला, देवरी खुर्द सभी पंचायतों के मुखिया, उप मुखिया एवं पंचायत सचिव वार्ड सदस्यों ने राष्ट्रपिता के जयंती पर ग्राम पंचायत और गांव की सरकार में जनता के जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस ने गांधी व शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला छठ पोखरा स्थित तिवारी कंपलेक्स के पार्टी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हुसैनाबाद प्रखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष लल्लू प्रसाद सिंह ने किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि एवं हुसैनाबाद के युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी ही नहीं, बल्कि एक बहुत बड़े त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने पूरे विश्व को शांति का पाठ पढ़ाया। महात्मा गांधी एक विचार थे, जो आज विश्वविद्यालयों में एक शोध का विषय है। वहीं दूसरी तरफ लाल बहादुर शास्त्री एक सादगी के प्रतीक थे। जिन्होंने सादा जीवन उच्च विचार का पाठ पढ़ाया। जिन्होंने देश की सुरक्षा को सशक्त करने और देश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उन्होंने ही जय जवान और जय किसान का नारा दिया था। मौके पर जपला गांधी चौक पर स्थापित प्रतिमा पर पूर्व राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, ने माल्यार्पण कर गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। रघुराई यादव और शंभू सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य रूप से अवध बिहारी सिंह, शैलेश कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, अंबिका सिंह, उमेश साधु, अमित गुप्ता, अजय मेहता, भोला पाल , वृंदा पाठक, सहित कई लोग मौजूद थे।

# न्यूज गैलरी

## हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन

**सतबरवा।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सभी पूजा पंडालों में मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो चुका है। महावीर चौक मे 31 वॉ नवाह परायण महायज्ञ हो रहा है । जिसमें दिन में रामचरित मानस पाठ व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्ति जागरण का किया गया है। इसके साथ सप्तमी मां दुर्गा के पट खुलने के शुभ अवसर पर रविवार को मॉर्निंग ग्रुप के सदस्य कुंदन जायसवाल , मनोहर कुमार, पप्पू कुमार , लालू कुमार, सतीश कुमार, राजा कुमार के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं जय मां काली संघ मेला टाड़ में 1 से 3 अक्टूबर तक भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन शनिवार की रात्रि 9:00 बजे थाना प्रभारी ऋषिकेश राय, संघ के अध्यक्ष मेघराज प्रसाद ,सचिव रंजीत मिश्र, पूर्व उप मुखिया पप्पू सिंह ने दीप प्रज्वलित करते हुए फीता काट कर किया। क्षेत्र में सभी जगह अपने अपने इच्छा अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## गांधी जयंती पर स्वास्थ्य केंद्र में चला स्वच्छता अभियान

**पाटन।** देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर पाटन बीजेपी मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। स्वच्छता अभियान में कार्यकर्ताओं के साथ स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य केंद्र में पसरे कूड़े कचरे को झाड़ू लगाकर साफ किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी हमेशा सत्य के मार्ग पर चलते थे। स्वच्छता अभियान मे सम्मिलित पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, नॉलेज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अर्जुन कुमार, महेंद्र पासवान, संतोष कुमार, मिथिलेश सिंह, अमरेश कुमार, शोभा देवी एवं स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी उपस्थित रहे।

## राजहरा पंचायत में मनी गांधी जयंती

**पाटन।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को 2 अक्टूबर रविवार को राजहरा पंचायत भवन मे मुखिया अजय पासवान के द्वारा मनाया गया। मुखिया अजय पासवान ने बताया कि हम सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताये हुए कदमों पर चलना चाहिए। महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे । इसीलिए हम सभी पंचायत वासियों को संकल्प लेना चाहिए कि महात्मा गांधी के बताये हुए सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चले। मौके पर पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य के साथ मुखिया ने बैठकर ग्राम सभा का आयोजन किया। ग्राम सभा में संचालित योजना पर प्रकाश डाला गया । ग्राम सभा में उपस्थित पंचायत सेवक अनिल पासवान, साकिर अंसारी,कमलेश दुबे, ऋषिकेश दुबे, मुकेश मेहता, देवबश मांझी,रमेश श्रीवास्तव , शंकर मेहता, दिनेश कुमार , मनोज पासवान , विवेक कुमार, प्रमोद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पिपरा में दशहरा पूजा की धूम, पूजा पंडाल के पट खुले

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड में दशहरा पूजा की धूम है। इस दौरान रविवार को विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल का पट खोला गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। हरिहरगंज के तेंदुआ गांव में पूजा पंडाल का समाजसेवी मनीष कुमार सिंह ने उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजक संस्कृतिक समिति के अध्यक्ष विनीत सिंह, सचिव राजा सिंह, कोषाध्यक्ष शुभम सिंह, राकेश आनंद, सचिन, सुमित, नीतीश, अनमोल, बबलू, अमन, रौशन, आदर्श, सुमन सहित कई लोग उपस्थित थे। वहीं पिपरा प्रखंड के बभंडी गांव में तरुण दल द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। जहां पूजा पंडाल का मुखिया इश्वंती कुंवर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सतीश सिंह उर्फ भोला सिंह, उपाध्यक्ष धीरज चंद्र सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पाटन प्रमुख शोभा देवी कलश यात्रा में हुई शामिल

**पाटन।** प्रखंड के नावा जयपुर के ग्राम दिपौवा में शारदीय नवरात्र के अवसर पर कलश यात्रा मे शामिल हुई। पाटन प्रमुख शोभा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप मे पहुंची पंडाल में पाटन प्रमुख शोभा देवी के द्वारा श्रद्धालु भक्तगण को कलश देकर जल यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसमें जल यात्रा में उपस्थित उप प्रमुख अमरेशवर्मा नावा खास के मुखिया मनोज कुमार एवं पंचायत समिति धर्मेंद्र दुबे मनोरंजन गिरी, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता पूर्व मुखिया नावा खास चंद्रदेव सिंह एवं राम प्रवेश सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य ग्रामीणों कलश यात्रा में शामिल हुए।

## खादी ग्रामोद्योग में मनी गांधी जयंती

**हरिहरगंज।** खादी प्रशिक्षण सह बिक्री केंद्र, हरिहरगंज में रविवार को सादगी से गांधी जयंती मनायी गयी। राष्ट्रपिता बापू के चित्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वही उन्होंने कहा कि गांधी जी के गरिमा एवं उनकी विचारधारा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। जबकि बिक्री प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर खादी के सिल्क पर 20 प्रतिशत तथा रेडिमेंड वस्त्रों पर 25 की छूट दिए जाने की बात कही। मौके पर चरखा मास्टर कौशल किशोर मिश्र, निखिल कुमार सिंह, ओमप्रकाश यादव सहित कई लोग मौजूद थें।

## सांसद व जिला पार्षद प्रतिनिधि ने मृतक के परिवार वालों से मिले

**नावा बाजार।** प्रखंड के कंडा ग्राम निवासी सुमित्रा कुंवर की मृत्यु हो गयी । वह बहुत दिनों से बीमार चल रही थी। अपने पीछे तीन लड़की और चार लड़का छोड़ गई है। मृत्यु की सूचना पाकर सांसद प्रतिनिधि नावा बाजार पंकज तिवारी एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि बलीराम मृत परिवार वालों के घर जाकर परिवार वालों को ढांढस बंधाया। और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश उठाया

**नावा बाजार।** तुबेरा पंचायत अंतर्गत बाना बाजार जहां दुर्गा पूजा का कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें रविवार को काफी संख्या में बाजे गाजे के साथ श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। मां दुर्गा के प्रति पूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह आस्था देखा गया। कलश यात्रा पूजा पंडाल से होते हुए नदी तक ले जाया गया। जहां प्रयागराज से आए हुए आचार्य अभिषेक शुक्ला के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। इस कार्यक्रम में युवा जागृति संघ के अध्यक्ष सत्या मेहता एवं दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष मुमताज आलम के नेतृत्व में कलश यात्रा का कार्यक्रम संचालित किया गया। रास्ते में श्रद्धालु मां दुर्गा के नारे भी लगा रहे थे।

## न्यूज गैलरी

### पूजा-पंडालों में मां दुर्गा की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की जुटने लगी भीड़

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड में नवरात्रि का उत्साह चरम पर है। शनिवार को षष्ठी पूजन के साथ ही रविवार को सप्तमी की पूजा के साथ दुर्गा मंडपों व पूजा पंडालों में मां दुर्गा की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगेगी। पूजा को लेकर पूरे क्षेत्र में लोग उमंग व उल्लास में डूब हुए हैं। लोगों को पूजा पंडालों के पट खुलने का बेसब्री से इंतजार था। पूरे प्रखंड क्षेत्र में माहौल भक्तिमय हो गया है। सभी पूजा पंडालों में भक्ति गीत से मन मोह रहा है। पूजा पंडालों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से पूरे थाना क्षेत्र में जगह-जगह दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी व जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही पूजा समितियों की ओर से पंडाल परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वोलेंटियर लगे हुए हैं। भीड़-भाड़ वाले सभी इलाकों में रास्ते पर चलने वाले राहगीरों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। प्रशासन पूजा पंडालों आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए पूजा समितियों को अपने स्तर से निर्देशित किया है।

### चिनिया पुलिस की तत्परता डेढ़ घंटे के अंदर दो बलात्कारियों को किया गिरफ्तार

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के हेताडकला गांव में नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में दुष्कर्म पीड़िता ने बताया कि शनिवार की रात्रि सरईदोहर स्थित दुर्गा पूजा स्थल पर महाभारत धारावाहिक चल रहा था। जिसे देखने के लिए गए हुए थे लगभग 12:00 बजे रात्रि में पूजा पंडाल से ही कार्यक्रम समाप्ति के बाद गांव के ही 2 लड़के छवि सिंह पिता मानदेव सिंह एवं लक्ष्मण सिंह पिता सोहर सिंह ने मुझे जबरन वहीं से उठाकर पूजा स्थल से लगभग 200 मीटर दूर ले जाकर खेत में मेरे साथ बारी-बारी सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी वीरेंद्र हांसदा ने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापामारी शुरू कर दी गई है तथा मामले की बलात्कार एवं पोक्सो धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। तो वही खबर लिखे जाने तक चिनीया पुलिस ने अपनी तत्परता को दिखाते हुए डेढ़ घंटे के अंदर ही दोनों बलात्कारियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही गिरफ्तार हुए दोनों बलात्कारियों ने अपने दुष्कर्म की संदीप तक स्वीकार कर ली है थाना प्रभारी वीरेंद्र हांसदा ने बताया कि कागजी प्रक्रिया का आज की जा रही है दोनों को जेल भेज दिया जाएगा ।

### नवरात्र के छठा दिन डंडाई गांव में नाटक मंचन का हुआ आयोजन

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में संपन्न हो रहे 10 दीनी नाटक मंचन कार्यक्रम के छठा दिन शनिवार रात्रि बेटी की सौदा उर्फ समाज की भूल नाटक मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष भाग लेकर स्थानीय कलाकारों की कला को रात भर निहारते रहे । वही कलाकारों ने भी अपनी अपनी करिश्माई कला को दिखाकर उन्हें पूरी रात देवी धाम अस्थल पर बैठने व झूमने को मजबूर कर दिया । ग्रामीण कलाकारों की कला को देखने पहुंचे थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, पश्चिमी भाग बिडीसी प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, समाजसेवी विजय प्रसाद, संजय प्रसाद ,सिद्धेश्वर प्रसाद,सकलदीप राम, राम आधार मेहता, रामचंद्र सिंह, करीम सिंह इत्यादि लोगों ने उनके कला की खूब प्रशंसा किया साथ ही नाटक मंचन कार्यक्रम को दूसरा पाठशाला बताया ।उन्हीने कहां की नाटक मंचन कार्यक्रम का आयोजन होने से गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों को जहां हजारों दर्शकों के बीच कुछ बोलने व सीखने का मौका मिलता है वही उनमें छुपी प्रतिभा को भी निखरने का एक नया अवसर मिल जाता है । नाटक मंचन कार्यक्रम में नंद गोपाल सिंह, विनोद पटवा, आशीष कुमार राणा ,अरविंद कुमार ,अभय सिंह, मोहन प्रसाद, राजेश प्रजापति इत्यादि लोगों ने भरपूर अपना अपना कला का किरदार निभाने का काम किया।

### मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में मनायी गयी महात्मा गांधी की जयंती

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह,उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा सहित वार्ड सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित किया। इसके पश्चात पंचायत सचिवालय के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुखिया मुंगा साह ने पंचायत वासियों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कि बधाई दी। उन्होंने कहा की महापुरुषों की जयंती मनाने से उनके आदर्श जीवन और विचारों से सिख मिलती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी प्रेम और अहिंसा के पुजारी थे। इनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनके सिद्धांतों को अपनाने और उस पर चलना ही श्रेयस्कर है। महात्मा गांधी व्यक्तित्व और लाल बहादुर शास्त्री व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। गरीबों की सेवा करने और अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाने का इनका सपना था। उन्होंने पंचायत वासियों को सबकी योजना सबकी बिकास कार्यक्रम में शामिल होकर योजनाओं का चयन करने की अपील किया ।इस अवसर पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा,जेई आनंद कुमार सहित सभी रोजगार सेवक और ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राथमिकता के आधार पर होगा योजनाओं का चयन: मुखिया बिंदा देवी

**खरौंधी।** मझिगावां पंचायत सचिवालय में मुखिया बिंदा देवी ने रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सबका योजना सबका विकास अभियान का शुभारंभ किया। रोजगार सेवक राजेश कुमार ने विशेष ग्राम सभा के बारे में विस्तार से लोगों को बताया ।इस दौरान मुखिया बिंदा देवी ने ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही की आयोजित विशेष ग्राम सभा आगामी 31 दिसंबर तक चलेगी। इसमें ग्रामीणों का प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा चयनित योजनाओं की जांच कर संबधित विभाग से स्वीकृति हेतु भेजी जाएगी। मुखिया ने कही कि जरूरतमंद लोग अपने पेंशन के लिए आवेदन करें। इसमें दिव्यांग, वृद्धा आदि के लिए पेंशन आवेदन के पश्चात जल्द से जल्द योजना से लाभांवित कराया जाएगा। इसके अलावे झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्त्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। वही गांधी जयंती के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत खरौंधी में मुखिया मंजू देवी, राजी में मुखिया रिंकू देवी,करिवाडीह में मुखिया मनसा देवी, चन्दनी में मुखिया रामगहन मेहता, सिसरी में मुखिया स्वेता देवी एवं उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य,अरंगी पंचायत में मुखिया फूलकुमारी देवी, कूपा पंचायत में मुखिया प्रमोद राम ने गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया ततपश्चात सबका योजना सबका विकास कार्यक्रम की सुरुआत किया। मौके पर बीडीसी कृष्णा राम,विकास सिंह,संतोष कुमार सिंह, शिवकुमार प्रसाद यादव आदि आदि मौजूद थे।

# पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़, भव्य पूजा-पंडाल कर रहे हैं आकर्षित

नवीन मेल संवाददाता







**गढ़वा।** रविवार को महासप्तमी के अवसर पर दुर्गा पूजा पंडालों के पट खोल दिए गए। पंडालों का पट खुलते ही मां के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग मां दुर्गा की प्रतिमा और विभिन्न पूजा समितियों की बनाए गए भव्य आकर्षक पंडाल को लोग निहारते नहीं थक रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे गढ़वा की धरती पर विभिन्न पंडालों में मां दुर्गा उतर आई हो। पूजा पंडालों में बज रहे भक्तिगीत वातावरण को और भी भक्तिमय बना रहें हैं। या देवी सर्व भुतेषू शक्ति रूपेण संस्थिता... मंत्रों के उच्चारण से लोग भक्ति के रंग में रंग गए हैं। वहीं पूजा पंडालों में विभिन्न शहरों से पधारे विद्वानों के मुखारर्चबिंद से प्रवचन की बयार बह रही है। लोग उसका आनंद उठा रहे हैं। अच्छे मार्ग पर चलने का संकल्प ले रहे हैं। नवरात्र को लेकर मंदिरों में भी भीड़ उमड़ रही है। गढ़देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। यहां लोग सामूहिक नवरात्र पाठ में शामिल हो रहे हैं। कृषि उत्पादन बाजार समिति, सोनपुरवा, जय भवानी संघ, संघत मोहल्ला, टंडवा, चौधराना बाजार, भगलपुर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। सुतली पट्टी में राम दरबार, खादी बाजार में परशुराम दरबार, लोहा पट्टी में विष्णु दरबार, चिनियां रोड, नाहर चौक, नवादा मोड़, सहिजना समेत अन्य स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। बुधवार को महाअष्टमी पूजन के साथ जिला मुख्यालय समेत प्रखंड मुख्यालय, गांव व टोले पूरी तरह से मां भगवती की भक्ति में डूब गए हैं। जय मां शेरा वाली संघ, भगलपुर, टंडवा द्वारा न्यूयार्क के दुर्गा मंदिर का प्रारूप बनाया गया है। वहीं जय भारत संघ टंडवा ने राजस्थान के लक्ष्मी मंदिर, जय माता दी संघ सोनपुरवा ने उड़ीसा के दुर्गा मंदिर, जय मां दुर्गा पूजा समिति, बाजार समिति ने पश्चिम बंगाल के दुर्गा बाड़ी का प्रारूप बनाया है। उसके अलावा जय भवानी संघ, संघत मोहल्ला, नहर चौक, चिनियां रोड शिव मंदिर, नवादा मोड़ सहित अन्य स्थानों पर भी भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं।

## छापामारी के बाद आखिर एक ही दुकानदार पर प्राथमिकी क्यों ?

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जय पाल महतो ने भवनाथपुर बाजार और टाउनशिप के लगभग आधा दर्जन दुकानों में छापामारी गत 28 सितंबर को की और भारी मात्रा में प्रतिबंधित विमल पान मसाला बिक्री हेतु रखने के विरुद्ध भवनाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इन दुकानदारों में मात्र एक ही दुकानदार मनोज कुमार के विरुद्ध ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है, जबकि अन्य लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनोज कुमार के गोदाम से विमल एवं शुद्ध प्लस सुधीर गुप्ता के दुकान पर भी उक्त गुटका बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य दुकानदारों दुकान में भी प्रतिबंधित गुटखा बरामद किए गए।

**क्या कहते हैं उपायुक्त**

**इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलाप ने बताया कि मामले को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।**

भवनाथपुर बाजार में तथा अन्य बुद्धिजीवियों के बीच बहुत चर्चा है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सिर्फ एक ही दुकानदार मनोज कुमार के विरुद्ध क्यों प्राथमिकी दर्ज कराई ? क्या अन्य दुकानदारों से कोई समझौता हो गया है ? झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की अधिसूचना संख्या 104/16 दिनांक 23 जून 2022 के द्वारा विमल पान मसाला के भंडारण को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करने की कोशिश की गई पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## जीपीडीपी के तहत सब की योजना सबका विकास को लेकर दी गयी कई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 2 अक्टूबर को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने पत्र जारी करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था। कि सभी पंचायतों में होने वाली विशेष ग्राम सभा में कर्मी उपस्थित होकर विशेष ग्राम सभा में छूटे हुए, चापाकलों में सोखता गढ्ढा का निर्माण करना,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन संबंधित मजदूरों का ई-श्रम निबंधन संबंधित योजनाओं का चयन एवं जानकारी देना है। उक्त आयोजित ग्राम सभा में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदी आदि के सहयोग से ग्राम पंचायत विकास योजना का प्रारुप तैयार किया गया। अभियान के तहत आयोजित प्रथम ग्राम सभा में जीविका समूह द्वारा तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी ग्राम सभा की बैठक की भी जानकारी सभी को दी जाएगी। जिसमें लोगों को जीपीडीपी के तहत सब की योजना सबका विकास को लेकर जानकारी दिया गया यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2022 से 31 जनवरी 2022 तक चलेगा। भारत सरकार द्वारा तय किए गए सतत विकास लक्ष्य के मानकों को केंद्र में रखकर ही योजना तैयार की जायेगी। इसमें गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, स्वच्छ मैत्री, स्नेही गांव,जल की प्रचुरता वाला गांव, स्वच्छ एवं हरा भरा गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त गांव, सामाजिक न्याय व सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन युक्त गांव व गांव में समान लैंगिक विकास प्रमुख हैं। सभी पंचायत अपनी जरूरतों के हिसाब से योजना का निर्माण करेंगे इस अवसर पर मुखिया अंजू देवी मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य अशोक राम, सत्यनारायण बैठा बीपीओ चन्द्रशेखर चौबे पंचायत सचिव अंबुज जयसवाल सहित सैकडो लोग उपस्थित थे।

## पूजा समिति को विधायक ने अंगवस्त्र व अस्त्र देकर किया सम्मानित

## पूजा में शस्त्र व शास्त्र का बहुत महत्व हैं: विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंदिर के समीप भारतीय जनता पार्टी के तत्वधान में प्रखंड के तीन दर्जन से अधिक पूजा समिति के पदाधिकारियों को विधायक भानु प्रताप शाही ने अंग वस्त्र व पारम्परिक हथियार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के रक्षा करने का जो आप सभी ने बीड़ा उठाया है वह सराहनीय कार्य है ।कहा की हम सभी के पूर्वजों के द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी सनातन धर्म को निभाने का कार्य किया है। बताया की आज से सैकड़ो वर्ष पूर्व से ही हमारे इस संनातन धर्म के रक्षा के लिए पूजा पाठ किया जाता रहा है ताकि किसी का बुरा नजर नहीं



लगे।.उन्होंने कहा की पूजा में शस्त्र व शास्त्र का बहुत महत्व है जिसे हम सभी को अपने घरों में दोनो चीजों को रखने की जरूरत है।आज हम सभी पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे हैं।पहले सभी घरों में तुलसी का पौधा होता था एवं शाम के वक्त दीपक जलाकर भोजन बनता था जिससे घर मे लक्ष्मी का निवास होता था लेकिन इस परंपरा को हम सभी भूलते जा रहे हैं।हम सभी को इस परंपरा को बचाने की जरूरत है।उपस्थित सभी लोगों से इस परंपरा को बरकरार रखने का बचन लिया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सांध्यकर विश्वकर्मा ने किया मंच संचालन विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने किया। मौके पर भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, जितेंद्र प्रसाद यादव, लल्लू ठाकुर,बसंत कुमार यादव, रामखेलावन पासवान, रामकृपाल द्विवेदी, रामचंद्र सिंह , बिनोद सिंह, बिनोद चौधरी, मंटू सिंह, विकाश सिंह, सुनील द्विवेदी, सतेंद्र यादव, कलामुद्दीन अंसारी, पूजा कमिटी के अध्यक्ष संकेत कुमार श्रीवास्तव, कृष्णा चंद्रवंशी, छठु पासवान, प्रतीक द्विवेदी,बिपिन पासवान, संजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### नावाडीह गांव के युवक कई दिनों से गुम, परिजन परेशान

**केतार।** थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी बुजुर्ग महिला कलावती कुंवर पति स्व.दलु सिंह ने रविवार को केतार थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र की गुमशुदगी का सन्हा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी को दिए गये आवेदन में महिला ने जिक्र किया है की मेरा पुत्र निरज कुमार सिंह (उम्र 40 वर्ष) 30 सितम्बर दिन शुक्रवार की सुबह दस बजे भवनाथपुर बाजार में कपड़ा दुकान में कपड़ा बदलने जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन वह दो अक्टूबर की शाम तक घर नहीं लौटा है। मैं अपने स्तर से रिश्तेदार सहित अन्य जगहों पर काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला।उसका मोबाइल फोन भी बंद बता रहा है। महिला ने थाना प्रभारी संतोष कुमार से सन्हा दर्ज करते हुए अपने पुत्र को खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने दिया जान

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी सीधेश्वर मेहता ने घर में फांसी लगाकर जान दे दिया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे और प्रतिदिन शराब का सेवन करते थे रविवार को अचानक अंदर से अपने रूम को बंद कर अपने ही घर में अपने गमछी से फांसी लगा लिया जब इसकी जानकारी आसपास के लोगों को पता चला लोगों ने दरवाजा तोड़ कर देखा तो सुदेश्वर फंदे से लटका हुआ था लोगों ने उसे फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो गई थी जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दिया।

## बरवाडीह में भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में माता की प्रतिमा का पट खुला

## जय मां दुर्गे के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह भव्य दुर्गा पूजा पंडाल मे सप्तमी के दिन मां का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने जय मां दुर्गे के नारे लगाएं। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा के सप्तमी कालरात्रि स्वरूप की भक्तों ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर 7 कन्याओं द्वारा कलश उठाकर नदी में स्नान कर मां के प्रतिमा के पास कलश स्थापित किया गया तथा प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस कर्मकांड में नदीगमन नव पत्रिका स्नान पूजन मां की प्राण प्रतिष्ठा चक्षु दान सत्य सती पूजा-पाठ बली पूजन के बाद आरती की गई। मां के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भक्तों ने माता रानी का दर्शन पूजन कर मंगल कामना की श्रृंगार के पश्चाताप पट को खोलकर भव्य आरती की गई। जिसमें प्रखंड के



बरवाडीह पंचायत मुख्यालय में मुख्य रूप से पंडाल एवं मां के पूजन भव्य एवं आकर्षक बनाए गए हैं जहां दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। यहां झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्वर्गीय माता जी विमला ठाकुर के स्मृति में एकम से लेकर नवमी तक भंडारे का आयोजन किया गया है। सातवें दिन भंडारे में प्रखंड के विभिन्न गांव तहले हेताड कला, सिगसिगा कला, सिगसिगा खुरद, जमुनिया टांड़, चिनिया सहित कई गांव से पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। पंचायत के मुखिया सह जिला बिसूत्री के उपाध्यक्ष नितेश सिंह की धर्म पत्नी पम्मी देवी के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। वही भंडारे के मुख्य कर्ताधर्ता पंचायत के उप मुखिया मनदीप यादव ने पूजा से लेकर भंडारे के प्रसाद वितरण में काफी सराहनीय कार्य किया। वही पुरोहित कौशल पांडे ने विधिवत पूजा अर्चना कर मां कालरात्रि स्वरूप की पट को खोल कर प्राण प्रतिष्ठा कराई तथा भक्तों के दर्शन के लिए पट को खोल दिए गए । वही सभी पंडालों में तथा मां की प्रतिमा स्थल पर सुबह से ही माता रानी की पूजन दर्शन के लिए तांता लगा रहा।

## गांधी जयंती पर पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** झारखंड सरकार के आह्वान पर प्रखंड के सातों पंचायत मे गांधी जयंती के अवसर पर पंचायत सचिवालय में सब की योजना सबका विकास अभियान के तहत रविवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक वार्ड सदस्य तथा ग्रामीणों ने भाग लिया । इस दौरान चिनिया प्रखंड के चिनिया मुख्यालय पंचायत के मुखिया जाहेरा बीबी, बरवाडीह पंचायत के मुखिया पम्मी देवी, बिलैतीखैर पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव, डोल पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी, हेताड़ कला पंचायत के मुखिया चिंता देवी, खुरी पंचायत के मुखिया समुद्री देवी, बेता पंचायत के मुखिया



रामेश्वर सिंह, ने ग्राम सभा की अध्यक्षता की इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा मनरेगा एवं 15 वें वित के योजनाओं का चयन किया गया जिसमें सिंचाई पक्की चैनल निर्माण, पीसीसी पथ,गाडवाल, मेढबंदी, तालाब, पीसीसी पथ, मिट्टी मोरम ,सड़क निर्माण जीर्णोद्धार सहित कई योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर पंचायत सेवक राम नाथ सिंह, मनदीप यादव, पवन कुमार, नवल किशोर यादव, सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री बंशीधर नगर में धर्मसभा का किया गया आयोजन

## 2023 में सबके सहयोग से महायज्ञ सफल होगा: प्रताप

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर अंतर्गत स्तरोन्नत हाईस्कूल के प्रांगण में धर्मसभा का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राजा राजेश प्रताप देव द्वारा भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री श्री 1008 श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य पूज्यपाद श्री श्री 1008 श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के तस्वीर के समक्ष पूजन अर्चन कर धर्मसभा का श्री गणेश हुआ। धर्मसभा में उपस्थित धर्मनिष्ठ महानुभावों ने श्री बंशीधर नगर के पाल्हे कला-जतपुरा में 2023 में श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रस्तावित चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए आगामी 8 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में यूपी के बलिया के जाकर सादर आमंत्रित करने व



चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि 1993 के बाद 2023 में पुनः ऐतिहासिक यज्ञ का साक्षी बनने का मौका मिल रहा है। हम सभी अधिक से अधिक संख्या में पूज्य स्वामी जी महाराज को निमंत्रण देने बलिया चलेंगे और यज्ञ की सफलता के लिए तन मन धन से जुटेंगे।

पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव उर्फ राजा बच्चा ने कहा कि पाल्हे कला-जतपुरा के लोगों ने जो भी संकल्प लिया है वह अवश्य पूरा हुआ है। साथ ही नगर गढ़ हमेशा गांव वालों के साथ हमेशा खड़ा रहा है। पूर्व की भांति 2023 में सबके सहयोग से महायज्ञ सफल होगा।

भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव ने 1993 में श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित यज्ञ का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यज्ञ को सफल बनाने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है संकल्प से सभी कार्य पूरे हो जाते है। 2023 में यज्ञ सफल होगा।

अध्यक्षीय उदबोधन में राजा राजेश प्रताप देव ने उपस्थित श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में स्वामी जी महाराज को निमंत्रण देने बलिया चलने और महा यज्ञ की सफलता के लिए तन मन धन से जुट जाने की अपील की।

सभा में अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, राम प्रसाद, रामानन्द पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार सिंह, कन्हैया चौबे, धीरेन्द्र चौबे, रामजन्म पासवान, प्रो बीडी सिंह, कामता प्रसाद, गिरिजा गणेश प्रताप देव, शंभूनाथ शुक्ला, कमलेश्वर पांडेय, ई भुवनेश्वर चौबे, डॉ शशिकांत शुक्ल, मुक्तेश्वर पांडेय, अलख पांडेय, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद, शिवकुमार पांडेय, उपेन्द्र कुमार, अमित शुक्ला, आनंद कमलापुरी, नेहा कुमारी, कामेश पासवान, विजय ठाकुर, शंभू राम आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## गांधी जयंती के अवसर पर डंडई पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** मुखिया धनवंती देवी की अध्यक्षता में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में आप का विकास आपका योजना पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। उसके बाद 2 अक्टूबर से लेकर 30 अक्टूबर तक पंचायत के हर गांव में डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सभा करने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव सुनील कुमार, रोजगार सेवक दिनेश कुमार व सभी वार्ड सदस्यों के साथ साथ बड़ी संख्या में पंचायत के लोगों ने भाग लिया । इससे पहले गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर बारी-बारी से पुष्प अर्पित करने का काम किया गया । मौके पर मुखिया ने वार्ड सदस्य के शिकायत पर उन्होंने कहा कि पूर्व के कालखंड को नहीं देखना है वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर पंचायत का विकास करना है । उन्होंने कहा कि पूर्व के चाहे वार्ड सदस्य हों या मुखिया सभी लोग गरीबों के लिए मिलने वाला आवास को अपने ही घर के लोगों के नाम करने में माहिर थे । पंचायत के बेरिया दामर और ठग मनवा गांव के वार्ड सदस्यों के द्वारा वर्ष 2018 से अब तक एक भी आवास उक्त गांव के लोगों को नहीं मिलने की शिकायत की गई थी । उन्होंने कहा कि पंचायत के कई भ्रष्ट पदाधिकारी व कर्मी को यहां से हटाने के लिए वीडियो के पास शिकायत की गई है। बावजूद अब तक उक्त लोगों को नहीं हटाया गया है । दुर्गोत्सव कार्यक्रम के बाद उक्त लोगों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। मौके पर राजकुमार गुप्ता ,श्रीकांत प्रसाद, प्रमोद कुमार ,नसरुद्दीन अंसारी, मुजाहिद अंसारी, कृष्णा साहू, बजरंगी यादव, मुन्ना राम, प्रमोद सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### पांडेयपुरा में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, 201 कन्याओं ने लिया भाग, भक्ति गीतों में खूब झूमे भक्त

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुरा गांव में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना व कलश यात्रा गाजे बाजे व श्रद्धा भक्ति के साथ धूम-धाम से निकाली गई। बतौर मुख्य यजमान के रूप में राम नारायण प्रसाद सह पत्नी के द्वारा पूजा किया गया। कलश यात्रा के दौरान 201 कन्याओं ने शिव मंदिर प्रागंण से कलश लेकर सालोडीह स्थित गर्मजल कुण्ड पहुंची,जहां गांव के पुरोहित सूर्यदेव उपाध्याय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा कलश में जल भरा गया। जल भरने के बाद पुनः शिवमंदिर पहुंचे और कलशों को स्थापित किया गया। इसके बाद उपस्थित भक्तो के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों में श्रद्धालुओं ने खुब झुमे। भक्ति गीतो से पुरा गांव भक्ति मय हो गया। मौके पर विश्वनाथ प्रसाद, गोविंद प्रसाद, बसंत प्रसाद,श्याम बिहारी प्रसाद, दिलीप प्रसाद, दिनेश प्रसाद,काशी प्रसाद, अशोक प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, केदार प्रसाद, पंकज गुप्ता, महेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बारेसांढ़ व मायापुर पंचायत सचिवालय में मनी महात्मा गांधी की जयंती

**गारू।** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ व मायापुर पंचायत सचिवालय में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण सीओ शंभु राम ने की। राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी की जयंती को साल गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। मौके पर गारू सीओ शंभु राम ने बारेसांढ़ व मायापुर पंचायत सचिवालय में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। राम ने कहा कि यह सभी के लिए शांति,समानता और साम्प्रदायिक सद्भाव के मूल्यों के लिए खुद को पुनः समर्पित करने का अवसर है। देश आज आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव मन रहा है। गांधी जी के सपनो के साकार करने की दिशा में काम करने का है। मौके पर मायापुर मुखिया सुभाष कुमार सिंह,पंचायत सचिव महेश मुंडा,पंचायत समिति सदस्य सिलबानुस कुजूर ग्रामीण पवन कुमार, सत्येंद्र सिंह,पंकज सिंह,दिनेश यादव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट महुआडांड पत्रकार संघ के अध्यक्ष बने वसीम अख्तर

**महुआडांड ।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट महुआडांड इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट लातेहार के जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट झारखंड के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवानंद प्रसाद, वसीम अख्तर, सहजाद आलम, रूषतम खान, तनवीर अहमद (रिंकू) आदि मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट महुआडांड इकाई का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसके उपरांत सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर को झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट महुआडांड पत्रकार संघ का अध्यक्ष वहीं तनवीर अहमद ( रिंकु) को सचिव चयन किया गया। झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट महुआडांड पत्रकार संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत वसीम अख्तर ने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए वे आंदोलन करने में सबसे आगे रहेंगे। वहीं उपस्थित पत्रकारों ने बधाई दी है ।

### गांधी जयंती पर जागरूकता शिविर का कुंदा में हुआ आयोजन

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार गांधी जयंती के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांधी जी के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण किया गया। वहीं उपस्थित पारा लीगल वालंटियर संजय कुमार चौधरी व नरेश कुमार प्रजापति ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कर्म पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इसके साथ ही पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित पंचायत सेवक प्राण राम व रोजगार सेवक शंकर प्रजापति के द्वारा ग्रामीणों को मनरेगा कार्य योजना की जानकारी दी गई। शिविर में उप प्रमुख सतेंदर गुप्ता, वार्ड सदस्य रवी वर्मा, संजय भुइयां समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण व्यवस्था को लेकर पुलिस ने गिद्धौर व पत्थलगडा में किया फ्लैग मार्च

**गिद्धौर/पत्थलगडा(चतरा)।** रविवार को पुलिस द्वारा गिद्धौर व पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लेग मार्च किया गया। गिद्धौर प्रखंड में इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी, बीडीओ संजीत कुमार सिंह, सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी मनोज कुमार के संयुक्त नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च गिद्धौर, गांगपुर सहित अन्य गांवों में निकाली गई। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मनाने में खलल डालने वाले हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, उपद्रवी किसी भी स्थिति में नही बक्से जायेगें। साथ ही लोगों से पूजा शांति पूर्ण मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में पुलिस बल के जवान शामिल थे। वहीं पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में बीडीओ मोनी कुमारी, थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई सुनील कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में फ्लेग मार्च कर पुलिस ने आम लोगों से पूजजा के दौरान शांति व्यवसथा बनाए रखने की अपील की।

### गिद्धौर में राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में रविवार को आरएसएस व भाजपा पार्टी कार्यकताओं ने शस्त्र की पूजा की। सस्त्र पूजा का शुभारंभ मां दुर्गे के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने भारत माता की जय, जय श्री राम, वंदे मातरम सहित अन्य नारे लगाए। शस्त्र पूजा में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, किसान मोर्चा के सुनील राणा, अमीर दांगी, भोला कुमार, जितेंद्र ठाकुर, राजेश दांगी, दशरथ दांगी सहित अन्य शामिल थे।

### गाजे-बाजे के साथ मां बेलभरणी की हुई पूजा

**गिद्धौर(चतरा)।** रविवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरवाडी मंदिर परिसर से रविवार को गाजे बाजे के साथ वेलभरणी मां की पूजा की गई। पुजारियों ने बताया कि पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर वेलभरणी मां के पूज के साथ कालरात्री मां के पूजन उपरांत नव दुर्गे मां की प्राणप्रतिष्ठा की गई। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार, मुखिया निर्मला देवी, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, कपिल कुमार, मनोज कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, निरजन दांगी, कांशी महतो, वैद्यनाथ दांगी, बिनोद ठाकुर, कवींद्र दांगी, प्रकाश दांगी सहित सैंकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

---

## शहीद विक्रम सदहेव अंगार के 30वीं पुण्यतिथि में शामिल हुए श्रम मंत्री, कहा

# शहीद विक्रम के कार्यों को हमेशा याद किया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड के यादव नगर टड़वा में यादव विक्रम सदहेव अंगार के 30वें पूण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सभा में शामिल हुए राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता। इस अवसर पर श्री भोक्ता ने कहा की इनकी लड़ाई केवल जमीनदारो तथा सामंतो के विरूद्ध थी और लोगों को जागरूक किया करते थे। सामंतवादी विचारधारा के आवाज उठाने के कारण उनकी हत्या कर दी गई। आगे कहा की शहीद विक्रम सहदेव यादव अंगार मानव नही एक बल्की विचार घारा थे, उनके द्वारा किये गये कार्यो को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं बिहार के अनुसुचित जाति एवं कल्याण मंत्री ने कहा की सहदेव विक्रम अंगार गांधीवादी विचार के थे और हमेशा कलम में विश्वास रखते थे। दबे-कुचले के आवाज उठाने पर उनके विरोधियो ने गोली मारकर



हत्या कर दिया था। वही मंच पर मौजूद बिहार राजद के महिला प्रकोष्ट के महासचिव सह यादव विक्रम सहदेव की पुत्री मंजू देवी, पूर्व जिप सदस्य सह भाई अरूण यादव, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, टड़वा मुखिया किशोर यादव, राजद अध्यक्ष खेदु यादव समेत दर्जनो लोगो ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सहदेव विक्रम अंगार के पुत्र प्रतिक प्रकाश ने संबोधन करते हुए अपने पिता को श्रृद्धाजंलि देते हुए कहा अपने पिता के बिना जिदंगी अधूरा है आज पिता जी जिंदा होते तो हमलोग उच्चे स्तर पर नौकरी करते। मालूम हो की 2 अक्टुबर 1992 को सामंतवादी विचार धारा के लोग शहीद यादव विक्रम सहदेव अंगार, उसके भाई रामबालक यादव एवं बिनोद प्रजापति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मौके पर एसडीओ मुमताज अंसारी, बीडीओ, जितेन्द्र सार्थक, अशोक प्रजापति, भोला प्रजापति आदि शामिल थे।

### श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा में दुर्गा पूजा समिति द्वारा नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रविवार को माथुर से आई कथा वाचिका पूजा शर्मा शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की प्रस्तुती दी। इस दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा और लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान के जन्म की खुशी पर महिलाओं द्वारा अपने घरों से लगाए गए दीपक से भगवान को आरती लगाई गई। इस अवसर पर पं. पूजा शर्मा ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि मच गई और अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा के दौरान हजाड़ो बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं।

---

# गांधी जयंती पर मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** रविवार को गांधी जयंती पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश सिंह के निदेर्शानुसार मंडल करा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रज्ञा वाजपेई, न्यायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत व जेलर दिनेश वर्मा द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। जेल अदालत में सचिव ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को मुकदमा लड़ने के लिए प्राधिकार की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने का प्रावधान है। इस अवसर पर मासिक लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में



जानकारी दी गई। साथ ही सचिव ने बंदियों को मौलिक अधिकारों के साथ निःशुल्क चिकित्सा सहायता अधिकार के बारे में बताया। इसके अलावे सचिव ने दंड प्रक्रिया संहिता के धारा 436ए प्ली बारगेनिंग और कानूनों के बारे में जानकारी भी दी। इस अवसर पर प्रदीप कुमार साहू को शिष्टाचारी कैदी के रुप में सम्मानीत किया गया। वहीं मोहम्मद साजिद और दिलचंद साव ने महात्मा गांधी एवं देवी गीत की शानदार प्रस्तुत दी। कार्यक्रम में पीएलभी प्रभु कुमार यादव व अन्य शामिल थे।

---

# वैष्णव दुर्गा मंदिर पूजा समिति ने निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ गांव के पांच मुहान चौक में स्थित वैष्णो दुर्गा मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान में आज रविवार नवरात्र की सप्तमी को प्रातः 8:00 बजे मंदिर परिसर से बाजे गाजे एवं बजरंगबली के झंडे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य यजमान प्रमोद प्रसाद,शत्रुघ्न प्रसाद ,उदय प्रसाद सपत्निक के साथ-साथ लगभग 500 श्रद्धालुओं ने अपने माथे पर कलश उठाकर जय माता दी, जय श्री राम का नारा लगाये। कलश यात्रा पांच मुहान चौक से बांग्ला चौक होते हुए ठाकुरपारा स्थित महादेवमड़ा शिव मंदिर के नदी तट पर पहुंची। जहां सभी श्रद्धालुओं ने नावागढ़ के पुजारी संतोष मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अपने-अपने कलश में जल भरकर नावागढ़ गांव का भ्रमण करते हुए साथ ही भक्तिगीत में थिरकते हुवे नावागढ़ बाजारटांड स्थित हनुमान



मंदिर का परिक्रमा कर नावागढ़ मेन रोड होते हुए पुनः वैष्णव दुर्गा मंदिर नावागढ़ पांच मुहान चौक पहुंचकर मंदिर परिसर में कलश को स्थापित किया गया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद एवं शरबत का वितरण किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, वैष्णो दुर्गा मंदिर पूजा समिति के संरक्षक विनोद प्रसाद उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद सचिव प्रमोद प्रसाद शत्रुघ्न प्रसाद कोषाध्यक्ष जयराम प्रसाद सक्रिय कार्यकर्ता वृंदा प्रसाद, संजय पासवान, पारस प्रसाद, सुनील प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

## महासप्तमी पर गंगा पूजन के लिए निकली कलश यात्रा

# हिंदू धर्म में गंगा सप्तमी का खास महत्वः आचार्य

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत ढोढी-मंधैनिया दुर्गा पूजा समिति द्वारा रविवार को गंगा पूजन के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 1001 कन्या एवं महिलाएं शामिल हुई। कलशयात्रा का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी, सिमरिया विधायक किसुन दास, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया मंजित सिंह व मुखिया रामनाथ यादव ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात मां की डोली के साथ कलश यात्रा गांव भ्रमण कर बडका तलाब पहुंचा। जहां आचार्य अरुण कुमार इंद्रगुरु ने विधिविधान से गांगा पूजन कर कलश में जल भरवाया उसके उपरांत दुर्गा मंदिर में कलश



स्थापित किया गया। आचार्य इंद्रगुरु ने बताया की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा मां की पूजा करनी चाहिए। हिंदू धर्म में गंगा सप्तमी का बहुत ही खास महत्व है। मां गंगा मोक्ष प्रदान करने वाली मानी जाती हैं। वहीं जिप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने नगर भ्रमण के दौरान मां की डोली को कंधा दिया और कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज गंगा दशहरा के दिन मां की डोली को कंधा देने का अवसर पूजा समिति ने दिया। पूजा समिति अध्यक्ष बाबुलाल दांगी ने बताया की वर्ष 1980 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा में पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह, रसिक शिरोमणि, रामदहिन सिंह, पूजा समिति के योगेंद्र सिंह, उमेश यादव, धर्मेंद्र दांगी, नीरज दांगी, नेपाल कुमार सिंह आदि शामिल थे।

---

### मनिका के सिंजो पंचायत में मनायी गयी गांधी जयंती



मनिका। प्रखंड स्थित सिंजो पंचायत मे गांधी जयंती मनाई गई। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सबकी योजना सबका विकास के तहत तरह तरह का योजना लिखा गया। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य बलवंत सिंह, मुखिया निर्मला देवी, उप मुखिया सकलदीप यादव, रोजगार सेवक सत्येंद्र यादव , बाड़ी प्रधान कयूम अंसारी, सिंजो प्रधान मुनेश्वर यादव, युवा नेता सागर यादव, सहायक सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवालय में मनी गांधी जयंती




**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में गांधी जयंती मनाई गई ।इस दौरान महात्मा गांधी का तस्वीर पर फूल माला पहनाया गया और तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। वहीं गांधी जी के इतिहास को याद किया गया और उनके नीति सिद्धांत की खूब चर्चा हुई। गांधी जी के जयंती के अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने पेड़ भी लगाए। मौके पर मुखिया नरेश लोहरा सरपंच ममता देवी पंचायत सचिव और कई वार्ड सदस्य उपस्थित रहे ।

---

## नगेसिया किसान समुदाय ने सभा का किया आयोजन, बोले प्रदेश संरक्षक

# समाज को मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** महुआडाड प्रखण्ड में नगेसिया किसान समुदाय के लोगों के द्वारा भारी संख्या में महुआडाड स्थित रामपुर बगिचा से आदिवासी वेशभुषा से सुसज्जित होकर नाच गान करते हुए विरसा चौक, शास्त्री चौंक बाजार होते हुए महुआडाड प्रखण्ड परिसर पर पहुंच कर सभा में तबदील हुआ। वही मंच पर आसीन लोगों को नगेसिया समाज के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही मुख्य अतिथि नगेसिया समाज के प्रदेश संरक्षक महेश्वर बैगा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे महुआडाड प्रखण्ड के स्वतंत्रता सैनानी जीतु किसान का जन्मदिन हैं। उसी के उपलक्ष्य में हमारे नगेसिया किसान जाति के द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वहीं कुछ हामरे नगेसिया



समाज के लोग दूसरों के बहकावे में अपना संस्कार भुल कर दुसरे धर्म को मनाने लगें हैं। वैसे लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पूर्वजों का सम्मान को ठेस पहुचाने का काम किया है। मै वैसे लोगों से अनुरोध करता हूं की वह अपने धर्म पर घर वापसी हो कर नगेसिया समाज को मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें। वही महुआडाड जिला परिषद् सदस्य ऐस्तेला नगेसिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से समाज का एकता मान सम्मान बढ़गी साथ लोगों का विकास भी होगी। आज हमारे पूर्वज स्वतंत्रता सेनानी जीतु किसान कि जन्म 2 अक्टूबर को हुई थी। इस कार्यक्रम प्रखण्ड के चटकपुर, लोध, परेवा, हामी, असनारी, ओरसा, चीरो, परहाटोली, चुटीया, बरदौनी, गडबुढनी, चम्पा समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण उपस्थित होकर एक से बढ़कर एक आदिवासी नाच का आयोजन कर अपनी कला प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरना समाज के अध्यक्ष अजय कुमार उराँव, रामनरेश ठाकुर, बिजय कुमार नगेसिया, महाबीर नगेसिया, उदय नगेसिया, बिनन्द नगेसिया समेत भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

---

# चंदवा के विभिन्न पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** गांधी जयंती के अवसर पर पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त के निर्देश पर सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत कामता, मालहन समेत विभिन्न पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

उपस्थित ग्राम सभा के सदस्यों के बीच पंचायत सेवक ने विषेश ग्राम से संबंधित पत्र को पढ़कर सुनाया एवं लोगों से अपने अपने गांव टोले की डब्लपमेंट के लिए विकास योजनाएं लेने, मनरेगा, पेयजल समेत योजनाएं लेने के सुझाव दिए इसके बाद ग्राम सभा में खराब चापानल जलमीनार को बनाने के लिए सुची सौंपी गई।



वही सड़क, पुल पुलिया, समेत कई योजनाओं को सुचीबद्ध किया गया।

इस अवसर कामता सचिवालय में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, पंचायत सेवक मुकेश कुमार भगत, रोजगार सेवक मुकेश अग्रवाल, पूर्व पंसस फहमीदा बीवी, उप मुखिया सुमन उरांव,मालहन में मुखिया जतरु कुमार मुंडा,उप मुखिया गीता देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

---

## पूर्व की ट्रेनों के ठहराव और अंडर पास की मांग को लेकर किया अनशन

# मांगें पूरी नहीं हुई तो कामकाज होगा ठपः कन्हाई

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** पूर्व की तरह बरवाडीह छिपादोहर और केचकी रेलवे स्टेशन में सवारी, एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और उककमाड मंगरा में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर रविवार को बरवाडीह रेल क्षेत्र अंतर्गत टिकट काउंटर के समीप संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले कन्हाई सिंह के नेतृत्व में अनशन कार्यक्रम की शुरूआत होने के बाद के बाद 5 घंटे तक चली अनशन को डीआरएम के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार की सुबह 10:00 बजे के करीब संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व जेम्सहेरेंज, धीरज कुमार, विवेक सिंह, संतोष यादव, कमलेश सिंह, सत्यम कुमार समेत डेढ़ सौ से अधिक उकामड मंगरा के ग्रामीणों के साथ रेलवे स्टेशन



टिकट काउंटर के बाहर सभी सदस्यों अनशन पर बैठ गए। अनशन पर बैठने वाले सभी साथियों अपने अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिस पर बरवाडीह छिपादोहर में ट्रेनों का ठहराव करना करना होगा, उकामद व मंगरा मैं अंडरपास निर्माण कराना होगा समेत आदि नारे लिखे हुए थे। वही धरना में बैठने को उपरांत अनशन कारियों अपनी मांगों के समर्थन में नारे भी लगा रहे थे। वहीं अनशन की सूचना पर आरपीएफ आरपीएसएफ, स्थानीय

### डीआरएम के आश्वासन पर पांच घंटा बाद अनशन स्थगित

पुलिस काफी संख्या में तैनात थी। वही करीब 4 घंटा चली अनशन के उपरांत रेल प्रशासन स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ,थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, एसडीपीओ दिलु लोहारा, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर अनशन कारियों को मनाने का प्रयास किया लेकिन कन्हाई सिंह डीआरएम को अनशन स्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। अंततः दूरभाष पर धनबाद रेल मंडल प्रबंधक आशीष बंसल से हुई वार्ता के उपरांत एक घंटा तक चली मशक्कत के बाद दोपहर 3 बजे करीब उचित आश्वासन के बाद अनशन कार्यक्रम समाप्त किया गया। वही डीआरएम ने दूरभाष पर अनशन कारियों की मांगों को रेलवे बोर्ड व केंद्र तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और जल्द ही उनकी मांगों पर को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। वही अनशन पर बैठे कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो बरवाडीह स्टेशन के कामकाज को पूरी तरह से ठप करते हैं चक्का जाम किया जाएगा। कार्यक्रम समाप्त होने की घोषणा के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अनशन पर बैठे कन्हाई सिंह को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया । मौके पर प्रखंड पुलिस के सभी अधिकारी आरपीएफ के जवान समेत काफी संख्या में रेल अधिकारी अ नशनकारी उपस्थित थे। वही कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत कन्हाई सिंह के नेतृत्व में रेल अधिकारियों के एक मांग पत्र भी सौंपा गया।

---

# विहिप, बजरंग दल व मातृशक्ति दुर्गावाहिनी ने किया शस्त्र पूजन

### माता दुर्गा की तरह बहनों से भी घरों में शस्त्र रखने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विश्व हिन्दु परिषद व बजरंग दल मातृशक्ति- दुगार्वाहिनी ने रविवार को आश्विन शुक्ल सप्तमी के अवसर पर शस्त्रपूजन किया। लातेहार के अंबाकोठी में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ के प्रांगण में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ कुमार साहू ने माता-बहनों को शस्त्रपूजन एवं दुगार्वाहिनी की स्थापना की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जैसे हमारी दुर्गा माता के हाथों में शस्त्र है, वैसे ही सभी बहनों को भी अपने घर में शस्त्र रखना चाहिए। इस अवसर पर श्रीरामचरित मानस



के सदस्य संतोष अग्रवाल ने सभी बहनों को नवरात्रि की शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन नगर संयोजक नीतीश यादव ने किया। इस कार्यक्रम में प्रकाश अग्रवाल, डा. विनय कुमार, राजू सिंह, मदन प्रसाद, जनार्दन प्रसाद, अंकित कुमार राज, बजरंग दल नगर सह संयोजक हर्ष यादव, नगर मंत्री सौरभ तिवारी, राहुल वर्मा, श्याम गुप्ता, रौशन वर्मा, निखिल पांडेय, जया कुमारी, प्रिया कुमारी, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद ने कुडू में किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**कुडू-लोहरदगा।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने रविवार को जय माता दी दुर्गा पूजा समिति नीचे स्टैंड कुडू पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने दुर्गा माता की पूजा की तथा जिले और देश की खुशहाली और समृद्धि की दुआ मांगी। मौके पर बीडीओ मनोरंजन कुमार, थाना प्रभारी अविनव कुमार, बिस सूत्री सदस्य राकेश कुमार, जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी, गुड्डू लाल और पूजा समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### भंडरा में पूजा पंडालों के खुलते ही उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**भंडरा / लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मां दुर्गा के पंडालों को भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये गये। भंडरा में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा पूजा के लिये निर्मित पंडाल का उद्घाटन थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआई विकास कुमार विश्वकर्मा, राजु शर्मा आदि ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान आकाश यादव, सुरेन्द्र यादव, बैजु साहू, अजीत अग्रवाल, सुरेश साहू आदि उपस्थित थे। भंडरा थाना के समीप भी भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है। इसके अलावे बेदाल, भिठा, मसमानो और भौरो में दो स्थानों पर पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। सभी पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिये भक्तों की भीड़ लगने लगी है। सभी जगहों पर आस्था और उल्लास का माहौल है।

### नेहरू युवा केंद्र ने वाहनों में किया युवा मंडल विकास अभियान सम्मेलन

**बानो।** नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा द्वारा प्रखंड बानो के प्रखंड सभागार में महात्मा गांधी जयंती और युवा मंडल विकास अभियान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बानो प्रखंड के युवा मंडल पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की फोटो पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें याद किया गया।तत्पश्चात रोशन कुमार द्वारा सभी युवा मंडल सदस्यों से युवा मंडल सम्मेलन में युवा मंडल की जरूरत, उसके संचालन, उसके रजिस्टर के रख रखाव, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों, कार्यक्रमों के आयोजन उसमें भागीदारी सहित युवा मंडल से संबंधित अन्य विषयों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में युवाओं को नेहरू युवा केंद्र के आगामी कार्यक्रम के बारे में भी बताया गया। अंत में सभी के द्वारा स्वच्छ भारत 2.0 के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने सूखे कचरे विशेषकर प्लास्टिक को उठाकर जिले को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया। साथ ही सभी से जिले को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी की अपील की गई।

### शौर्य सिमडेगा के तहत नीचे बाजार पेट्रोल पंप में शुरू हुआ कचरा लाइए उपहार पाइए योजना



**सिमडेगा।** नीचे बाजार स्थित पेट्रोल पंप में कचडा लाइए उपहार पाइए योजना की शुरूआत की गई। मौके पर एसडीओ महेंद्र कुमार, बीडीओ अजय कुमार रजक सीओ प्रताप मिंज, नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, वार्ड पार्षद निशा देवी आदि के द्वारा ग्राहकों से कचड़ा लेकर उन्हें उपहार देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने पंप के कार्य के लिए संचालक को बधाई दी और पूरे शहर वासियों से सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की बात कही। इधर पंप संचालक ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर कचड़ा लाओ उपहार पाओ योजना की शुरुआत की गई है। कोई भी व्यक्ति अपने घर या दुकान से कचड़ा लाकर पंप में जमा करेगा तो उसे पेट्रोल डीजल की खरीद पर उपहार दिया जाएगा।

# दुर्गोत्सव के रंग में पूरी तरह रंग चुका है लोहरदगा





- अलौकिक हो गयी है लोहरदगा के पूजा पंडालों की आभा
- पंडाल की बारीक सजावट एवं कलाकारी को देख गदगद हो रहे हैं भक्त

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में मां भगवती दुर्गा के आगमन के बाद से महासप्तमी पर उल्लास का माहौल कायम हो गया है। मां भगवती के धरती पर प्रतिष्ठित होने के साथ ही लोहरदगा के पूजा पंडालों की आभा अलौकिक हो गयी है। शारदीय नवरात्र पर हर भक्त मां की आरती और अगुवानी के लिए दौड़ पड़ा है। शहर की हर गली प्रार्थना का केंद्र बन गयी है। यह क्रम विजयादशमी तक चलेगा। मां की अगुवानी पर पूजा आयोजन समिति द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है। हजारों श्रद्धालु विजयादशमी तक मां के दिव्य रूप के दर्शन करेंगे। यही भक्त एक माह में तैयार हुए पंडाल की बारीक सजावट एवं कलाकारी को देखकर गदगद हो रहे हैं। मां की अगुवानी में जगह-जगह तोरण द्वार सजाने के लिए गेट बने हैं। बिजली चलित प्रदर्शन में बच्चों की रूचि का विशेष ध्यान आयोजक द्वारा रखा गया है। पंडालों के आसपास के माहौल से यही प्रतीत हो रहा है कि लोहरदगा दुर्गोत्सव के रंग में पूरी तरह रंग चुकी है। मां के भक्तों ने शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर रविवार को सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा की। तीन नेत्र वाली देवी कालरात्रि अभय मुद्रा में भक्तों को आशीष दे रही हैं। मान्यता है कि सप्तमी को ब्रह्मांड की सभी सिद्धियों के द्वार खुले रहते हैं। भक्तों ने कष्टों से निवारण एवं सिद्धि हासिल करने की मंगल कामना की। सैकड़ों भक्तों ने मां के स्वरूप को अंतर्मन में स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

**हो रहा है नवाह्न रामायण पाठ :** श्री रामचरितमानस भगवान रामचंद्र का हृदय है। पाठ को नौ दिनों में पूरा करने का विधान है। शहर के गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में श्री राम मंदिर में नवाह्न रामायण पाठ चल रहा है। कई सालो से चली आ रही परंपरा का पालन यहा के वाशिंदे कर रहे हैं।

**विद्युत सज्जा जुगाड़ और परंपरा से, हुनरमंदी की हो रही है वाहवाही :** विद्युत साज-सज्जा में कलाकार बदलते समय के नये तरह के आइटम की प्रस्तुति कर आकर्षण को बरकरार रखने में इस साल भी सफल हुए हैं। पंडाल एवं इसके आसपास विद्युत सज्जा के लिए बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिशियन भी यहां पहुंचे हैं। वह साथ लाये बिजली से तरह-तरह की सजावट वाले फ्रेम को चुनिंदा स्थान पर लगा चुके हैं। सजावट का काम सलीके से करने के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किया। एलईडी लगे फ्रेम को जगह पर लगाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कारीगरों ने अपने देसी ढंग से किया है। बिजली की सजावट के बारीक काम में इन्हें महारत हासिल है। यह सब कुछ उन्होंने जुगाड़ और परंपरा से सीखी है। इसके बावजूद उनकी हुनरमंदी की वाहवाही होती है। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं को लुभाने के लिए थीम पर ध्यान देना जरूरी होता है। पूजा समितियां इन कारीगरों को आकार और पंडाल की आकृति के हिसाब से विद्युत सज्जा के संबंध में बता देते हैं। उसके निर्माण और मजबूती की जिम्मेदारी इलेक्ट्रिशियन, कारीगरों और श्रमिकों की होती है।



### नवरात्र के सातवें दिन, मां महाकाली की पूजा अर्चना हुई, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**नवरात्र** के सातवें दिन रविवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि माता की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों व अपने घरों पर पूजन में जुटे रहे। आचार्य ब्राह्मणों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं का स्थानीय काली मंदिर व अन्य मंदिरों में तांता लगा रहा। रविवार भोर होते ही शहर के हटिया गार्डेन स्थित काली माता मंदिर पहुंचने लगे। सुबह के वक्त मंदिर में दुर्गा सप्तशती तथा मां की स्तुति सामूहिक रूप से की गई तथा भक्तों ने हवन में सामूहिक आहुतियां दीं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे ही श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। काली मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शन किए। यह सिलसिला दोपहर 12 बजे तक अनवरत चलता रहा। सोमवार को देवी मां के दर्शन के लिए बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुषों की भीड़ लगी रही। आचार्य ब्राह्मणों ने बताया कि मां दुर्गा की सातवें स्वरूप कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में काफी भयानक व डरावना लगता है। लेकिन मां कालरात्रि हमेशा शुभ फल देने वाली है। मां कालरात्रि दुष्टों का नाश करने वाली है। राक्षस, दानव, दैत्य व भूत-प्रेत इनके स्मरण से ही भाग जाते हैं। सभी संकट व बाधाओं को दूर करती है।

### तीन दिवसीय जतरा टाना भगत जयंती जतरा सह ग्राम सभा व पड़हा मिलन समारोह आयोजित

## राज्य में पहली कोई सरकार है जो भाषा के आधार पर दे रही नौकरी : डॉ.रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिला के बिशुनपुर में तीन दिवसीय जतरा टाना भगत जयंती जतरा सह ग्राम सभा व पड़हा मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा पड़हा समाज का पारंपरिक स्वशासन और संगठन काफी मजबूत, लोकप्रिय और स्वीकार्य हुआ करता था। पड़हा समाज आपस में अनुशासन बनाए रखने के लिए बैठक कर जनसुनवाई किया करते थे और कोई गड़बड़ी हो तो न्यायोचित फैसला देते थे। जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासियों को अपनी भाषा बचा कर रखना चाहिए, 22 वर्षों में राज्य में पहली कोई सरकार है जो भाषा के आधार पर नौकरी दे रही है, भाषा की जानकारी रखने वाले और ज्ञान वाले लोगों को ही सरकारी नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में विधानसभा चुनाव के समय मैंने कांग्रेस के घोषणापत्र में सरना धर्म कोड लागू होने का वादा किया था और जिसका नतीजा यह हुआ कि आदिवासियों ने भरोसा करके गठबंधन की सरकार को अपना समर्थन दिया और सरकार बनने के बाद ही ईमानदारी पूर्वक हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड विधानसभा से सरना धर्म कोड लागू कर आदिवासियों की धार्मिक पहचान को पूरा करने का काम किया, उन्होंने कहा मुझे पूरी उम्मीद है कि केंद्र की सरकार सरना धर्म कोड को पास करने में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं करेगी। डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासियों को अपनी जमीन बचा कर रखना होगा और इसलिए झारखंड सरकार ने 1932 का खतियान उन्हें दिया है ताकि उनकी जमीन वापसी हो सके।

## भारत स्काउट और गाइड के बच्चे दुर्गा पूजा में ट्रैफिक कंट्रोल करेंगे : एसडीओ

- छात्र ट्रैफिक कंट्रोल करके स्वयं भी सीखेंगे और दूसरों को भी महत्त्व सिखायेंगे : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड के छात्र ट्रैफिक कण्ट्रोल करेंगे और खुद भी सीखेंगे और दूसरों को भी सिखायेंगे की ट्रैफिक कण्ट्रोल का महत्त्व क्या है। इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार लाल ने कहा की भारत स्काउट गाइड के द्वारा स्वयं प्रस्ताव आया था की ट्रैफिक कण्ट्रोल कर सेवा प्रदान करेंगे, इसी के निमित्त आज उन्हें ट्रैफिक कण्ट्रोल की प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा की उच्च विद्यालय के बच्चे को ट्रैफिक कण्ट्रोल में लगाने से इनमे सेवा भावना उत्पन्न होंगी और भविष्य में कहीं भी कोई दुर्घटना होंगी तो सेवा प्रदान कर सकेंगे साथ ही ट्रैफिक के नियम की जानकारी भी प्रैक्टिकल करने से प्राप्त होगा। इस अवसर पर मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी, थाना के अन्य पदाधिकारी तथा नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय लोहरदगा के बच्चे उपस्थित थे।

## मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया बीआईडी, मिशन चौक समेत अन्य पूजा पंडालों का उद्घाटन

### मां दुर्गे की आरती उतारी, मां से कोरोना महामारी से मुक्ति दिलाने का वरदान मांगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में पहुचकर मां दुर्गे का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही इस दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र के बीआईडी स्थित पंडाल, मिशन चौक स्थित पंडाल व बक्शीदीपा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल में विराजमान मां शेरावाली का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने माँ दुर्गा से जग कल्याण के लिए वरदान मांगा। उन्होंने मां से प्रार्थना किया की कोरोना जैसी महामारी से इस संसार को मुक्ति दिलाई। कोरोना महामारी से विश्व त्राहिमाम कर रहा है इससे मुक्ति दिलाए। कहा कि हे मां ऐसी बीमारी फिर कभी नहीं आये ऐसा वरदान दीजिये। हम सब आपके ही बच्चे है। मां करुणामयी होती है। इधर मिशन चौक स्थित मा चंडी नवयुवक संघ दुर्गा पूजा पंडाल में मंत्री रामेश्वर उरांव ने मां की आरती उतारी। पुरोहित रामसेवक पाठक व अन्य के द्वारा पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस मौके पर मंत्री के पीएस संजय दूबे, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद देवेंद्र कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार, पूजा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संतोष महतो, वीर केशरी सिंह, दीपक जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजू अग्रवाल, नंदन अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, रौशन अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, अशोक सिंह, प्रदीप अग्रवाल, बिपिन अग्रवाल, मयंक गोयल, सुनील जायसवाल, पंकज जायसवाल, रामसेवक पाठक, जितेंद्र पाठक, आशुतोष पाठक, उज्जवल बंसल समेत पूजा समिति के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## साइबर क्राइम के खिलाफ पुलिस का जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय में हो रहे पूजा पंडालों के माध्यम से कोलेबिरा पुलिस प्रशासन के द्वारा साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोग ठगी के शिकार से बच सके, इस अभियान को सफल बनाने के लिए कोलेबिरा थाना प्रभारी रामेश्वर भगत पुलिस उप निरीक्षक रंजीत कुमार महतो के साथ अंचलाधिकारी कोलेबिरा हरीश कुमार ने कोलेबिरा के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता पोस्टर लगाया गया साथ ही ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को अपना मोबाइल पर आए ओटीपी पिन सीवीवी कोड आदि साझा ना करें जिससे कि आपके बैंक अकाउंट से कोई साइबर अपराधी पैसा निकाल सके। इस मैसेज को दूसरों से भी साझा करें ताकि वह ठगी के शिकार से बच सकें। साथ ही उन्होंने दुर्गा पूजा को देखते हुए सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से आए आपत्तिजनक मैसेज धार्मिक विरोधी फोटो वीडियो जो व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि से प्राप्त होते हैं उसे बिना सोचे समझे शेयर ना करें। किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक या भड़काऊ मैसेज फोटो मिलने पर तुरंत अपने नजदीकी पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी को सूचित करें। मौके पर अंचलाधिकारी हरीश कुमार, कोलेबिरा थाना प्रभारी रामेश्वर भगत, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो, समाजसेवी विनोद कुमार उर्फ डब्लू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हृदयनाथ पांडे, जनेश्वर बिल्हौर, विक्रांत गोस्वामी, पारसनाथ सिंह, सत्येंद्र शर्मा, दशरथ लोहरा, दीपांकर दास के अलावा पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी.......

## नवपत्रिका प्रवेश के साथ सिमडेगा जिले भर में खुले दुगार्पूजा पंडालों के पट

**विकास साहू**

**सिमडेगा।** शारदीय नवरात्र की महासप्तमी तिथि को जिला मुख्यालय स्थित आठ पूजा पंडालों सहित जिले में 40 से अधिक पूजा पंडालों के पट खोल दिए गए।इसके साथ ही माता के दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हो गया। 2 सालों के कोरोनावायरस बाद इस बार सरकार द्वारा दिए गए छूट के बीच बड़े ही भव्य तरीके से मां जगत जननी की पूजा जिले भर में की जा रही है जहां पर आकर्षक तरीके से सजावट की गई है । 2 वर्षों में सरकार द्वारा कई चीजों पर पाबंदी लगाई गई थी लेकिन इस बार सरकार द्वारा खुली गाइडलाइन मिलने के बाद पूजा पंडाल के सदस्यों के द्वारा भव्य प्रतिमा का निर्माण कराते हुए पूजा की जा रही है जहां पर अलग-अलग तरीके से लोग अपने अपने क्षेत्र के पंडालों को सजा कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने का कार्य कर रहे हैं। सिमडेगा के नीचे बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में यजमान पन्नालाल, पुरोहित आचार्य प्रदीप मिश्रा पूजा आयोजन में लीन हैं। रामनगर पावर हाउस स्थित पूजा पंडाल में पुरोहित पं. सरोज मिश्रा यजमान अशोक रजक एवं अन्य पूजा आयोजन में लोक कल्याण और विश्व कल्याण की प्रार्थना कर रहे हैं। अध्यक्ष मनोज कुमार झा, सचिव अजय दास सहित पदधारी व सदस्य सक्रिय हैं।



**नवज्योति नवयुवक संघ प्रिंस चौक पर हो रही पूजा :** शहर के प्रिंस चौक में माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां पुरोहित और यजमान की भूमिका क्रमश: पंडित श्यामसुंदर मिश्र और अनूप केसरी निभा रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, सचिव विष्णुदेव शर्मा, राजू केसरी, जितेंद्र सोनी, हेमन्त रथ आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कुंज नगर पूजा समिति ने इस वर्ष यहां के मंदिर के भीतर ही पूजा आयोजन किया है। जहां पर विधि विधान के साथ सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया इधर कुंज नगर में पूजा को लेकर भव्य तरीके से विद्युत सजावट की गई है।पूजा स्थल को भगवा ध्वज से सजाया गया है। पुरोहित सतीश पाठक, यजमान रामजी यादव व बैजयंती देवी, सचिव परशुराम साहू, मनीष ,मुकेश, किशोर साहू,दिगंबर सिंह, गोलू, शशिभूषण सिंह, विनोद यादव, अभिषेक सिंह आदि माता की आराधना में लीन हैं।

**भव्य फूलों की सजावट एवं विद्युत रोशनी के बीच ओंकार समिति कर रही माता की आराधना :** ओंकार समिति के द्वारा नगर भवन में माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। पुरोहित कृष्णा मिश्रा, यजमान राकेश सिंह, अध्यक्ष सोनी वर्मा, सचिव आंकित सिन्हा ओमप्रकाश साहू, अर्जुन केसरी, रवि वर्मा, कोषाध्यक्ष शशीकांत, यश गुप्ता, अमित मित्तल आदि की सक्रिय भूमिका है। वहीं सामटोली में भक्तिपूर्ण वातावरण में सादगी के साथ माता की आराधना की जा रही है। अध्यक्ष अवधेश केसरी, सचिव मनोज अग्रवाल सहित काफी संख्या में पदधारी व सदस्य माता की आराधना कर रहे हैं।

**श्रीरामजानकी मंदिर में की गई है आकर्षक सज्जा :** श्री रामजानकी मंदिर में दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष राजस्थानी पैटर्न पर अंदर की सजावट की गई है जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है वहीं बाहरी हिस्से में फूलों की सजावट की गई है और चारों ओर अलग-अलग प्रकार के रंग-बिरंगे पताका के साथ आकर्षक फूलों की लड़ी से सजावट की गई है जो लोगों को मां दुर्गा की प्रतिमा की ओर आकर्षित कर रही है। पुरोहित आचार्य विद्याबंधु शास्त्री और नागेश्वर होता, यजमान पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रदीप अध्यक्ष पवन अग्रवाल, नरेश शर्मा, बंटी अग्रवाल, शंभू शर्मा, मन्ना शर्मा, विष्णु शर्मा, पंकज ठाकुर, विनीत मित्तल, कन्हैया बामलिया ऋषि बोण्डिया विशेष भूमिका निभा रहे हैं। इधर शहर के गुलजार गली स्थित यूथ कंबीनेशन पूजा पंडाल में पुरोहित हरिशंकर झा, यजमान प्रकाश साव और योगेंद्र रोहिल्ला, अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद, सचिव मनीष केसरी व सदस्य पूजा आयोजन में सक्रिय हैं।

**सिमडेगा में 5 को मनेगा दशहरा :** सिमडेगा जिले में दशहरा 5 को आयोजित होगा। दुगार्बाड़ी रांची के निर्णय के अनुसार यहां की समितियों ने भी 5 को ही दशहरा मनाने का निर्णय हुआ है। जिले की दुर्गा पूजा समन्वय समिति के निर्णय के अनुसार यहां रावण दहन 5 अक्टूबर को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया जाएगा जिसको लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है इधर रावण दहन समिति की ओर से भव्य रावण का निर्माण कराया जा रहा है इधर बताया गया कि रावण दहन के दिन ट्रैफिक व्यवस्था भी जिला प्रशासन की ओर से दुरुस्त की जा रही है ताकि लोगों को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो और भव्य तरीके से 2 वर्षों के बाद रावण दहन का कार्यक्रम को संपन्न कराया जा सके । साथ ही बताया गया कि 6 अक्टूबर के दिन मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह :** सिमडेगा जिला मुख्यालय के अलावा सिमडेगा के 10 प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्य तरीके से मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित करते हुए श्रद्धालु बड़े ही धूमधाम से पूजा कर रहे हैं बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूजा को लेकर काफी उत्साह का माहौल है ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंडाल के निर्माण कराते हुए समिति के सदस्यों के द्वारा पूजा की जा रही है कई ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है इसके अलावा अलग-अलग जगहों पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा इधर से लगा के जलडेगा ,बानो ,कुरडेग ,केरसई ,ठेठईटांगर ,कोलेबिरा, पाकरटांड,बोलबा आदि जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा की जा रही है आज महा अष्टमी के मौके पर भव्य आरती एवं पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी जाएगी।

### दुर्गा विंग ने पहली बार जिलास्तरीय डांडिया व गरबा नाइट का हुआ आयोजन

## नारी का सम्मान ही मां दुर्गा की सच्ची पूजा आराधना है : विश्व हिंदू परिषद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन शनिवार रात्रि को मां अंबे दुर्गा पूजा समिति सेन्हा व दुर्गा विंग के संयुक्त तत्वाधान में बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय डांडिया व गरबा नाइट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विहिप जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि पूरे देश मे जगत जननी मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। सभी अपने अपने ढंग से मां की आराधना में लीन है। परंतु हमारी पूजा तभी सफल होती है जब हम नारी का सम्मान करना जानते है। उन्होंने कहा कि हर नारी का सम्मान करना ही सच्ची पूजा है।धर्म प्रचार प्रमुख सतीश पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म में कहा गया है जहाँ नारी का सम्मान होता है वहां देवता बस्ते है। उन्होंने अपने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओ को आगे आने की बात कही। विशिष्ट अतिति सेन्हा अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि डांडिया आज राजस्थान से चल कर अन्य राज्यो में अपनी जगह बना ली है और इसमें महिलाओ की भागीदारी सबसे अधिक है। उन्होंने कार्यक्रम में छोटे बच्चीयों व महिलाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य की सरहाना की।कार्यक्रम में थाना प्रभारी ऋषिकांत कुमार लोहरदगा थाना प्रभारी मनीता महतो समाजसेवी ब्रजबिहारी प्रसाद उमेश कांस्यकार ने अपने विचार रखे। मौके पर बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह रंजीत साहू दक्षित आर्यन प्रशिक्षक सत्य कुमार सचिन कुमार जोधनायन साहू अजय सोनी विजय सोनी रविंदर साहू केदार नाथ साहू आदि उपस्थित थे। सेन्हा में पहली बार दुर्गा विंग के द्वारा जिलास्तरीय डांडिया व गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो बच्चे बच्चीयों व महिलाओ एवं दम्पतियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को लजीज भोजन भी वितरण किया गया। इस कार्य को सजाने व सवारने में दुर्गा विंग के राखी कुमारी तानिया कुमारी तमन्ना कुमारी रिया कुमारी शिल्पी कुमारी सृष्टि कुमारी शिवानी कुमारी रोहन कुमार गौरव कुमार रंजन कुमार धनराज वर्मा शिवा कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम में प्राची सोनी को आकर्षक झांकी के लिए पुरस्कृत किया गया वही बेहतर नृत्य के लिये सोआली सिकदर दीक्षित आर्य तान्या सोनी पूजा सोनी एवं दक्षिता कुमारी को पुरष्कृत किया गया। कार्यक्रम को लेकर एक माह से प्रशिक्षक सचिन कुमार व सत्यम कुमार के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षत किया जा रहा था।

## न्यूज गैलरी

### केएफसी का सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देने का अभियान

नयी दिल्ली। फास्टफूड रिटेल नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी केएफसी ने अपने रेस्त्रां में आने वाले ग्राहकों में सांकेतिक भाषा ( साइन लैंग्वेज) के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्पीकसाइन अभियान की शुरू की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि केएफसी इंडिया 2008 से ही बोलने व सुनने में अक्षम लोगों को सशक्त कर रही है। अभी कंपनी से जुड़े सदस्यों में 150 से ज्यादा सदस्य दिव्यांग हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के मौके पर कंपनी ने 19 शहरों में 33 स्पेशल केएफसी रेस्तरां (जहां दिव्यांग सदस्य रेस्तरां का संचालन करते हैं) में स्पीकसाइन अभियान को शुरू किया है, जहां ग्राहकों एवं अन्य सभी सदस्यों को सांकेतिक भाषा में संवाद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। केएफसी क्षमता के साथ ब्रांड ने स्पेशल केएफसी रेस्तरां की संख्या को दोगुना करने और अपने रेस्तरां में महिला कार्यबल को 2024 तक दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अपनी इस प्रतिबद्धता को अपने रेस्तरां से आगे बढ़ाते हुए ब्रांड ने इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) से ह्यप्रिंसिपल स्पॉन्सरह्न के रूप में जुड़ने के लिए साझेदारी की है, जिससे देश में डीफ क्रिकेट को ज्यादा से ज्यादा लोग देखेंगे और इस खेल का विस्तार होगा।

### नहीं रहे सुजलॉन एनर्जी के संस्थापक तुलसी आर तांती

नयी दिल्ली। देश में नवीनीकरण ऊर्जा के जनक कहे जाने वाले सुजलॉन एनर्जी के संस्थापक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तुलसी आर तांती का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। श्री तांती को कल कार्डियक अरेस्ट हुआ और उसी दिन उनका निधन हो गया। श्री तांती अहमदाबाद से पुणे जा रहे थे तभी उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा है कि इस कठिन समय में कंपनी को अपने अत्यधिक अनुभवी निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन का समर्थन प्राप्त है जो श्री तांती की विरासत को आगे ले जाने तथा कंपनी के लिए उनके दृष्टिकोण को साकार करने में सक्षम और प्रतिबद्ध हैं। श्री तांती का जन्म 1958 में गुजरात के राजकोट में हुआ था। उन्होंने 1995 में ऐसे समय में पवनचक्की बनाने वाली इस कंपनी की स्थापना की थी जब इस क्षेत्र में विदेशी कंपनियों का दबदबा था। सुजलॉन के विकास के पीछे श्री तांती प्रेरक शक्ति थे। उनके दृष्टिकोण और रणनीतिक कौशल ने सुजलॉन को बदल दिया तथा ऊर्जा क्षेत्र में एक ग्लोबल पावरहाउस बना दिया है। अक्षय ऊर्जा पर एक विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञ, तांती ऊर्जा के क्षेत्र में स्थायी व्यवसाय और एक स्थायी दुनिया बनाने में विश्वास करते थे।

### हीरो ने सितंबर में बेचे 5,19,980 वाहन


नयी दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने मासिक आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सितंबर 2022 में 5,19,980 वाहनों की बिक्री की। कंपनी ने इससे एक माह पूर्व अगस्त में 4,62,608 वाहन बेचे थे। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सितंबर 2022 में घरेलू बाजार में 5,07,690 वाहन बेचे गए जबकि 12,290 वाहनों का निर्यात हुआ। हीरो मोटोकॉर्प ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 28 लाख से अधिक वाहन बेचे। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-सितंबर 2022 की अवधि में कंपनी ने 14.42 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28,18,361 वाहन बेचे जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 24,63,130 वाहन बेचे थे।

### रूस की कॉपर कंपनी भारत का अक्षय ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने में करना चाहती है मदद

नई दिल्ली। रूस की सबसे बड़ी कॉपर डिपॉजिट उडोकन कॉपर भारत में कारोबार करने में काफी दिलचस्पी ले रही है। उडोकन कॉपर साल 2023 में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना बना रही है। एशियाई बाजारों पर उडोकन कॉपर बड़ा दांव खेलने में जुटी है। उडोकन कॉपर के चेयरमैन एरकोझा एकिलबेक ने कहा है कि वह भारत में कारोबार करने में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि दुनिया में उडोकन कॉपर के पास सबसे बड़ा कॉपर डिपाजिट है। उडोकन के पास 27 मिलियन टन के कॉपर रिसोर्सेज हैं। अगर मार्केट प्राइस के हिसाब से बात करें तो कॉपर का इस समय बाजार भाव $7700 प्रति टन है। इसका मतलब है कि उडोकन के पास जो रिसोर्स उपलब्ध है उसके हिसाब से उसकी वैल्यू 200 अरब डॉलर पर पहुंच सकती है ।यह बहुत साधारण बात नहीं है क्योंकि उडोकन मेटल की प्रोसेसिंग और बिक्री पिछले 40 साल से कर रही है। अगर उडोकन कॉपर की एक्सपर्टाइज के हिसाब से बात करें तो उसका अब तक का वॉल्यूम 0.4 मिलियन टन सालाना रहा है।

# भारत में बिजली खपत सितंबर में 13.31 प्रतिशत से बढ़कर 127.39 अरब यूनिट रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की बिजली खपत सालाना आधार पर 13.31 प्रतिशत बढ़कर सितंबर में 127.39 अरब यूनिट हो गई जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में इसमें 11.65 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। बिजली मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक सितंबर 2021 में 112.43 अरब यूनिट की खपत हुई थी जो इस साल सितंबर में बढ़कर 127.39 अरब यूनिट हो गई। सितंबर 2020 में यह आंकड़ा 112.24 अरब यूनिट रहा था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 के पहले छह महीनों में बिजली की खपत 786.5 अरब यूनिट रही है जो



एक साल पहले की समान अवधि के 740.40 अरब यूनिट की तुलना में 11.65 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान देश में 625.33 अरब यूनिट बिजली की खपत हुई थी। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर के महीने में एक दिन में सर्वाधिक बिजली मांग बढ़कर 199.47 गीगावाट हो गई। एक साल पहले इसी महीने में एक दिन में 180.73 गीगावाट की सर्वाधिक मांग दर्ज की गई थी। बिजली क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि त्योहारी मौसम शुरू होने के पहले सितंबर महीने में बिजली खपत में दहाई अंकों की वृद्धि से औद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में बिजली की बढ़ी हुई मांग का संकेत मिलता है। यह आर्थिक पुनरुद्धार की तरफ इशारा करता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, त्योहारी मौसम में बिजली की मांग और खपत दोनों में ही वृद्धि होने की संभावना है।

## प्लास्टिक सकुर्लेटरी पर जागरूकता पैदा करने के लिए प्लॉग रन का आयोजन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज पेप्सिको इंडिया ने गैर सरकारी संगठन द सोशल लैब के साथ मिल प्लॉग रन का आज राजधानी में आयोजन किया। सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' और 'स्टे फिट इंडिया' अभियानों के अनुरूप इस कार्यक्रम को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में रवाना किया गया है। प्लॉग रन 2022 प्लास्टिक सकुर्लेटरी पर जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ती है। इसका उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और अपने इच्छित जीवनकाल से परे प्लास्टिक के उपयोग को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम में पेप्सिको इंडिया के कर्मचारियों सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने जॉगिंग की और साथ ही साथ इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक कचरे को उठाया। प्लॉग रन में दिल्ली विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय सहित अन्य प्रमुख स्थानीय विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया।

इस रन को लेकर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा, हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि स्वच्छ भारत दिवस मनाने और एक महत्वपूर्ण पहल में शामिल होने के लिए पूरा शहर एक साथ आया है, जो 'स्वच्छता ही सेवा' और 'स्टे फिट इंडिया' पर जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर बोलते हुए पेप्सिको इंडिया की मुख्य सरकारी मामले और संचार अधिकारी गरिमा सिंह ने कहा, प्लॉग रन 2022, न केवल प्लास्टिक जागरूकता के दृष्टिकोण में अद्वितीय है, बल्कि भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' अभियानों के साथ भी जुड़ा हुआ है।

## 5जी देश के समृद्ध भविष्य का पथ प्रदर्शक मानचित्र है : सीओएआई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मोबाइल दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों के संघ सीओएआई ने शनिवार को कहा कि 2025 तक भारत को 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने के लक्ष्य के साथ, 5जी हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास और भविष्य की समृद्धि का रोड मैप (पथ-प्रदर्शक मानचित्र) है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही राजधानी में भारतीय दूरसंचार सेवा एवं प्रौद्योगिकी उद्योग के शीर्ष सम्मेलन इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी)2022 में देश में 5जी सेवाओं की शुरूआत की घोषणा की और इस पर आधारित कुछ तकनीकी प्रदर्शनों का स्वयं अनुभव लिया। सीओएआई के महानिदेशक डॉ एसपी कोचर ने एक बयान में इसके लिए श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ह्य 5जी नए युग की तकनीकों जैसे इंटरनेट ऑफ दी थिंग्स (आईओटी), मोबाइल टू मोबाइल (एम2एम) लर्निंग, ड्रोन, कंप्यूटरीकृत निगरानी और बिग डेटा एनालिटिक्स के साथ एकीकरण करके विनिर्माण, स्वास्थ्य देखभाल और संवर्धित मनोरंजन से लेकर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं




तक प्रत्येक क्षेत्र के लिए नए रास्ते खोलेगा। उन्होंने कहा कि हम भारत में लंबे समय से प्रतीक्षित 5जी लॉन्च को लेकर उत्साहित हैं। टेलीकॉम ऑपरेटर हाई-स्पीड सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार हैं जो उपभोक्ता अनुभव को बदलने के लिए तैयार हैं। डॉ कोचर ने कहा,"भारत के आर्थिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखने वाले लोगों और व्यवसायों के लिए अवसर पैदा करने के मामले में हम एक बहुआयामी प्रभाव देखेंगे। 2025 तक 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने के लक्ष्य के साथ, 5जी हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास और भविष्य की समृद्धि का रोड मैप है।

### त्योहारी मौसम में उपभोक्ता अधिक खर्च करने के लिए तैयार: विश्लेषण

**नई दिल्ली।** महामारी से उबरने के बाद भारत के उपभोक्ताओं ने त्योहारों के मौसम में अधिक विवेकाधीन उत्पादों की खरीदारी करने की मंशा जताई है। एक विश्लेषण में यह अनुमान जताया गया है। डेलॉयट के ह्यग्लोबल स्टेट ऑफ कंज्यूमर ट्रेकर' विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय उपभोक्ता यात्रा और होटल में ठहरने पर अधिक खर्च करने को तैयार हैं। वे अगले छह महीनों में नया या पुराना वाहन खरीदने के बारे में भी सोच रहे हैं। डेलॉयट ने एक बयान में इस सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए कहा, मुद्रास्फीति की चिंताओं के बावजूद अगले चार सप्ताह में विभिन्न आयु वर्गों और सभी श्रेणियों में सुनियोजित खर्च बढ़ेगा।" उपभोक्ता कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, गृह साज-सज्जा, मनोरंजन और यात्रा पर खर्च करना चाहते हैं जो आगामी त्योहारों को देखते हुए एक सकारात्मक रूझान है।

## अक्टूबर महीने के दौरान कुल 21 दिन बंद रहेंगे बैंक, आरबीआई ने जारी की छुट्टियों की सूची




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर महीने के लिए बैंक की छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। आरबीआई की छुट्टियों के कैलेंडर के मुताबिक, बैंक इस महीने के दौरान कुल 21 दिन बंद रहेंगे। इनमें महीने के सभी रविवार और दूसरे और चौथे शनिवार शामिल हैं। केंद्रीय बैंक हर महीने के लिए छुट्टियों की सूची तैयार करता है। इन छुट्टियों को तीन कैटेगरी के तहत नोटिफाई किया जाता है। ये तीन कैटेगरी- नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, हॉलिडे, रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट हॉलिडे और बैंक्स क्लोजिंग ऑफ अकाउंट्स हैं। देश में बैंक कुछ क्षेत्रीय त्योहारों पर भी बंद रहेंगे, जिनमें दुर्गा पूजा, करवा चौथ और दीपावली शामिल हैं। आरबीआई की छुट्टियों के कैलेंडर के मुताबिक, अक्टूबर में बैंकों में क्षेत्रीय छुट्टियों की वजह से 15 दिन तक कोई कामकाज नहीं होगा। इसलिए, आप बैंक से जुड़ा अपना सभी कामकाज उसी के मुताबिक प्लान करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि इन छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग और यूपीआई जैसी सुविधाओं पर बैंक की ब्रांचों के मुताबिक बंद होने के बावजूद कोई असर नहीं पड़ेगा।

**दशहरा के मौके पर किस राज्य में किस दिन छुटी**

2 अक्टूबर - गांधी जयंती, 3 अक्टूबर - दुर्गा पूजा (महा अष्टमी) की वजह से सिक्किम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, केरल, बिहार और मणिपुर में बैंक बंद रहेंगे। 4 अक्टूबर - दुर्गा पूजा (दशहरा)/ शंकरदेव के जन्मोत्सव की वजह से कर्नाटक, उड़ीसा, सिक्किम, केरल, बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, असम, बिहार और मेघालय में बैंक कर्मियों की छुट्टी रहेगी। 5 अक्टूबर - दुर्गा पूजा (दशमी)/ शंकर देव जन्मोत्सव की वजह से मणिपुर को छोड़कर देशभर के बैंक बंद रहेंगे। 6 अक्टूबर - दुर्गा पूजा की वजह से गंगटोक में बैंक बंद रहेंगे। 7 अक्टूबर - दुर्गा पूजा की वजह से गंगटोक में बैंक बंद रहेंगे।

## एलआईसी के पास अब सरकारी ऑयल कंपनी के 19 करोड़ से ज्यादा शेयर, बीमा कंपनी ने बढ़ाई हिस्सेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने सरकारी कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में 2 पर्सेंट से ज्यादा की हिस्सेदारी खरीदी है। एलआईसी के पास अब बीपीसीएल के 19,61,15,164 शेयर हो गए हैं। इससे पहले बीमा कंपनी के पास सरकारी रिफाइनरी कंपनी के 15,25,08,269 शेयर थे। एलआईसी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया है कि सरकारी कंपनी बीपीएलएल में उसकी हिस्सेदारी बढ़कर अब 9.047 पर्सेंट हो गई है, जो कि पहले 7.03 पर्सेंट थी। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का मार्केट कैपिटलाइजेशन 67301 करोड़ रुपये है। कंपनी क्रूड ऑयल की रिफाइनिंग और पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स की मार्केटिंग करती है। एलआईसी का कहना है कि 28 दिसंबर 2021 से 26 सितंबर 2022 के पीरियड में कंपनी ने बीपीसीएल में अपनी




2 पर्सेंट से ज्यादा हिस्सेदारी बढ़ाई है। बीमा कंपनी ने 336.43 रुपये प्रति शेयर की एवरेज कॉस्ट पर ओपन मार्केट से यह शेयर खरीदे हैं। मार्केट रेगुलेटर सेबी के नॉर्म्स के मुताबिक, लिस्टेड कंपनियों को 2 पर्सेंट से ज्यादा की शेयरहोल्डिंग का खुलासा करना होता है। एलआईसी के शेयर 27 सितंबर 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 0.28 पर्सेंट की गिरावट के साथ 629.05 रुपये पर बंद हुए हैं। वहीं, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयर 1.85 पर्सेंट की तेजी के साथ 310.65 रुपये पर बंद हुए हैं। बीपीसीएल के शेयरों ने 1 नवंबर 1996 के बाद से अब तक 1200 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न लोगों को दिया है। वहीं, पिछले 1 साल में बीपीएल के शेयरों में करीब 28 पर्सेंट की गिरावट आई है। इस साल अब तक कंपनी के शेयर करीब 20 पर्सेंट लुढ़क गए हैं।

### ऐसा क्या है जो म्यूचुअल फंड्स को बनाता है वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर निवेश विकल्प

नई दिल्ली। म्यूचुअल फंड आमतौर पर निवेश के एक अच्छे विकल्प के रूप में देखे जाते हैं। यहां आपका पैसा एक पेशेवर फर्म या एक्सपर्ट मैनेज कर रहा होता। आपको इस बात की चिंता नहीं करनी होती कि आप कहां पैसा लगाएं और कहां न लगाएं। ये काम आपके आपका फंड मैनेजर करता है। दूसरी बात कि आपको म्यूचुअल फंड से रिटर्न काफी अच्छा मिलता है। ये थोड़ा रिस्की जरूर होता है लेकिन रिटर्न के मामले में ये अच्छे-अच्छे निवेश विकल्पों को पीछे छोड़ देता है। आप इसमें एकसाथ भी पैसा लगा सकते हैं और एसआईपी भी शुरू कर सकते हैं। यानी म्यूचुअल फंड फ्लेक्सिबल निवेश विकल्प भी होते हैं। लाइव मिंट में छपे एक लेख में फिनटू की सीएफपी निधि मनचंदा कहती हैं।

## तेलंगाना में आठ वर्षों में आया 2.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश: मंत्री

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के उद्योग मंत्री के टी रामाराव ने कहा है कि राज्य ने पिछले आठ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार अनुकूल नीतियों और माहौल के कारण 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और शहरी विकास मंत्रालय का भी दायित्व संभाल रहे राव ने राज्य की निवेश नीतियों पर एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा, ₹हमने पिछले आठ वर्षों में 'टीएस आईपास' के जरिए 20,000 से अधिक मंजूरियां (व्यावसायिक प्रस्तावों के लिए) दी हैं। इनसे 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होने के साथ 16 लाख प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए।₹ राव ने कहा कि टीएस आईपास या तेलंगाना राज्य औद्योगिक नीति के तहत एक निवेशक को 15 दिनों के भीतर सभी मंजूरी दी जाती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी निवेशक को तेलंगाना सरकार से कोई संदेश नहीं मिलता है तो उसका निवेश प्रस्ताव स्वीकृत माना जाता है और इस देरी के लिए संबंधित अधिकारी पर जुमार्ना लगाया जाता है। राव ने कहा कि आईटी, फार्मा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों ने पिछले आठ वर्षों में जबरदस्त विकास दिखाया है। तेलंगाना में काम कर रही कंपनियों की संख्या पर एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा, हम टीका विनिर्माण के मामले में दुनिया के सबसे बड़े केंद्र हैं। हम भारत में 35 से 40 प्रतिशत दवा सबंधी उत्पादों का उत्पादन करते हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी एक अहम केंद्र है।

## सितंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 7,600 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिजनेस डेस्कः दो महीने तक शुद्ध लिवाल रहने के बाद विदेशी निवेशकों ने सितंबर में फिर से बिकवाली पर जोर दिया और भारतीय शेयर बाजारों से 7,600 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी कर ली। इसके साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने कैलेंडर वर्ष 2022 में अब तक भारतीय बाजारों से कुल 1.68 लाख करोड़ रुपए की निकासी की है। जानकारों का मानना है कि आने वाले महीनों में भी एफपीआई की गतिविधियों में उतार-चढ़ाव का सिलसिला कायम रहने की संभावना है। उन्होंने इसके लिए वैश्विक कारकों के अलावा घरेलू कारणों को भी जिम्मेदार माना है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, ₹मौजूदा वैश्विक मुद्रास्फीति




के बीच ब्रिटिश सरकार की राजकोषीय नीतियों ने वैश्विक मुद्रा बाजार पर गहरा असर डाला है और इक्विटी बाजारों में भी जोखिम से दूर रहने की धारणा बनी है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान में आंशिक गिरावट के अलावा ईंधन से संबंधित कुछ चिंताएं भी हैं। डिपॉजिटरी आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने सितंबर में 7,624 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की है। इसके पहले अगस्त में उन्होंने भारतीय बाजार में 51,000 करोड़ रुपए और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपए मूल्य की शुद्ध खरीदारी की थी। हालांकि उसके पहले लगातार नौ महीनों तक एफपीआई भारतीय बाजारों में शुद्ध बिकवाल बने हुए थे। अक्टूबर 2021 से लेकर जून 2022 के दौरान एफपीआई ने भारतीय बाजारों से निकासी ही की। जहां तक सितंबर 2022 का सवाल है तो एफपीआई ने इस महीने की शुरूआत सकारात्मक अंदाज में ही की थी। मॉर्निंगस्टार इंडिया के सह निदेशक-शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, बाद में रुपए की कीमत में आ रही गिरावट और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने एवं फेडरल रिजर्व की ब्याज दर बढ़ने जैसे कारणों से विदेशी निवेशकों के बीच निराशावादी धारणा हावी होती गई।


> ■ अगस्त में उन्होंने भारतीय बाजार में 51,000 करोड़ रुपए और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपए मूल्य की शुद्ध खरीदारी की थी।

### फोर्ड के चेन्नई कारखाने के कर्मचारियों को मुआवजा पैकेज पर बनी सहमति

**चेन्नई।** अमेरिकी कार विनिमार्ता फोर्ड की भारतीय इकाई ने चेन्नई से सटे अपने कारखाने के कर्मचारियों के साथ मुआवजा पैकेज पर बातचीत पूरी हो जाने की शनिवार को घोषणा की। फोर्ड इंडिया ने एक साल पहले ही अपनी पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत भारतीय बाजार से अपना कारोबार समेटने का ऐलान किया था। कंपनी ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उसके कायाकल्प अधिकारी बालसुंदरम राधाकृष्णन ने 2,592 कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन चेन्नई फोर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को नया मुआवजा समझौता सौंप दिया है। राधाकृष्णन ने कहा, फोर्ड प्रबंधन और कर्मचारी संगठन के बीच मुआवजा समाधान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह एक मील का पत्थर है और इसमें सभी पक्षों की जीत हुई है।

## वैश्विक रुख और वाहन बिक्री आंकड़ों का शेयर बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई (एजेंसी)।** महंगाई को नियंत्रित करने के लिए दुनिया भर में ब्याज दर में हुई बढ़ोतरी के दबाव में बीते सप्ताह 1.2 प्रतिशत तक टूटे शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का समर्थन और वाहन बिक्री के आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 672 अंक यानी 1.2 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत 57426.92 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 233 अंक टूटकर 17094.35 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली हावी रही। मिडकैप 417.45 अंक की गिरावट लेकर 24853.94 अंक और स्मॉलकैप 359.85 अंक उतरकर 28452.91 अंक पर रहा। निवेश सलाह देने वाली कंपनी स्वास्तिका इंवेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही लेकिन शुक्रवार की तेज रिकवरी की बदौलत निफ्टी 17,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर बंद हुआ। भारतीय अर्थव्यवस्था के आंकड़े अभी भी मजबूत हैं और रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीति के तटस्थ रहने से निचले स्तरों से कुछ खरीदारी और



शॉर्ट कवरिंग देखी गई। वहीं, वैश्विक संकेत बिल्कुल भी सहायक नहीं हैं। अमेरिकी शेयर बाजार 52-सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया। हालांकि डॉलर इंडेक्स थोड़ा नरम हुआ है। ऐसे में घरेलू बाजार में शुक्रवार की लौटी तेजी को जारी रखने के लिए वैश्विक बाजारों से कुछ समर्थन की जरूरत है। अगले सप्ताह भू-राजनीतिक स्थिति, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आंकड़े, डॉलर सूचकांक की दिशा और बॉन्ड यील्ड का वैश्विक बाजार की दिशा निर्धारित करने वाले महत्वपूर्ण कारक होंगे।

सम्पादक की कलम से...

# त्योहारों में चौकसी आवश्यक

**इस बार दशहरा, दीपावली, छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व अक्टूबर में मनाये जा रहे हैं। ऐसे में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट है। संवेदनशील जिलों में विशेष चौकसी बरतने का आदेश दे दिया गया है। ऐसे मौके पर यह देखा जाता है कि असामाजिक तत्व अराजकता फैलाकर भय का वातावरण पैदा करते हैं। झारखंड में धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर माहौल को खराब करने की कोशिश पिछले दिनों रांची, धनबाद और हजारीबाग जैसे शहरों में हो चुकी है। धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा कर शहर के अमन-चैन में खलल डालने की कोशिश की गयी । लगातार आ रहे मामलों को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने इलाकों के संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। यह सही है कि हाल के दिनों में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा कर माहौल को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया है, हालांकि पुलिस इन मामलों को लेकर सतर्क थी, इसलिए समय रहते मामले को शांत करवा लिया गया। ऐसे में असामाजिक तत्वों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए हर तरह की कोशिश होनी ही चाहिए। तभी समाज में भाईचारे का माहौल बना रहेगा। प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हालांकि देखने को मिल रहे हैं। यह अच्छी बात है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिये संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर नजर रखने की जरूरत है। खासकर, वैसे धार्मिक स्थल जो बेहद संवेदनशील हैं, वहां पर त्योहारों के दौरान विशेष नजर रखी जाये। स्पेशल ब्रांच में कई संवेदनशील स्थानों पर स्थित धार्मिक स्थलों की सूची बनाकर पुलिस अधीक्षकों को सौंपी गयी है जहां कोई भी गड़बड़ी होने पर माहौल खराब हो सकता है। स्पेशल ब्रांच के द्वारा वैसे असामाजिक तत्वों की लिस्ट की गयी है जो इस तरह के कृत्यों में शामिल रहे हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार वैसे सभी तत्व जो पूर्व में भी इस तरह के कांडों में शामिल रहे हैं उनके थाना हाजिरी का निर्देश सभी जिलों के एसपी को दिया गया है। साथ ही जो स्पेशल ब्रांच के द्वारा असामाजिक तत्वों की सूची सौंपी गयी है उनके खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। वैसे शहर रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग इज्यादि हैं। यहां पूर्व में भी माहौल खराब करने की पूरी कोशिश की गयी है। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया है कि एक तरफ तो पुलिस धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहे, साथ ही सूचना संकलन पर भी विशेष ध्यान दे। धार्मिक स्थलों को लेकर मैनुअल इनपुट लेना बेहद जरूरी है। इसके लिये पुलिस चौकीदारों की मदद भी ले सकती है। पिछली घटना को लेकर लोग आक्रोशित हो गये थे और सड़कों पर उतर आये थे। यही वजह है कि आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है ताकि धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर किसी भी तरह से शहर के माहौल को खराब करने की कोशिश को नाकाम किया जा सके।**

## आज का इतिहास

**1999 :** सुकर्णो पूत्री मेघावती इंडोनेशिया की उप-राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**2005 :** सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पाकिस्तान की मुख्तारन माई को 'वूमेन ऑफ द इयर' चुना गया।
**2012 :** सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब जीता।
**2012 :** बॉलीवुड के रोमांस किंग कहे जाने वाले यश चोपड़ा का निधन हुआ।
**2013 :** कनाडा की संसद ने मलाला युसुफजई को कनाडा की नागरिकता प्रदान की।
**2014 :** प्रसिद्ध पैरालम्पिक धावक आस्कर पिस्टोरियोस को अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकेंप की हत्या के लिये पांच साल की कैद की सजा।
**1568 :** अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
**1740 :** मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।
**1774 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बनी।
**1880 :** एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
**1577 :** गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
**1855 :** गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, और चरित्र लेखक गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म।
**1904 :** चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।
**1905 :** रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरूआत हुई।
**1920 :** पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय का जन्म।
**1930 :** भारत में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म।
**1946 :** वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
**1947 :** अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।
**1962 :** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ।

# बिना खिले मुरझाने लगे मासूम

> गरीबी ऐसी बीमारी है जो मासूम बच्चों से उनका बचपन छीन लेती है। उन्हें समय से पहले समझदार बना देती है। महिला के बारह-तेरह वर्ष के बेटे से घर की तंगहाली देखी नहीं गई। वह विद्यालय की छुट्टी होने के बाद कोई काम-धंधा करके अपनी कमाई से घर में सहयोग देना चाहता था। महिला अपने बेटे को इसीलिए साथ लेकर आई थी कि उसे कहीं काम पर लगवा दिया जाय। बाल श्रम निषेध व नियमन अधिनियम, 1986 और संशोधित अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के मुताबिक चौदह वर्ष से कम आयु वालों को रोजगार पर रखना कानूनन गलत है। रोजगार देने वालों को छह माह से दो वर्ष तक की कैद और बीस हजार से लेकर पचास हजार रुपए तक जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है।

उसने बताया कि पति के इलाज, बच्चों की पढ़ाई, किराया समय पर न दे पाने पर मकान मालिक द्वारा मकान खाली करने की धमकी जैसी समस्याओं से वह दो-चार है। उसका तात्कालिक समाधान तो निकाला गया, लेकिन यह कोई स्थायी उपाय नहीं था। उसका पति शहर के मुख्य मार्ग के एक किनारे फल-सब्जी का ठेला लगाता था। उसकी आमदनी से घर खर्च चल रहा था, लेकिन मुख्य मार्गो को चौड़ा करने के लिए प्रशासन की ओर से ठेलों को वहां से हटाने का निर्णय लेकर उन्हें ऐसी जगह ठेले लगाने के आदेश दिये गये, जहां ग्राहकों का आवागमन नाममात्र का था। नई जगह पर बहुत कम ग्राहकों के आने से घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया। फल-सब्जी के जमे-जमाये काम को छोड़ कर वह मजदूरी करने को विवश हो गया। उसके बाद तंगहाली से मजबूरी में महिला भी कुछ घरों में साफ-सफाई का काम करने लगी। गरीबी ऐसी बीमारी है जो मासूम बच्चों से उनका बचपन छीन लेती है। उन्हें समय से पहले समझदार बना देती है। महिला के बारह-तेरह वर्ष के बेटे से घर की तंगहाली देखी नहीं गई। वह विद्यालय की छुट्टी होने के बाद कोई काम-धंधा करके अपनी कमाई से घर में सहयोग देना चाहता था। महिला अपने बेटे को इसीलिए साथ लेकर आई थी कि उसे कहीं काम पर लगवा दिया जाय। बाल श्रम निषेध व नियमन अधिनियम, 1986 और संशोधित अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के मुताबिक चौदह वर्ष से कम आयु वालों को रोजगार पर रखना कानूनन गलत है। रोजगार देने वालों को छह माह से दो वर्ष तक की कैद और बीस हजार से लेकर पचास हजार रुपए तक जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। मां-बेटे, दोनों को समझाया गया कि इस उम्र में बच्चे खेलते-कूदते हैं, पढ़ते-लिखते हैं। मेहनत-मजदूरी के बजाय बच्चे को पढ़ना चाहिए। लेकिन बेटे को मां-पिता की परेशानी नहीं देखी जा रही थी। आखिरकार वह सुबह स्कूल के बाद एक ढाबे पर काम करने लगा। लेकिन वहां से भी उसका काम छूट गया। दरअसल, कुछ सरकारी अफसर ढाबे पर आए और उसके मालिक को बच्चों से मजदूरी नहीं कराने की हिदायत देकर गये थे। हम सबको पसीना बहाते काम करते बाल श्रमिक सब जगह दिखाई देते हैं। सरकारी कार्यालयों के आसपास भी वे किसी होटल में कप-प्लेट धोते, बर्तन साफ करते दिख जाते हैं। देखने के बावजूद न सिर्फ आम लोग, बल्कि जिम्मेदार सरकारी मुलाजिम भी अनदेखी करते रहते हैं। लेकिन जब बाल श्रम मुक्ति का अभियान चलाया जाता है, तब बाल संरक्षण अधिकारियों का स्मरण करते हुए, बाल श्रम की रोकथाम के प्रति सजगता दिखाई देती है। होटलों, ढाबों, प्रतिष्ठानों आदि में श्रम विभाग का जांच दल औचक छापामारी करता है। वहां काम करने वाले बाल श्रमिकों की आयु संबंधी दस्तावेजों का निरीक्षण किया जाता है। बाल श्रम कराने वालों पर अर्थदंड लगाया जाता है। भविष्य में बच्चों से मजदूरी नहीं कराने के संकल्प पत्र भरवाये जाते हैं। मजदूरी करने वाले बच्चों के अभिवावकों को भी समझाया जाता है। निरीक्षण की यह प्रक्रिया सतत जारी नहीं रहती। औचक निरीक्षण कभी-कभी होता है, जिसका असर कम समय तक रहता है। छोटी उम्र की अपनी संतानों को अभिवावक मजबूरी से ही मजदूरी के लिए भेजते हैं। यों वे भी यही सपना देखते हैं कि बड़ा होकर वह उनका नाम रोशन करेगा। लेकिन गरीबी की मार सहते हुए जब वे दो जून की रोटी का बंदोबस्त करने में असमर्थ हो जाते हैं, तब अपने बच्चों से मजदूरी करवाने पर विवश होते हैं। आमतौर पर विवशता से मजदूरी करने वाले बाल श्रमिकों का शोषण ही किया जाता है। असुरक्षित वातावरण से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। काम करते हुए भी उन्हें प्रताड़ना सहनी पड़ती है। बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति जैसी कुत्सित घटनाएं भी होती हैं। असमय ही वे बचपन से वंचित हो जाते हैं। विषम परिस्थितियों से बालमन खिलने से पहले ही मुरझाने लगता है। उनका शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। गरीबी से जूझते बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार, सर्वशिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन जैसी योजनाएं भी किसी काम की नहीं रहतीं।

■ **बुलाकी शर्मा**

# तख्तापलट की अफवाह

हाल में चीन में तख्तापलट को लेकर कई अफवाहें सामने आईं। इन अफवाहों में यह था कि चीन के राष्ट्रपति शी चिन फिंग जब समरकंद में हुई एससीओ समिट से लौटे तो उनको बंदी बना लिया गया। उस बीच काफी सारे ट्वीट ऐसे भी आए, जिनमें वीडियो के जरिये दिखाया जा रहा था कि चीन की राजधानी में सेना का भारी मूवमेंट हो रहा है, सड़कों पर टैंकों के साथ सैनिक चल रहे हैं। सोशल मीडिया पर चल रही रही इन अफवाहों को लेकर चीन ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जिसके चलते ऐसा भ्रम पैदा हुआ कि चीन में वाकई तख्तापलट हो चुका है। यह मामला और भी उलझा क्योंकि इसमें एक और बात यह थी कि खुद शी चिन फिंग न तो कोई पब्लिक मीटिंग में जा रहे थे और न कहीं दिख रहे थे। इन अफवाहों को चीन में होने वाले राजनीतिक डिवेलपमेंट्स से भी हवा मिली। हमें देखना होगा कि पिछले कुछ दिनों में चीन की राजनीति में क्या हुआ और आने वाले कुछ दिनों में क्या होने जा रहा है: महीने भर बाद चीन में कम्युनिस्ट पार्टी का अधिवेशन (नैशनल पार्टी कांग्रेस) होने जा रहा है। इसे ऐसे समझें कि लोकतांत्रिक देशों में चुनाव होते हैं और जो भी लीडरशिप सत्ता में होती है, उसकी जगह नई लीडरशिप आती है। मगर चीन में तो चुनाव होते नहीं। इसी नैशनल पार्टी कांग्रेस में वहां नया नेता चुना जाता है और फिर उसे दस साल का टर्म मिलता है। इस टर्म के बाद वह अपनी पूरी कैबिनेट, जिसे पोलित ब्यूरो कहते हैं, उसके साथ रिटायर होते हैं और एक नया शासक आ जाता है। यह नैशनल पार्टी कांग्रेस 16 अक्टूबर से शुरू हो रही है। तख्तापलट की अफवाह से पहले वहां कायदे-कानून और सुरक्षा मामलों से जुड़े छह वरिष्ठ अधिकारियों को सजा सुनाई गई थी। इसमें सार्वजनिक सुरक्षा के पूर्व उप-मंत्री सुन लिजुन भी शामिल थे, जिन्हें मौत की सजा मिली है। पूर्व न्याय मंत्री फू झेंगहुआ और वांग लाइक जिआंगसु में राजनीतिक और कानूनी मामले देखते थे, उन्हें भी सस्पेंडेड डेथ की सजा मिली है। चीनी मीडिया रिपोर्टें बताती हैं कि सुन लिजुन ने लगभग दो दशकों में भ्रष्ट सौदों के जरिये 9.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर जमा किये, जबकि फू और वांग ने 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 6.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिश्वत ली। अब शंघाई, चोंगकिंग और शांक्सी प्रांत के पूर्व पुलिस प्रमुख- गोंग डाओआन, डेंग हुइलिन और लियू जिन्युन भी भ्रष्टाचार और सुन लिजुन से अपने संबंधों के लिए एक दशक से अधिक समय जेल में बितायेंगे। मगर उनको यह सजा भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि राजनीतिक क्रियाकलापों को लेकर सुनाई गई है। सुन लिजुन पर आरोप है कि वह पार्टी के सीनियर लोगों और पोलित ब्यूरो के मेंबरों की निगरानी करते थे।

■ **कल्पित मनकीकर**

# कट्टरता की तह तक जल्दी पहुंचे जांच

उच्च शिक्षा के लिए देश और संस्थान का चयन आमतौर पर संबंधित देश में जीवन की गुणवत्ता, पढ़ाई करने व रहने के खर्च, शिक्षा के स्तर और यहां से पहले पढ़ाई कर चुके विद्यार्थियों की राय पर निर्भर करता है। यह स्वीकार करने में हमें हिचक नहीं होनी चाहिए कि जीवन की गुणवत्ता के मामले में भारत विकसित देशों की बराबरी नहीं कर सकता। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि इस वर्ष पढ़ाई के लिए भारत से अमेरिका जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या एक नई ऊंचाई तक पहुंच गई है। इस साल (2022) कुल लगभग बयासी हजार विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा के लिए अमेरिकी शिक्षण संस्थानों में दाखिला लिया है। भारत से विद्यार्थी अन्य देशों खासतौर से आस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड आदि में भी पढ़ने के लिए जाते हैं। अभी तक के आंकड़ों के अनुसार विदेश में अध्ययनरत भारतीय विद्यार्थियों की संख्या ग्यारह से बारह लाख के बीच है और अनुमान है कि वर्ष 2024 तक यह अठारह लाख से ऊपर निकल जायेगी। इस खबर को दूसरी खबर के साथ देखने की भी जरूरत है। इस साल अगस्त में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने घोषणा की कि देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को उनके स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में विदेशी विद्यार्थियों के लिए पच्चीस फीसद तक अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराने की अनुमति होगी। इन सीटों के लिए कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी। निश्चित रूप से हमारा देश बड़ी संख्या में विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित करना चाहता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया का दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश जो अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा है, उच्च शिक्षा के लिए वैश्विक मंच पर अपनी जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाया है। साल 2021 में केवल 23,439 विद्यार्थी विदेश से भारत पढ़ने आए थे। इस समय देश में विदेशी विद्यार्थियों की कुल संख्या पचास हजार से ज्यादा नहीं है। वर्ष 2020 में जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की बात कही गई है। यहां आशय भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों को उच्च शिक्षा हेतु वरीय केंद्र बनाने और इनमें विदेश से आए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने से है। इससे शिक्षण संस्थानों की आय में तो वृद्धि होगी ही, सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी बढ़ेगा। यह विचारणीय विषय है कि पढ़ाई के लिए भारत से बाहर जाने वालों की संख्या की तुलना में भारत को उच्च शिक्षा के लिए चुनने वालों की संख्या इतना कम क्यों है? एक कारण तो साफ है कि अगर हम आइआइटी, आइआइएम और इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस जैसे संस्थानों को छोड़ दें, तो भारत के उच्च शिक्षण स्थानों का दुनिया में कोई खास नाम नहीं है। इसके अलावा ढंग के संस्थानों में प्रवेश मिलने की राह भी काफी मुश्किल है। नौकरशाही का आलम उच्च शिक्षा जगत में भी छाया हुआ है। कुछ निजी विश्वविद्यालय भले ही आसानी से प्रवेश दे देते हों, पर उन में से बहुतों की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न लगे हैं। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट होगी। देश में ऐसे विद्यार्थियों की संख्या काफी बढ़ी है जो चिकित्सा की पढ़ाई के लिए एमबीबीएस में प्रवेश लेना चाहते हैं और उनमें से बहुतों में इस हेतु आवश्यक प्रतिभा भी है, पर सीटें कम होने की वजह से इन विद्यार्थियों में से कम को ही प्रवेश मिल पाता है, शेष अपना रास्ता बदल लेते हैं या फिर चीन, यूक्रेन, रूस जैसे देशों का रुख करते हैं जहां खर्च बहुत ज्यादा नहीं है और प्रवेश आसानी से मिल जाता है। आइआइटी और आइआइएम में भी जितने लोग आवेदन करते हैं, उसमें भी बहुत ही कम छात्रों को प्रवेश मिल पाता है। हालांकि विगत वर्षों में इन संस्थानों के नये केंद्र भी खोले गये हैं। कुल मिला कर यह कहा जा सकता है कि भारत में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने की राह उतनी आसान नहीं है जितनी कि होनी चाहिए। कुछेक सरकारी संस्थानों को छोड़ दें तो उच्च शिक्षा अब पहले की अपेक्षा काफी महंगी भी हो चली है। भारत को आजादी मिलने से पहले और इसके ठीक बाद के दशकों में भी लोग पढ़ाई करने भारत से विदेश जाते थे। पर तब यह संख्या बेहद कम हुआ करती थी। आज की स्थिति बिल्कुल भिन्न है। तमाम मध्यवर्गीय और उच्च मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाने का सपना रखते हैं। यहां सभी का दृष्टिकोण एक जैसा नहीं होता। कुछ परिवारों या विद्यार्थियों के लिए यह फैशन और सामाजिक प्रतिष्ठा की बात गई है। कुछ विद्यार्थी इस उम्मीद से जाते हैं कि उन्हें आला दर्जे की शिक्षा मिलेगी और वे इस पढ़ाई के बल पर शानदार भविष्य बना पायेंगे। इन सबसे अलग एक बड़ा वर्ग उन विद्यार्थियों का है जो विदेश में पढ़ाई का रास्ता इसलिए चुनते हैं कि उन्हें इससे विदेश में रहने और कमाने का अवसर मिल जाए। भारत से विकसित देशों को जाने वाले विद्यार्थियों में से बहुत कम ही वापस भारत का रुख करते हैं। प्रवासी कामगारों के लिए कुछ देशों की नीतियां सख्त हैं और कुछ की उदार। फिर भी रोजगार के अवसरों की उपलब्धता की दृष्टि से इन देशों में हालात भारत से बहुत ज्यादा बेहतर हैं। फिलहाल भारत में पढ़ाई के लिए बाहर से आने वाले विद्यार्थी अफ्रीकी तथा अरब देशों के हैं जिनमें उच्च शिक्षा का ढांचा बहुत ज्यादा मजबूत नहीं है। करीब के एशियाई देशों नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के विद्यार्थियों के लिए भी भारत उच्च शिक्षा हेतु प्राथमिकता प्राप्त देश है।

■ **विजय प्रकाश श्रीवास्तव**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- हे नृपशार्दूल! ध्यानपूर्वक सुनिये, इस सम्बन्धमें मैं एक दृष्टान्त कहता हूँ। साधुजनोंके मन भी युगधर्मसे प्रभावित होते हैं ॥ 32 ॥

हे राजेन्द्र! आपके महात्मा और धर्मज्ञ पिताकी भी बुद्धि कलियुगने विप्रका अपमान करनेकी ओर प्रेरित कर दी थी; अन्यथा ययातिके कुलमें पैदा हुए क्षत्रिय राजा परीक्षित एक तपस्वीके गलेमें मरा हुआ सर्प क्यों डालते ?॥ 33-34 ॥

हे राजन ! विद्वान?को इसे युगका ही प्रभाव समझना चाहिये। इसलिये विशेषरूपसे धर्माचरण ही प्रयत्नपूर्वक करना चाहिये ॥ 35 ॥

हे राजन! सत्ययुगमें सभी ब्राह्मण वेदके ज्ञाता, पराशक्तिकी पूजामें तत्पर रहनेवाले, देवीदर्शनकी` लालसासे युक्त, गायत्री और प्रणवमन्त्र में अनुरक्त, गायत्रीका ध्यान करनेवाले, गायत्रीजपपरायण, एकमात्र मायाबीजमन्त्रका जप करनेवाले, प्रत्येक गाँवमें भगवती पराम्बाका मन्दिर बनानेके लिये उत्सुक रहनेवाले, अपने-अपने कर्मोंमें निरत रहनेवाले, सत्य पवित्रता दयासे समन्वित, वेदत्रयी कर्ममें संलग्न रहनेवाले और तत्त्वज्ञानमें पूर्ण निष्णात होते थे। क्षत्रिय प्रजाओंके भरण-पोषण में संलग्न रहते थे। हे राजन! उस पुण्यमय सत्ययुगमें वैश्यलोग कृषि, व्यापार और गो-पालन करते थे तथा शूद्र सेवापरायण रहते थे ॥ 36-40 ॥

उस सत्ययुगमें सभी वर्णोंके लोग भगवती पराम्बाके पूजनमें आसक्त रहते थे। उसके बाद त्रेतायुगमें धर्मकी स्थिति कुछ कम हो गयी। सत्ययुगम
जो धर्मको स्थिति थी, वह द्वापरमें विशेषरूपसे कम हो गयी। हे राजन! पूर्वयुगोंमें जो राक्षस समझे जाते थे, वे ही कलियुगमें ब्राह्मण माने जाते हैं ॥ 41-42 ॥

वे प्रायः पाखण्डी, लोगोंको ठगनेवाले, झूठ बोलनेवाले तथा वेद और धर्मसे दूर रहनेवाले होते हैं। उनमेंसे कुछ तो दम्भी, लोकव्यवहारमें चालाक, अभिमानी, वेदप्रतिपादित मार्गसे हटकर चलनेवाले, शूद्रोंकी सेवा करनेवाले, विभिन्न धमोर्का प्रवर्तन करनेवाले, वेदनिन्दक, क्रूर, धर्मभ्रष्ट और व्यर्थ वाद-विवादमें लगे रहनेवाले होते हैं। हे राजन! जैसे-जैसे कलियुगको वृद्धि होती है, वैसे-वैसे सत्यमूलक धर्मका सर्वथा क्षय होता जाता है और वैसे ही क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और इतर वर्णोंके लोग भी धर्महोन, मिथ्यावादी तथा पापी होते हैं। ब्राह्मण शूद्रधर्म में संलग्न और प्रतिग्रहपरायण हो जाते हैं ॥ 43-47 ॥

हे राजन! कलियुगका प्रभाव और बढ़नेपर स्त्रियाँ स्वेच्छाचारिणी तथा काम, लोभ और मोहसे युक्त हो जायेंगी। हे राजन वे पापाचारिणी, झूठ बोलनेवाली, सदा कलह करनेवाली, अपने पतिको ठगनेवाली और नित्य धर्मका भाषण करनेमें निपुण होंगी। कलियुगमें इस प्रकारकी पापपरायण स्त्रियाँ होती हैं ॥ 48-49 ॥

- **क्रमशः**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# ध्यान हटी तो दुर्घटना घटी

रात में दस बजे के बाद मुख्य सड़कों पर कई वाहन गुजरते हैं। इनमें छोटे-मोटे वाहनों के अलावे कई बड़े ट्रक भी होते हैं। इन वाहनों में हाइवा इन सड़को पर कुछ ज्यादा ही तेज चलते दिखाई देते हैं। यह एक साथ छह-सात या उससे ज्यादा की संख्या में चलते हैं। इनकी तेज गति के कारण छोटे व दो पहिया वाहनों को चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। वहीं कई ट्रक चालक अपना वाहन काफी सावधानी के साथ चलाते हैं, जिनसे किसी को कोई खतरा महसूस नहीं होता है। रात में चलने वाले छोटे वाहन किसी जरूरी कार्य से ही निकलते हैं। अगर वे रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो मुश्किल हो सकती है। लेकिन, रात में पेट्रालिंग वाहन के चलने के कारण शहरी क्षेत्र में लोगों को काफी महसूस हुई है। पेट्रालिंग वाहन को देखकर वाहन चालकों व अन्य लोगों को काफी हिम्मत मिलती है।, ऐसे में हाइवा की तेज चाल के कारण सड़क गढ्ढो के पास दुर्घटना का संभावना बनी रहती है। ज्ञात हो कि दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से रात में हाइवा की गति पर रोक लगाने का अनुरोध प्रशासन से करता हूं।

■ **नन्दलाल प्रसाद, हमीदगंज, मेदिनीनगर।**

# ड्रोन से मानवधिकारों पर क्या है खतरा

आमतौर पर ड्रोन का काम हमारा जीवन आसान और सुविधापूर्ण बनाना है। कोरोना काल में तेलंगाना और हिमाचल की दुर्गम जगहों तक ड्रोन से ही दवाइयां पहुंची। किसान खेतों में दवाइयां और खाद ड्रोन से डाल रहे हैं। खुद सरकारें भी ड्रोन से ढेरों क्रिएटिव काम लेती रही हैं। मगर दुनिया की कुछ सरकारें ड्रोन पाकर है वानियत पर उतर आई हैं। यूएन तक को कहना पड़ा है कि ड्रोन मानवाधिकारों के सबसे बड़े विध्वंसक बनकर उभरे हैं। ड्रोन का विध्वंसक रूप अब एक वास्तविकता है। टारगेट किलिंग के सैकड़ों मामलों में आम नागरिकों की जानें गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार परिषद ने इन्हें मानवाधिकारों के उल्लंघन का दोषी ठहराया है : परिषद की रिपोर्ट में अनेक देशों द्वारा टारगेट किलिंग के उद्देश्य से सशस्त्र ड्रोन के पिछले पांच वर्षो में बढ़ते प्रयोग पर चिंता प्रकट करते हुए इनसे होने वाले विध्वंस की जिम्मेदारी तय करने पर सवाल उठाये हैं। परिषद ने इनकी मारक क्षमता को भी सवालों के कटघरे में खड़ा किया है। ड्रोन से टारगेट किलिंग की बढ़ती घटनाओं से राजनीतिक और आम नागरिकों की हत्याओं ने इंसानियत को हर स्तर पर चुनौती दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब भी टारगेट किलिंग वाले ड्रोन का प्रयोग जरूरी सुरक्षा मानकों के विरुद्ध किया गया, सैकड़ों लोगों को जान गंवानी पड़ी। इससे मानवाधिकार, लोकतंत्र, शांति और सुरक्षा से जुड़े नियम भंग हुए। ड्रोन हमलों को नरसंहार के लिए प्रयोग किये जाने वाले मामलों को अब इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस और यूरोपियन कोर्ट ऑफ 'मन राइट के तहत लाने की दलील दी जा रही है। आतंकी ड्रोन : रिपोर्ट है कि ड्रोन अब लीबियन नैशनल आर्मी, हरकत तहरीर अल-शाम और फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद, आईएसआईएस, अल कायदा, हरकत उल अंसार जैसे 20 संगठनों के पास भी हैं। 2017 में मोसुल, इराक से ड्रोन हमले एक साथ कुर्दिश, अमेरिकी और फ्रांसीसी सेना पर हुए। हफ्तार सशस्त्र संगठन के ड्रोन हमलों में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे गये। 2019 में वहां शरणार्थी शिविरों पर भी ड्रोन हमला हुआ, ढेरों शरणार्थी मारे गये। इसी साल जम्मू में वायुसेना हवाई अड्डे पर पाकिस्तानी ड्रोन ने हमला किया, हालांकि हमले में कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ। माना जा रहा है कि 2032 तक इन संगठनों के पास 40 प्रतिशत ड्रोन 90 फीसदी अचूक मारक क्षमता से लैस होंगे। जब भी ड्रोन हमले की बात आती है, भले ही वे सरकारें करें या आतंकवादी, हमारी दुनिया की शक्ल कुछ और बिगड़ जाती है : 2015 से मिस्र, यूके, इराक, ईरान, इस्राइल, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई और अमेरिका ने ड्रोन का प्रयोग टारगेट किलिंग के लिए शुरू कर दिया था। तुर्की ने ड्रोन का प्रयोग कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के खिलाफ किया। नाइजीरिया ने 2016 को बोको हरम के ठिकानों पर मारक ड्रोन के प्रयोग करने की बात स्वीकार की। पाकिस्तान ने भी 2015 में पहली बार ड्रोन का प्रयोग तीन खूंखार आतंकियों को मारने के लिए किया। अमेरिकी ड्रोन हमले में 3 जनवरी 2020 में ईरानी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी की बगदाद एयरपोर्ट पर हत्या कर दी गई। हमले में पांच इराकी और चार ईरानी नागरिकों की भी जान गई। इस हमले को यूएन सहित कई देशों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों के खिलाफ बताया। इसी ड्रोन से सऊदी अरब के तेल ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। इसी साल जनवरी में अबू धाबी एयरपोर्ट पर मारक ड्रोन के हमले में दो भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक भी मारे गये। वर्ष 2010-11 में अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना के ड्रोन हमलों में आम नागरिकों की 10 गुना अधिक जानें गईं। 2015 में पाकिस्तान में ड्रोन हमले की चूक के चलते सैकड़ों बेकसूर लोगों की जानें चली गईं, मरने वालों में तकरीबन डेढ़ सौ बच्चे भी थे। यूएन की रिपोर्ट आने के बाद अगला कदम ड्रोन को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय नीति बनाने का है। 2020-21 तक लगभग 140 देशों के पास मारक ड्रोन थे, जबकि 35 देश सबसे खतरनाक ड्रोन रखने का दम भरते थे। यह दिखाता है कि दुनिया भर की सरकारों में मारक ड्रोन को लेकर किस तरह की दीवानगी बढ़ रही है।

■ **वीरेन्द्र मेहता**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर :** 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# ऐसी वनोषधि जो वृद्धता को रोक दे



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र
रेड़मा चौक, डालटनगंज झारखंड।

**औषधिय नामः–** संस्कृत - अजंत्री, अवेधी, छागला, छागलंत्रिका दीर्घवल्लरी, दीर्घवालुका, जंतुका, झुंगा, कोटरपुप्पि, रूक्षगंध, वृद्धादारूक, इत्यादी।
**हिन्दी :** विधारा, काला, विधारा,।
**गुजराती :** वरधारो
**मराठीः** वरधारा,बाकेरी।
**बंगालीः** विधारा,, वितरका
**तेलगुः** चन्द्रपुड़ी
**लेटिनः** रोरिया सेटंलाइटस
**स्वरूपः** घनी विशाल लता, सभी अंग मृदुरोम द्वारा आच्छादित, पत्ते ह्रदयाकार जिनकी ऊपरी सतह चिकनी जबकि निचली सतहमृदुरोम द्वारा आच्छादित। पुष्प सफेद (बारहसे) भीतर से गुलाबी या जामुनी रंग के होते हैं। उसके बीज एक सेंटीमीटर लम्बे होते है।
**स्वाद :** तिक्त।
**रासायनिक संगठनः** इस वनस्पति में आर्जीनाइन, लायसिन, वॅलिन, बेहनीक अम्ल, लिनोलिक अम्ल, लिनोलेनिक अम्ल, ऑलिक अम्ल, पामीटिक एवं स्टीयरिक अम्ल, आरगोक्लेविन, क्लैनॉक्लेविन एलिमोक्लेविन, एरजीन, आइसोएरजीन, अर्गोमेट्रिन, फेस्टुक्लेविन, आइसो सिटोक्लेविन एवं सिटोक्लेविन, लायसारजिन, लायसरगोल, लायसरजीक, कॉमेरिन, फ्लेवोनोइड्स, क्वेसेटिन, किम्फेरॉल एवं वीटा-सिटोस्टीरॉल घटक पाये जाते हैं।
**गुण :** रसायन, वल्य, वाजीकारक, मूत्रल, मेध्य, शोथहर व्रणनाशक इत्यादी।
**उपयोग :** शोथ, आमवात, संधिशोथ, कास, ज्वर, अपसर्गिकामेह, जीर्णव्रण में अतिलाभकारी। इसका बाह्य प्रयोग कण्ड, दाद तथा अन्य चर्मरोगों में क्रिया जाता है। उपदंश रोग में यह एक धातुपरिर्वतक और पौष्टिक वस्तु की वतौर काम में ली जाती है। इसकी जड़ कटु पौष्टक वस्तु की तरह उपयोग किया जाता है। यह गरम और खुश्क होता है। कफ को दस्तों की राह से निकालता है। कामशक्ति को बढ़ाता है। वायु, कफ और रक्त के दोषों को मिटाता है। इसके सेवन से शरीर का मृत सेल शरीर से बाहर होता है एवं बहुत तेजी से अच्छे सेल का निर्माण होता है जिसके कारण शरीर का क्षरण धिमी गति से होता है यदि कारण है कि वृद्धता को धिमा कर देता है। कारबांकल नामक ब्रण का यह एक अचुक औषधि है।



## कुछ रोगियों पर अनुभूत प्रयोगः

रोगी न0 01 डा. आर. वी. वर्मा पंचगब्य विशेषक्ष नई दिल्ली के द्वारा विधारा की पत्तीयों का रस और देसी गाय के मूत्र से निकाला गया अर्क का प्रयोग निम्न प्रकार के रोगी को जीवन दान दे चुका है।
एक रोगी जो आंत्र कैंसर से ग्रसित था व अंतिम चरण से गुजर रहा था उस रोगी को एम्स (दिल्ली) के चिकित्सकों ने उनके परिजनों को बोल दिया कि अब इस रोगी को घर ले जायें सप्ताह दिन का मेहमान बचा है ये रोगी। परिवार वाले उस रोगी को घर ले आये खाना-पिना सब बंद कर दिया था रोगी। दैव वश रोगी के परिजन डा. बी.वर्मा जी के संपर्क में आये और उस रोगी का जीवन ही बदल गया। डा. वर्मा जी ने विधारा की पत्तियों का रस और गोमूत्र (5 केजी रस+10 लिटर गोमूत्र) से निर्मित अर्क का सेवन कराना शुरू किया रोगी को तीसरे दिन ही चमत्कार हुआ उस में तथा हल्का भोजन लेना शुरू कर दिया रोगी। सप्ताह दिन बाद रोगी उस के आंत में जो ब्रण (घाव) था वे ठीक होने लगा और कुछ ही दिनों में रोगी काफी अच्छा महसूस करने लगा। रोगी अभी स्वस्थ है।
**रोगी न0:** वैद्य भीखम लाल गुप्ता बतौली अम्बीकापुर उनके पास भी आज से करीब 15 दिन पूर्व एक मुखकैंसर का रोगी आया जिसका मुंह के अंदर ब्रण हो हो रखा था तथा जीभ वगैरह एक दम काला हो गया। वैद्य भीखम जी ने भी उस रोगी को विधारा की पत्तियों को पीसकर खिलाना शुरू किया तथा चमेली की पत्तियों को भी दिया रोगी का मुख का ब्रण तीसरे दिन गायब हो गया तथा मुंह कें अंदर जीभ वैगरह जा काला पड़ गया था वो पुनः लालीमा पर आ गया। रोगी खाने-पीने लगा स्वास्थ्य अच्छा हो गया जीवन में परिवर्तन आ गया। इस रोगी को भी चिकित्सों ने जवाब दे दिया था पर भीखम जी ने मेरे निर्देशानुसार उस रोगी को औषधि का सेवन कराया रोगी के अन्दर विधारा ने चमत्कार किया और रोगी अब अच्छा महसुस कर रहा है। मैंने कई रोगियों पर अनुभव प्राप्त किया है।
अतः देश के सभी वैद्यों से अनुरोध है कि विधारा नाकम वनौषधिं पर ज्यादा से ज्यादा अनुसंधान करें और इसका संर्बधन भी करें।
**नोट :** उपरोक्त चिकित्सा में इस औषिधि कि साथ रोग का सहायक औषधि दे और रोगी को स्वस्थ करें।



# टीबी के मरीजों को जरूर खाने चाहिए ये फूड्स

साबुत अनाज अनाज, दालें और अंकुरित फलियां आदि आहार रिच होती है और प्रोटीन के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में फाइबर लेना भी आवश्यक है। यह आंत के माइक्रोबायोम को स्वस्थ रखने में मदद करती है और आहार से विषाक्त पदार्थों को खत्म करती है। टीबी एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जो व्यक्ति के फेफड़ों को प्रभावित करती है। अमूमन यह समस्या बैक्टीरिया माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होती है। आमतौर पर, इस स्वास्थ्य समस्या का इलाज बीच में ही छोड़ देते हैं। लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं होता है। यदि टीबी का इलाज न किया जाए और उसकी ठीक से देखभाल न की जाए, तो यह घातक हो सकता है और जो लोग कुपोषित हैं, उनमें टीबी विकसित होने का खतरा अधिक होता है। टीबी गंभीर कुपोषण का कारण बन सकता है। इसलिए, इस बीमारी से लड़ने के लिए शरीर को आवश्यक विटामिन, खनिज, एंटीऑक्सिडेंट और अन्य पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मिलने चाहिए। हालांकि, टीबी के मरीजों के लिए कोई अलग से डाइट नहीं होती है, लेकिन फिर भी आहार पर अतिरिक्त ध्यान देकर व्यक्ति अपना बेहतर तरीके से ख्याल रख सकता है।
**प्रोटीन पर दें ध्यान :** आपको अपनी डाइट में प्रोटीन रिच आहार को शामिल करना चाहिए। प्रोटीन की कमी संभावित रूप से टीबी से लड़ने की शरीर की क्षमता पर हानिकारक प्रभाव डाल सकती है। डेयरी और डेयरी उत्पाद, लीन मीट, दालें और फलियां प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के कुछ पूर्ण स्त्रोत हैं, जिन्हें आपको रोजाना कम से कम 2-3 बार लेना चाहिए।
**फाइबर की ना हो अनदेखी :** साबुत अनाज अनाज, दालें और अंकुरित फलियां आदि आहार रिच होती है और प्रोटीन के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में फाइबर लेना भी आवश्यक है। यह आंत के माइक्रोबायोम को स्वस्थ रखने में मदद करती है और आहार से विषाक्त पदार्थों को खत्म करती है।
**कुछ विटामिन को डाइट में करें शामिल :** किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए इम्युन सिस्टम का मजबूत होना आवश्यक है। इसलिए, आप इम्युन सिस्टम को बूस्ट अप करने के लिए एंटी-ऑक्सीडेंट के साथ-साथ विटामिन ए, सी, और ई का अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इसके अलावा, विटामिन ए, ई और डी3 और खनिज सेलेनियम, जिंक और आयरन जैसे माइक्रो-न्यूट्रिएंट्स भी सेहत के लिए बेहद आवश्यक हैं।
**नट्स और सीड्स खाएं :** नट और सीड्स का सेवन भी टीबी के मरीजों को लाभ पहुंचा सकता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी ओवर ऑल हेल्थ को सुधारते हैं।

– मिताली जैन

# डायबिटीज हैं तो इन हेल्दी स्नैक्स को बनायें डाइट का हिस्सा

यदि आपको मधुमेह है, तो एवोकाडो का सेवन करने से आपके रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने में मदद मिल सकती है। एवोकाडो में उच्च फाइबर सामग्री और मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड उन्हें मधुमेह के अनुकूल भोजन बनाते हैं। डायबिटीज एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जिसमें व्यक्ति को सबसे अधिक अपनी डाइट पर ध्यान देना होता है। अगर वह गलती से भी हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स फूड का सेवन करता है, तो इससे उसका ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। आमतौर पर, यह देखने में आता है कि व्यक्ति अपनी मेन मील में तो आहार का ध्यान रखता है। लेकिन स्नैकिंग के दौरान उससे गड़बड़ हो जाती है। जिसके कारण उसे परेशानी होती है। अगर आपको भी मधुमेह है तो आप अक्सर यही सोचते होंगे कि आखिरकार स्नैकिंग में क्या खाएं।





**हार्ड बॉयल एग :** हार्ड बॉयल एग मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए एक हेल्दी स्नैक ऑप्शन माना जाता है। उनकी प्रोटीन सामग्री वास्तव में उन्हें मधुमेह के लिए लाभदायक बनाती है। एक बड़ा हार्ड बॉयल एग लगभग 6.3 ग्राम प्रोटीन प्रदान करता है, जो मधुमेह के लिए सहायक है क्योंकि यह आपके रक्त शर्करा को खाने के बाद बहुत अधिक बढ़ने से रोकने में मदद करता है।
**खाएं मुट्ठी भर बादाम :** बादाम खाने में बहुत ही पौष्टिक होते हैं। बादाम का 1 औंस (28 ग्राम) सेवन 15 से अधिक विटामिन और खनिज प्रदान करता है। शोध से पता चला है कि बादाम मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। तो अब आपको भी अगर हल्की भूख लगी हो तो चिप्स का पैकेट खोलने की जगह मुट्ठी भर बादाम खाएं।
**एवोकाडो :** यदि आपको मधुमेह है, तो एवोकाडो का सेवन करने से आपके रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने में मदद मिल सकती है। एवोकाडो में उच्च फाइबर सामग्री और मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड उन्हें मधुमेह के अनुकूल भोजन बनाते हैं। ये कारक भोजन के बाद आपके रक्त शर्करा को बढ़ने से रोक सकते हैं।
**पॉपकॉर्न :** पॉपकॉर्न की गिनती कंफर्ट फूड में होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ओल्डवेज होल ग्रेन्स काउंसिल के अनुसार, यह एक होल ग्रेन भी है। जिसका अर्थ है कि यह डायबिटीज में व्यक्ति के लिए लाभदायक है। साबुत अनाज में संतृप्त फाइबर होता है, जो व्यक्ति को स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे किस तरह बनाकर खा रहे है। मसलन, माइक्रोवेव या एयर-पॉप पॉपकॉर्न का ही सेवन करें।

# गन्ने के अपशिष्ट से चीनी का विकल्प तैयार करने की नई तकनीक


केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी गुवाहाटी से जुड़े इस अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर वीएस मोहोलकर ने कहा है कि अल्ट्रासाउंड के उपयोग से पारंपरिक प्रक्रियाओं में लगने वाला लगभग 48 घंटे का किण्वन समय घटकर 15 घंटे हो गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने गन्ने की खोई (गन्ने की पेराई के बाद बचे अवशेष) से 'जाइलिटोल' नामक चीनी के सुरक्षित विकल्प का उत्पादन करने के लिए अल्ट्रासाउंड-समर्थित किण्वन (फर्मेंटेशन) विधि विकसित की है। यह विधि; संश्लेषण के रासायनिक तरीकों के परिचालन की सीमाओं और पारंपरिक किण्वन में लगने वाले समय को कम कर सकती है। मधुमेह रोगियों के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य के लिए भी सफेद चीनी (सुक्रोज) के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ चीनी के सुरक्षित विकल्पों की खपत में वृद्धि हुई है। 'जाइलिटोल' प्राकृतिक उत्पादों से प्राप्त शुगर अल्कोहल है, जिसके संभावित रूप से एंटी-डायबिटिक और एंटी-ओबेसोजेनिक प्रभाव हो सकते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि 'जाइलिटोल' एक हल्का प्री-बायोटिक है, और दांतों के क्षरण को रोकने में मदद करता है।
केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी गुवाहाटी से जुड़े इस अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर वीएस मोहोलकर ने कहा है कि अल्ट्रासाउंड के उपयोग से पारंपरिक प्रक्रियाओं में लगने वाला लगभग 48 घंटे का किण्वन समय घटकर 15 घंटे हो गया है। इसके साथ-साथ उत्पाद में लगभग 20% की वृद्धि हुई है। किण्वन के दौरान केवल 1.5 घंटे के अल्ट्रासोनिकेशन का उपयोग किया गया है, जिसका अर्थ है कि अधिक अल्ट्रासाउंड पावर की खपत नहीं होती है। अल्ट्रासोनिक किण्वन के उपयोग से गन्ने की खोई से 'जाइलिटोल' उत्पादन भारत में गन्ना उद्योगों के लिए संभावित अवसर हो सकता है। 'जाइलिटोल' औद्योगिक रूप से एक रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा निर्मित होता है, जिसमें लकड़ी से व्युत्पन्न डी-जाइलोस जो एक महंगा रसायन है, बहुत उच्च तापमान और दबाव पर निकल उत्प्रेरक के साथ उपचारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में अत्यधिक ऊर्जा की खपत होती है। इसमें, जाइलोस की केवल 08-15% मात्रा 'जाइलिटोल' में परिवर्तित होती है, और व्यापक पृथक्करण और शुद्धिकरण चरणों की आवश्यकता होती है, जो इसकी कीमत को बढ़ा देते हैं। किण्वन एक जैव रासायनिक प्रक्रिया है, जो ऐसे मुद्दों से निपटने में कारगर है। किण्वन कोई नई चीज नहीं है- भारत में कई घरों में दूध का दही में रूपांतरण किण्वन ही है। किण्वन में, बैक्टीरिया और खमीर जैसे विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके एक पदार्थ को दूसरे में परिवर्तित किया जाता है। हालांकि, किण्वन प्रक्रिया धीमी होती है - उदाहरण के लिए, दूध को दही में बदलने में कई घंटे लगते हैं, और यह व्यावसायिक पैमाने पर इन प्रक्रियाओं का उपयोग करने में एक बड़ी बाधा है। किण्वन के व्यावसायिक उपयोग से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने दो दृष्टिकोणों का उपयोग किया है। सबसे पहले, उन्होंने गन्ने की खोई, गन्ने से रस निकालने के बाद उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट रेशेदार पदार्थ, को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किया। यह 'जाइलिटोल' संश्लेषण की वर्तमान विधियों की लागत को कम करने में मददगार है, और अपशिष्ट उत्पाद को पुनः उपयोग करने की एक विधि प्रदान करता है। दूसरे, उन्होंने एक नये प्रकार की किण्वन प्रक्रिया का उपयोग किया है, जिसमें अल्ट्रासाउंड तरंगों के अनुप्रयोग से 'जाइलिटोल' के सूक्ष्म जीव-प्रेरित संश्लेषण को तेज किया जाता है। शोधकर्ताओं ने पहले हेमिसेलुलोज को खोई में पांच कार्बन (पेंटोस) शर्करा जैसे कि जाइलोज और अरेबिनोज में हाइड्रोलाइज किया। इसके लिए उन्होंने खोई को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर तनु अम्ल से उपचारित किया। इसके बाद, चीनी के घोल को संकेंद्रित किया गया, और किण्वन के लिए इसमें कैंडिडा ट्रॉपिकलिस नामक खमीर उपयोग किया गया। सामान्य परिस्थितियों में, जाइलोस से 'जाइलिटोल' तक किण्वन में 48 घंटे लगते हैं। लेकिन, शोधकर्ताओं ने मिश्रण को अल्ट्रासाउंड तरंगों के संपर्क में लाकर प्रक्रिया को तेज कर दिया। अल्ट्रासाउंड एक प्रकार की ध्वनि है, जिसकी आवृत्ति का स्तर मानव कान से सुनने योग्य आवृत्ति से अधिक होता है। जब माइक्रोबियल कोशिकाओं वाले घोल को कम तीव्रता वाली अल्ट्रासोनिक तरंगों के संपर्क में लाया जाता है, तो माइक्रोबियल कोशिकाएं तेजी से प्रतिक्रिया देती हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अल्ट्रासाउंड तरंगों के बिना, प्रति ग्राम जाइलोस में केवल 0.53 ग्राम 'जाइलिटोल' का उत्पादन होता है। लेकिन, अल्ट्रासाउंड तरंगों के उपयोग से प्रति ग्राम जाइलोस से उत्पादन बढ़कर 0.61 ग्राम हो जाता है। इस प्रक्रिया में, प्रति किलोग्राम खोई से 170 ग्राम 'जाइलिटोल' उत्पादन होता है। यीस्ट को पॉलीयूरेथेन फोम में स्थिर करके प्रति ग्राम जाइलोस पर उत्पादन को 0.66 ग्राम तक बढ़ाया जा सकता है, और किण्वन का समय 15 घंटे तक कम किया जा सकता है।

## काव्य कोना

### मौन

अपना अपना मौन,
अपनी अपनी मरूस्थली।
अवलोकन कैसे कैसे,
स्वीकृत मौन क्यों।
मूल्यांकन – अवमूल्यन क्यों,
कहाँ क्यूँ व्यापार जैसे।
आतुरता – संघर्षरत,
चिन्तन मनन संग संग।
पहचान बिखेरता कालचक्र,
पदचिन्ह स्वयं पदचिन्ह बनते बनाते।
पुनःस्मरण सिर्फ पदचाप,
अपने अपने मरूस्थली में।
निश्चिंतता के बेला में,
स्मरण में आता बारम्बार।
अपना अपना मौन,
अपनी अपनी मरूस्थली।

❖ नाग मणि



# इस मंदिर में एक बार ही होते हैं भोले बाबा के दर्शन

कारू बाबा का यह मंदिर चित्रकूट गांव से 25 किलोमीटर दूर इंडिया चाइना बॉर्डर पर दुलती नाम के स्थान पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि हिमाचल प्रदेश के सांगला वैली के कामरु गांव में मां कामाख्या दर्शन के पश्चात भगवान शिव के दर्शन अवश्य किए जाने चाहिए। यूं तो देशभर में भगवान शिव के कई मंदिर स्थित है। लेकिन हिमाचल प्रदेश के चित्रकूट गांव से 25 किलोमीटर दूर भगवान शिव को कारू बाबा के नाम से पूजा जाता है। यहां पर भोले बाबा का एक मंदिर स्थित है और यह मंदिर स्वयं में बेहद ही अद्भुत है। दरअसल, यहां पर स्थित भगवान कारू बाबा के दर्शन भक्तगण को साल में एक बार ही होते हैं।
**हिमाचल प्रदेश में स्थित है यह मंदिर :** कारू बाबा का यह मंदिर चित्रकूट गांव से 25 किलोमीटर दूर इंडिया चाइना बॉर्डर पर दुलती नाम के स्थान पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि हिमाचल प्रदेश के सांगला वैली के कामरु गांव में मां कामाख्या दर्शन के पश्चात भगवान शिव के दर्शन अवश्य किए जाने चाहिए। यहां पर स्थित भगवान शिव को कारू बाबा के नाम से पूजा जाता है। स्थानीय लोग कारू बाबा को माता छितकुल के रक्षक होने के साथ-साथ इस स्थान के भी रक्षक मानते हैं।
**केवल एक बार ही होते हैं दर्शन :** इस मंदिर को इसलिए भी विशिष्ट माना जाता है क्योंकि यहां पर स्थित भगवान कारू बाबा के दर्शन वर्ष में सिर्फ एक बार ही होते हैं। जन्माष्टमी के दिन इस मंदिर के पट आम आदमी के लिए खोले जाते हैं और उस खास अवसर पर भक्तों की भीड़ भगवान कारू बाबा के दर्शन के लिए उमड़ती है।
**इंडियम आर्मी द्वारा होता है संचालित :** इस मंदिर की दूसरी विशेषता यह है कि इस मंदिर का संचालन इंडियन आर्मी द्वारा किया जाता है। जब मंदिर के द्वार आम आदमी के लिए खोले जाते हैं, तो इंडियन आर्मी की देख-रेख में ही भक्तगण भगवान शिव के दर्शन करते हैं।
**लगता है मेला :** जब मंदिर में भगवान के दर्शनों का आयोजन किया जाता है, उस समय मंदिर में भव्य मेला लगता है। इतना ही नहीं, इस दौरान इंडियन आर्मी आईटीबीपी भव्य भंडारे का भी आयोजन करती है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**वृष राशि :** सुखद परिणाम मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। मन शान्त रहेगा। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। माता का सानिध्य मिल सकता है।

**मिथुन राशि :** परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग से धन प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क राशि :** नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाई आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। मन परेशान हो सकता है।

**सिंह राशि :** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार के सिलसिले में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**कन्या राशि :** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी मित्र और परिवार का साथ मिल सकता है।

**तुला राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। किसी मित्र से धन प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक राशि :** पठन-पाठन में मन लगेगा। कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु राशि :** व्यर्थ के क्रोध एवं झगड़ों से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के प्रति सचेत रहें।

**मकर राशि :** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। पठन-पाठन में व्यस्तता रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन राशि :** नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। धन की स्थिति मजबूत होगी।

# देश-विदेश






## न्यूज गैलरी

### कांग्रेस के तीन नेताओं ने प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि वह इस चुनाव में किसी के विरोध में नहीं, बल्कि पार्टी को मजबूत करने के लिए उतरे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में इस धारणा को भी खारिज कर दिया कि उन्हें गांधी परिवार का समर्थन हासिल है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ और युवा नेताओं के कहने पर वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। इस बीच पार्टी के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के निष्पक्ष चुनाव के लिए दीपेंद्र हुड्डा, सैयद नासिर हुसैन और मैंने कांग्रेस के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है, अब हम मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। खड़गे के खिलाफ पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर चुनाव मैदान में हैं। यदि पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी एक अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें नौ हजार से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी।

### फलोरिडा में तूफान इयान ने बरपाया कहर




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तूफान इयान के कहर से अमेरिका में हुए जान-माल के नुकसान पर रविवार को शोक जताया और राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रति संवेदना व्यक्त की। तूफान इयान ने फ्लोरिडा और दक्षिण कैरोलिना में कहर बरपाया है। अभी तक इससे करीब 47 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि तूफान यान से जनजीवन की हानि और तबाही के लिए मैं राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति प्रकट करता हूं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं अमेरिका के लोगों के साथ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि फलोरिडा के इतिहास में आया यह सबसे खतरनाक तूफान हो सकता है।

## कश्मीर में हुई सीजन की पहली बर्फबारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचाईवाले इलाकों में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई और मैदानी इलाकों में बारिश होने के कारण रात का तापमान कम रहा। यह जानकारी रविवार को अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के निदेशक सोनम लोटस ने कहा कि अफरवात और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला सहित कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में देर रात हल्की बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर बारिश हुई और गुलमर्ग तथा पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी भी हुई। लोटस के अनुसार, आनेवाले सप्ताह में कश्मीर घाटी का मौसम शुष्क रहेगा और इस दौरान घाटी में बारिश या बर्फबारी होने की संभावना बहुत कम है। श्रीनगर सहित कश्मीर घाटी के अधिकांश इलाकों में देर रात बारिश होने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी।

हालांकि, रविवार को घाटी का मौसम सुहावना है और धूप भी निकली हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में रविवार को न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस से कम है। हालांकि, कश्मीर घाटी के अन्य इलाकों में आसमान में बादल छाये रहेंगे जिसके कारण रात का तापमान सामान्य से थोड़ा ज्यादा रहेगा। लोटस ने कहा कि कश्मीर घाटी में अगले कुछ दिनों तक दैनिक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी, हालांकि मौसम शुष्क रहेगा और धूप निकलने का भी अनुमान है। उन्होंने कहा कि अगले सात दिनों तक घाटी का तापमान शुष्क रहेगा और दिन का तापमान सामान्य रहेगा।



# कानपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, 32 की मौत

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी समेत अन्य ने जताया शोक

**कानपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में साढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पानी से भरे गड्ढ़े में पलट गयी। हादसे में 32 लोगों के मरने की सूचना है। कानपुर नगर जिलाधिकारी ने 26 लोगों के मौत होने की पुष्टि की है। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने का अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव में रहनेवाला राजू निषाद ट्रैक्टर ट्राली लेकर शनिवार को अपने एक वर्षीय बेटे का मुंडन कराने उन्नाव के बक्सर स्थित चन्द्रिका देवी मंदिर गया था। ट्रैक्टर ट्राली में परिवारीजनों के साथ गांव के करीब 50 लोग सवार थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी थे। मुंडन के बाद दोपहर तीन बजे सभी लोग वापस गांव के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि राजू निषाद ट्रैक्टर चला रहा था और सभी पुरुष लोग रास्ते में मिले शराब ठेके पर शराब पी। इसके बाद देर शाम राजू ट्रैक्टर को तेजी से लहराकर चलाना शुरू किया। इस पर महिलाओं ने विरोध भी किया, लेकिन वह नहीं माना। ट्रैक्टर अभी साढ़-घाटमपुर मार्ग पर हरदेव बाबा मंदिर के पास पहुंचा ही था कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढ़े में पलट गया। गड्ढ़े में पानी भरा हुआ था जिससे लोग ट्राली के नीचे दब गये और पानी में डूबे रहे। हादसे की सूचना पर ग्रामीणों ने किसी तरह से ट्राली को सीधा किया और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद लोगों को निकालने के लिए तेजी से कार्य किया गया, लेकिन ज्यादातर लोगों की मौत हो चुकी थी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक हादसे में 32 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने 26 लोगों के मरने की पुष्टि की है।




### घटनास्थल पहुंचे आलाधिकारी

**हादसे** की जानकारी पर मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर, जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड, एसपी आउटर तेज स्वरुप सिंह सहित तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और राज्य मंत्री अजीत पाल भी घटनास्थल पर पहुंच गये और राहत बचाव तेज करने के निर्देश दिये।

**पुलिस पर लगा लापरवाही का आरोप :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के बाद मौके पर तो पहुंची लेकिन किसी भी प्रकार की सहायता नहीं की। ग्रामीण जब मोटरसाइकिलों से पहुंचे तो ट्राली को सीधा किया और लोगों को बाहर निकालने की प्रक्रिया तेज की। आरोप यह भी है कि पुलिस ने एंबुलेंस भी नहीं उपलब्ध कराया और ग्रामीण अपनी अपनी मोटरसाइकिलों से घायलों को अस्पताल तक लेकर पहुंचे। आरोप लगाया गया कि अगर पुलिस मुस्तैदी दिखाती तो मरनेवालों की संख्या कम होती।

## मोदी ने महात्मा गांधी व पूर्व पीएम शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महात्मा गांधी की 152वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री मोदी ने राष्ट्रपिता गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लोगों से खादी तथा हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री श्री शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उनकी सादगी तथा निर्णय क्षमता के लिए देशभर में उनकी सराहना की जाती है। श्री मोदी राजधानी के राजघाट स्थित बापू की समाधि स्थल भी गये और उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वहां सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बापू को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया, गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि। इस बार गांधी जयंती बहुत खास है, क्योंकि भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मेरी कामना है कि हम हमेशा बापू के आदर्शों पर खरे उतरें। मैं आप सभी से गांधी जी को श्रद्धांजलि के तौर पर खादी तथा हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का भी आग्रह करता हूं। श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री श्री शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के लिए विजय घाट पहुंचे। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी की उनकी सादगी तथा निर्णय क्षमता के लिए पूरे भारत में प्रशंसा की जाती है। हमारे इतिहास के बेहद अहम मौके पर उनके मजबूत नेतृत्व और योगदान को हमेशा याद किया जायेगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव : खड़गे से सार्वजनिक बहस के लिए शशि थरूर तैयार, बोले -


# कांग्रेस में लोगों की बढ़ेगी दिलचस्पी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव में वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का मुकाबला के लिए तैयार लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने रविवार को कहा कि वह उम्मीदवारों के बीच सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं, क्योंकि इससे लोगों की उसी तरह से पार्टी में दिलचस्पी पैदा होगी, जैसे कि हाल में ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व पद के चुनाव को लेकर हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के दिलों में नेहरू-गांधी परिवार की हमेशा खास जगह रही है और रहेगी। थरूर ने दिये एक इंटरव्यू में कहा कि कांग्रेस की मौजूदा चुनौतियों का जवाब प्रभावी नेतृत्व और संगठनात्मक सुधार के संयोजन में निहित है। बता दें कि झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का नामांकन पत्र शनिवार को खारिज होने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव में अब मुकाबला खड़गे और थरूर के बीच होगा। थरूर ने कहा कि संगठनों का उच्चस्तर पर नेतृत्व करने का मेरा विश्वसनीय ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग के अवर प्रभारी महासचिव के तौर पर मैंने दुनियाभर में 77 कार्यालय में 800 से अधिक कर्मियों के संयुक्त राष्ट्र के सबसे बड़े विभाग के संचार का जिम्मा संभाला था। इसे देखते हुए कई लोगों ने मुझे संयुक्त राष्ट्र संगठन का नेतृत्व करने के लिए चुनाव लड़ने का अनुरोध किया था। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। जरूरत पड़ने पर चुनाव 17 अक्टूबर को कराया जायेगा। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी और नतीजे उसी दिन घोषित किये जायेंगे।

## केसीआर ने महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा देश को किया समर्पित



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने महात्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर रविवार को मुशीराबाद के गांधी अस्पताल में राष्ट्रपिता की 16 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का लोकार्पण किया। महात्मा गांधी की 16 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का वजन पांच टन है, जिसे राम सुतार फाइन आर्ट्स ने 1.25 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया है। इस प्रतिमा को 200 वर्ग मीटर के द्वीप क्षेत्र में स्थापित किया गया है, जिसे एक करोड़ रुपये की लागत से भूदृश्य निर्माण, प्लेंटर दीवारों, प्रकाश व्यवस्था, सिविल निर्माण-कार्य, फुटपाथ जैसी सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है।




# 2030 तक दुर्गा पूजा का टर्नओवर मेगा कुंभ मेला के हो जायेगा बराबर

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा को यूनेस्को की ओर से अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का दर्जा मिलने के बाद अबकी राज्य के इस सबसे बड़े त्योहार की चमक बढ़ गयी है। दुर्गा पूजा महज एक धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल बढ़ाने और सियासत चमकाने के साथ ही आर्थिक लिहाज से भी सबसे बड़ा मौका है। इसके अलावा यह एक साहित्यिक उत्सव भी है। तमाम मीडिया घराने इस मौके पर विशेषांक प्रकाशित करते हैं, जिनकी लाखों प्रतियां हाथोंहाथ बिक जाती हैं। यूनेस्को ने बीते साल कोलकाता की दुर्गा पूजा को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया था।



राज्य में छोटी-बड़ी करीब तीस हजार पूजा आयोजित की जाती हैं। इनमें से तीन हजार से कुछ ज्यादा तो कोलकाता और आसपास के इलाकों में ही हैं। पहले दुर्गा पूजा षष्ठी से लेकर नवमी यानी चार दिनों तक ही मनायी जाती थी, लेकिन अब यह दस दिनों तक चलती है। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा आयोजित करने की शुरुआत को लेकर कई कहानियां हैं। कुछ इतिहासकारों का कहना है कि पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा का आयोजन 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुआ। कहा जाता है कि प्लासी के युद्ध में अंग्रेजों की जीत पर भगवान को धन्यवाद देने के लिए पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ था। प्लासी के युद्ध में बंगाल के शासक नवाब सिराजुद्दौला की हार हुई थी। युद्ध में जीत के बाद रॉबर्ट क्लाइव ईश्वर को धन्यवाद देना चाहता था, लेकिन युद्ध के दौरान नवाब सिराजुद्दौला ने इलाके के सारे चर्च को नेस्तानाबूद कर दिया था। उस वक्त अंग्रेजों के हिमायती राजा नव कृणदेव सामने आये। उन्होंने रॉबर्ट क्लाइव के सामने भव्य दुर्गा पूजा आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर रॉबर्ट क्लाइव भी तैयार हो गया। उसी वर्ष पहली बार कोलकाता में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ। 1757 के दुर्गा पूजा आयोजन को देखकर बड़े अमीर जमींदार भी आश्चर्यचकित रह गये।

### बंगाल में पास और सेन वंश के लोगों ने पूजा को दिया काफी बढ़ावा

**बंगाल** में पास और सेन वंश के लोगों ने पूजा को काफी बढ़ावा दिया। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा की अर्थव्यवस्था 32,377 करोड़ रुपये की है। इसमें खुदरा क्षेत्र की हिस्सेदारी 27,634 करोड़ रुपये की है। दुर्गा पूजा में मूर्ति निर्माण, रोशनी व सजावट, प्रायोजन, विज्ञापन जैसे करीब 10 उद्योग खास तौर पर सक्रिय रहते हैं। राज्य के पर्यटन मंत्रालय के निर्देश पर ब्रिटिश काउंसिल की ओर से किये गये शोध से यह आंकड़ा सामने आया है। जानकारों के मुताबिक, कोलकाता पूजा के दौरान कॉर्पोरेट घराने 800 से लेकर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा तक खर्च करते हैं। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स पहले ही अनुमान जता चुका है कि 2030 तक दुर्गा पूजा का टर्नओवर मेगा कुंभ मेला के बराबर हो जायेगा जो करीब एक लाख करोड़ रुपये है।

## न्यूज गैलरी

### रांची सांसद ने राष्ट्रपिता को किया नमन

रांची। गांधी जी की जयंती पर रांची सांसद संजय सेठ ने बापू वाटिका, मोराबादी में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित राम भजन में भी वे शामिल हुए तथा बापू के अनुयाई टाना भगतों से मुलाकात की साथ ही सांकेतिक रूप से सूत काटा।

### अरगोड़ा रावण दहन कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री आमंत्रित

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा, रांची के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने विजयादशमी के दिन आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में समिति के अध्यक्ष पंकज साहू, जय प्रसाद साहू , कंचन कुमार साहू , संजय साहू , पंचू साहू, चंदन साहू , गुड्डू साहू और रवि साहू शामिल थे।

### रांची रेल मंडल ने स्वच्छता पखवाड़ा में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक



रांची। रांची रेल मंडल में 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा के समापन के अवसर पर आज मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के प्रांगण से प्रभातफेरी निकाली गई। मण्डल रेल प्रबन्धक प्रदीप गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मण्डल रेल प्रबन्धक के नेतृत्व में सभी शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ हटिया रेलवे कॉलोनी में श्रमदान कर सफाई की गई तथा हटिया रेलवे कॉलोनी स्थित ओपन जिम परिसर में पौधारोपण किया गया। मौके पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार, मुख्य परियोजना प्रबन्धक( गतिशक्ति इकाई सतीश कुमार, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी निशांत कुमार समेत रेल अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### 60 सोलर कोल्ड रूम बनाएगा कृषि विभाग, तैयारी शुरू

रांची। राज्य सरकार ने राज्य भर में सोलर कोल्ड रूम बनाने का विचार किया है। इसके लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड ने पहल की है। विभाग की ओर से अलग अलग जिलों में 60 सोलर कोल्ड रूम बनाने को ई– प्रोक्योरमेंट नोटिस भी जारी कर दिया है। इसकी क्षमता 5 मीट्रिक टन की होगी। कोल्ड रूमों के निर्माण पर 1 करोड़ 72 लाख 56 हजार रुपये की लागत आने की उम्मीद है। कार्य आवंटन के बाद 6 महीने की अवधि में इसे तैयार करना होगा। सोलर कोल्ड रूम की खासियत सौर ऊर्जा से इसका संचालन होगा। इससे बिजली के खर्च से राहत होगी। किसानों, व्यापारियों को भी अपने फसलों, अनाजों को रख रखाव में खर्च में कमी का लाभ मिलेगा। कृषि विभाग के मुताबिक सोलर कोल्ड रूम बनाने के लिए टेंडर भरने की प्रक्रिया शुरू है जो 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा। 18 अक्टूबर को इसे खोला जायेगा। जानकारी के लिए फोन नंबर 9431378938,7250895727 से संपर्क किया जा सकता है।

### बिरसा गांधी पाठशाला में बच्चों ने गांधी जयंती मनायी

रांची। बिरसा गांधी पाठशाला, झिरगा टोली के विद्यार्थियों ने रविवार को गांधी जयंती मनायी। बच्चों ने बापू के जीवन और योगदान विषय पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रा सोनाक्षी ने दक्षिण अफ्रीका जाते वक्त महात्मा गांधी के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त घटना ने बापू के जीवन की दिशा बदल दी और उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लिया। चारू ने अहिंसा, असहयोग और सत्याग्रह को गांधीजी के संघर्ष का हथियार बताया। कुछ बच्चों ने बापू के चित्र बनाए। गीत व कविताओं का पाठ भी बच्चों ने किया। मौके पर स्कूल के संस्थापक विनोद कुमार मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन, कहा- असुरी शक्ति को नष्ट करने का बल दे मां : संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री दुर्गापूजा समिति,भुतहा तालाब पूजा पंडाल पिछले 1926 से यहां बनती आ रही है। राज्य में हर तरफ नवरात्रि की धूम मची हुई है। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया है। ऐसे में अब विभिन्न पूजा पंडालों का उद्घाटन होना भी शुरू हो चूका है। रविवार को श्री दुर्गा पूजा समिति, भुतहा तालाब के भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समरोह को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा हमेशा दुष्टों का नाश करती है। अध्यक्ष,उमंग सुल्तानिया ने अपने सबोधन में कहां हिन्दू धर्म के शास्त्रों में उल्लेख है की हमें अपने सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना पुरे विधि विधान के साथ ही करनी चाहिए। आज समिति के पंडाल का उद्घाटन समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, वरिष्ठ संरक्षक उदय साहू, वरिष्ठ अतिथि अजय नाथ सहदेव, अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया,महामंत्री रूद्रप्रताप सिंह,कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह, आयोजक संजय सिंह (लल्लू), मनीष सेठी, रवि कुमार पिंकू, गोपल पारीक नें सयुक्त रूप से फीता काटकर, नारियल फोड़कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर समिति के प्राथमेश अग्रवाल, रामनाथ अग्रवाल, दयामनती देवी, श्याम अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, कुमुद अग्रवाल, बेधनाथ अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, वनीषा अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, भानु अग्रवाल, अमित किशोर, बम बम गुप्ता, शशि रंजन सिन्हा, राजू अग्रवाल, संजय सिंह लल्लू, विनय सिंह, बबलू वर्मा, नमन भारतीय, करण सिंह, मोहित रजक, शशांक शर्मा, शिव किशोर शर्मा, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरव रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा आदि समिति के सदस्यगण एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## सांसद संजय सेठ ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी के मौके पर रांची शहर के रातू इलाके के दलादली चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण सांसद संजय सेठ ने फीता काट कर व पूजा-अर्चना कर किया। मां दुर्गा के भक्त अब पूजा पंडाल का भ्रमण कर मां का दर्शन कर सकेंगे। मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद श्री सेठ ने कहा कि दलादली चौक पूजा समिति के द्वारा इस बार माता का भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया गया है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण पूजा बेहद सादगी से मनाया गया था। इस बार मां के भक्तों में उत्साह चरम पर है।



माता रानी सभी को सुख, समृद्धि दे और सभी स्वस्थ रहें। सांसद संजय सेठ ने कहा कि हम आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व-त्योहार मनाते हैं। परंतु कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हमारे त्योहारों में व्यवधान डालने की कोशिश की जाती हैं। जिस तरह रांची मेन रोड के हनुमान मंदिर को तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने का काम किया है उसकी मैं घोर निंदा करता हूं। जिनके द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जाती है वैसे असामाजिक तत्वों को राज्य सरकार द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग करता हूं ताकि ऐसा करने से पहले हजार बार उसे सोचना पड़े। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष जनार्दन ओझा, सचिव अभिषेक मिश्रा, उप सचिव बीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, ओझा जी, रामाशिष शर्मा, सुनील कुमार सिंह, बबन सिंह, शशिभूषण भगत, मृत्युंजय शर्मा, ललित ओझा, राकेश चौधरी, मुकेश सिंह, रंजीत सिंह, गौतम राय, राजनंदन सिन्हा, नेहा सिंह, कृष्णा चौरसिया, अमरजीत सिंह, कार्तिक सिंह, मंतोष कुमार, वैभव दुबे, विवेक मिश्रा, निरंजन भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया जाएगा सालाना उर्स

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का सालाना उर्स 13 अक्तूबर से शुरू होगा। उर्स 17 अक्तूबर तक चलेगा। दो वर्ष बाद 215वां सालाना उर्स धूमधाम से मनाया जाएगा। यह बातें रविवार को दरगाह में हुई प्रेसवार्ता में कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल रऊफ गद्दी व महासचिव मो. फारुक व प्रवक्ता नसीम गद्दी ने संयुक्त रूप से कही। बताया, 13 अक्तूबर को शाही संदल व चादर पोशी की जाएगी। सुबह आठ बजे परचम कुशाई होगी। हाजी अब्दुल के घर से दोपहर तीन बजे शाही संदल व चादर निकलेगी और शाम 4.30 बजे दरगाह में चादर पोशी होगी। 14 अक्तूबर को कव्वाली का प्रोग्राम होगा। जिसमें कौशल जानी, कलाम नाजा, बड़े नवाब वारसी, आरिफ नवाज, जबीउल्ला जानी, आजाद अली वारसी, शहंशाह ब्रदर का कव्वाली मुकाबला होगा। इसके अलावा 15 अक्तूबर को मजार शरीफ परिसर में खानकाही कव्वाली होगी। 16 अक्तूबर को कमेटी के महासचिव के मकान से शाही संदल व चादर पोशी निकलेगी और शाम चार बजे दरगाह में चादर पोशी होगी। इसके अलावा मो. फारुख के मकान पर दिल्ली के चांद कादरी और मुंबई के मुराद आतिश के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। 17 अक्तूबर को फातिहा खानी, मिलाद, लंगर और पंज सुरह पढ़ा जाएगा।

## 351 कुंवारी कन्याओं व 71 विनायक जी महाराज का हुआ पूजन

**नवीन मेन संवाददाता**

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रविवार को सामुहिक रूप से 351 कुंवारी कन्याओ एव 71 विनायक जी महाराज (श्री गणेश) जी का पूजन पूर्ण आस्था के साथ किया गया। 351 कन्या एवं 71 गणेश जी महाराज के पूजन के साथ संस्था के द्वारा 51वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में 1200 श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण भी



भव्य रूप से आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम पहली बार किया गया था संस्था ने 108 कन्या के पूजन का कार्यक्रम करने का रखा था पर 351 कन्या आ गई थी 71 छोटे लडके विनायक जी महाराज( श्री गणेशजी ) आ गये थे। उन सभी कन्याओ एव विनायक जी महाराज ( श्रीगणेश) जी महाराज का पूजन कर सभी आये हुए कन्याओ एवं बच्चों को भोजन कराकर सभी बच्चो को तिलक करकर निकलकर सभी को नये वस्त्र, चुनरी, फल एवं रू. 11 दक्षिणा देकर सभी आये हुए कन्याओं एवं बच्चों को संस्था के सदस्यों ने विदाई की। उन बच्चों के साथ आये हुए उनकी माताओं को संस्था के सदस्यों से द्वारा साड़ी का वितरण किया गया। सभी बच्चे एवं महिलायें नवरात्री एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर नये वस्त्र मिलने से बहुत ही खुश हो रहे थे। निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर को माता के पूजन के लिए फुलों एवं गुबारों से सजाया रहा है। निमार्णाधीन मंदिर की सजावट देखने लायक थी। संस्था के सदस्यों ने भजन सत्संग कर कार्यक्रम की शुरूआत की आज कन्या पूजन के साथ साथ श्री कृष्ण अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का भी लगभग 1200 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। संस्था के कन्या पूजन कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय जालान, ओमप्रकाश सरावगी विष्णु सोनी, नन्द किशोर चौधरी, सुशील नारसरिया, सुरेश चौधरी, किशन सोनी, हरी सोनी, वेंकट गाडोदिया, सुशील गाड़ोदिया, जयप्रकाश मित्तल, अमित पोद्दार महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, विमला जालान, शोभा जालान, सुनीता अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल, मीरा देवी आडुकिया एवं संस्था के और भी बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## नीरज वर्मा बने मां भवानी सेना के अध्यक्ष व अभिषेक झा होंगे कार्यकारी अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मां भवानी सेना की बैठक रविवार को बिहार क्लब में हुई बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष नीरज वर्मा ने की और मंच संचालन सचित रंजन ने की बैठक में वर्ष 2022 की दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक में मां भवानी सेना के नए सत्र के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।



संरक्षकः डॉ. अजीत सहाय,महेश चंद्रा, भरत काशी, राजीव रंजन प्रसाद,संजय गुप्ता,गौतम,राजन वर्मा, विजेता वर्मा। संयोजकः श्री सोनू सिंह, अध्यक्षः नीरज वर्मा, कार्यकारी अध्यक्षः अभिषेक झा, महामंत्रीः अभिषेक शुक्ला, कोषाध्यक्षः सचित रंजन, वरीय उपाध्यक्षः नितेश यादव, गुड्डू शुक्ला,पंचम सिंह,दीपक साहू,विनय यादव, उपाध्यक्षः राहुल पांडे, मोहित पांडे,सोनू ओझा,लोकेश महतो, मंत्रीः जगत मुरारी, विकास गुप्ता, अंकित शर्मा, रितिक, हर्ष, सनी, राहुल वर्मा, रोहित चौधरी बने। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूजा के दौरान मां भवानी सेना के कार्यकर्ता पंडाल और जिले की में श्रद्धालुओं की मदद के लिए कार्य करेंगे। मौके पर मौजूद मां भवानी सेना के अध्यक्ष नीरज वर्मा ने कहा कि पिछले 2 सालों से कोरोना के चलते गाइडलाइंस का पालन करते हुए मां भवानी सेना को विस्तृत रूप दे पाना मुश्किल था लेकिन इस साल मां भवानी सेना के 200 वोलेंटियर्स तन मन से रांची में दुर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर मां भगवती के दर्शन करने आने वाले भक्तों को सेवा में तत्पर रहेगी। एवम रांची जिला के सभी पूजा पंडालों में सेवा देंगे और जिला प्रशासन की सहायता करेंगे। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक झा ने कहा कि मां भवानी सेना के 200 वॉलिंटियर्स रांची के हर एक पूजा पंडाल मै मौजूद रहेंगे एवं रांची जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर पूरे रांची शहर में पूजा को शांति व्यवस्था एवं असामाजिक तत्व से निपटने में पुलिस प्रशासन की सहायता करेंगे।

## रांची में आठ को महिला व पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता–सह टीम चयन ट्रायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 23 वीं झारखंड राज्य सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता-2022 में भाग लेने के लिए रांची जिला सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता/सह टीम चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 08/10/2022 प्रातः 10:00 बजे से बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी,राँची में आयोजित किया जाएगा। राँची जिला के खिलाड़ियों को इस चयन ट्रायल/ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र, पिछले क्लास का मार्क शीट,आधार कार्ड,आवासीय प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति और अपना पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाले पहलवान,दिनांक 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2022, तक गांधी मैदान गोड्डा झारखंड में आयोजित झारखंड राज्य सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता 2022 में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## पेज एक के शेष

**पलामू में हैदरनगर में सौ सालों से लगता है...**

हैं कि हैदरनगर में देवी मां की आराधना से सारी मनोकामना पूर्ण होती हैं। हैदरनगर देवी धाम परिसर आपसी सौहार्द का मिसाल है। जिस वक्त मंदिर की स्थापना हुई थी, उसी वक्त से ही मंदिर परिसर में है जिन्न बाबा का मजार है। लोग देवी मां की पूजा करने के बाद मजार पर इबादत भी करते हैं। आशिक अली यहां वर्षों से इबादत करते आ रहे हैं। वे बताते हैं कि हरदिन सैकड़ों लोग चादरपोशी के लिए यहां पहुंचते हैं। हैदरनगर देवी धाम परिसर में एक प्राचीन पेड़ मौजूद है। इस पेड़ में हजारों की संख्या में कील ठोके हुए हैं। मान्यता है कि इन कील में भूतों प्रेतों को कैद किया गया है। पूरे नौ दिनों तक देवी धाम परिसर में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा रहती है। मध्य प्रदेश के सिंगरौली से झाड़ फूंक करने हैदरनगर पहुंचने व्यक्ति ने दावा प्रस्तुत किया कि प्रेत बाधा होती है, जिसे यहां दूर किया जाता है। प्रेत बाधा से मुक्ति के लिए अलग अलग फीस है। यह फीस पांच से 40 हजार रुपये तक है। शारदीय और चैत नवरात्र में मंदिर प्रबंधन कमेटी को लाखों रुपय की आय होती है. इन पैसे को मंदिर के विकास और भक्तों को सुविधा उपलब्ध करवाने में खर्च किया जाता है. भूत मेला को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति एक महीने पहले से तैयारी शुरू कर देती है। इस बार देवी मां के सभी स्वरूपों को सोने और चांदी के जेवरात से सजाया गया है। हैदरनगर देवी धाम परिसर में मां शीतला देवी मौजूद हैं। एक जमींदार परिवार 1887 के आसपास औरंगाबाद के जम्होर से हैदरनगर पंहुचा था और उन्होंने ही इस मंदिर की स्थापना की थी।

**आज वायुसेना के बेड़े में शामिल होगा स्वदेशी...**

वायुसेना के ठिकाने पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 5.8 टन वजन के और दो इंजन वाले इस हेलीकॉप्टर से पहले ही कई हथियारों के इस्तेमाल का परीक्षण किया जा चुका है। गौरतलब है कि इस साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) की बैठक में, स्वदेश विकसित 15 एलसीएच को 3,887 करोड़ रुपये में खरीदने की मंजूरी दी गयी थी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 10 हेलीकॉप्टर वायुसेना के लिए और पांच थल सेना के लिए होंगे। अधिकारियों ने बताया कि एलसीएच एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव से समानता रखता है। उन्होंने बताया कि इसमें कई में स्टील्थ (राडार से बचने की) विशेषता, बख्तर सुरक्षा प्रणाली, रात को हमला करने और आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने की क्षमता है।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जिनकी कल...**

हिंदी पुस्तकालय भी गए थे। यहां उनके साथ डा. राजेंद्र प्रसाद भी थे। दोनों ने पुस्तकालय में अपना संदेश भी लिखा था। गांधी जी ने रेलवे स्टेशन के नजदीक मैदान में हजारों लोगों को संबोधित किया और आजादी की लड़ाई में उनसे सहयोग की अपेक्षा की। जवाब में लोगों ने वंदेमातरम, भारत माता की जय, गांधी जी की जय के नारे लगाए और उन्हें हरकदम पर साथ देने का वचन दिया। इसका परिणाम पलामू में चले स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न चरणों से लगाया जा सकता है। यहां के लोगों ने सविनय अवज्ञा आंदोलन से लेकर 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया। जिस मैदान में सभा हुई थी, उसे गांधी मैदान के नाम से जाना जाता है। डालटनगंज में वे सेठ सागर मल सर्राफ के बगीचे में रुके थे।

**गांधी जयंती पर भाजपाईयों ने...**

अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया के लिए समय आ गया है कि हम गांधी जी के द्वारा अपनाये गये अहिंसा के रास्ते पर चलकर दुनियां में शांति और भाईचारे की स्थापना कर सकते हैं। आज पूरी दुनियां में हथियारों की होड़ लगी हुई है जो मानवजाति के लिए शुभ नहीं है। श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालों में प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, रांची सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, राजू सिंह, वरुण साहू, बलराम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महानवमी के दिन शुरू होगी जन रामायण महायात्रा, नवम्बर में अयोध्या में होगा जन रामायण महोत्सव

# साहित्यकारों का लगेगा विशाल जमावड़ा, योगी सहित गणमान्य लोग होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अयोध्या में आहूत श्री रामलला अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव जन रामायण को लेकर मंगलवार 4 अक्टूबर, महानवमी के दिन अयोध्या के लिए जन रामायण यात्रा की शुरूआत होगी। जिसमें जन रामायण और आयोजन अयोध्या को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उत्तरप्रदेश के सभी गणमान्य व्यक्ति और साहित्यकारों को निमंत्रण दिया जाएगा। 4 की शाम लखनऊ से अयोध्या के लिए यात्रा निकलेगी और राम की पौड़ी में संध्यावंदन आरती के साथ रामलला को निमंत्रण दिया जाएगा। अगली सुबह सरयू स्नान और राम लला दर्शन पूजन कर आयोजन की सफलता हेतु प्रार्थना की जाएगी। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति संगम साहित्योदय के बैनर तले अयोध्या में आगामी 19-20 नवम्बर को श्री राम लला




अंतरराष्ट्रीय साहित्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या के जानकी महल में आयोजित जन रामायण उत्सव में दुनियाभर के कवि, लेखक, साहित्यकार और कलाकारों का विशाल जमावड़ा लगेगा। इस मौके पर विश्व के सबसे अनूठे साझा महाकाव्य जन रामायण सहित कई पुस्तकों का भव्य विमोचन, कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह और साहित्यिक पर्यटन होगा। दो दिवसीय साहित्य समागम में देश के कई लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार और कलाकार शामिल होंगे। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को साहित्योदय रत्न सम्मान दिया जाएगा। आयोजन की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों के पहुंचने की संभावना है। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि

**इस मौके पर विश्व के सबसे अनूठे साझा महाकाव्य जन रामायण सहित कई पुस्तकों का भव्य विमोचन, कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह और साहित्यिक पर्यटन होगा।**

पंकज प्रियम ने बताया कि जन रामायण स्वयं में एक अनूठा साझा कव्यग्रन्थ है जिसमें विश्व के सौ से अधिक रचनाकारों ने मिलकर सहज, सरल और सरस जनभाषा में लिखा है। इसको लेकर गत वर्ष 5-6 दिसम्बर को जन रामायण पर साढ़े 26 घण्टे का ऑनलाइन कवि सम्मेलन कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुका है। उन्होंने बताया कि साहित्योदय पिछले कई वर्षों से साहित्य कला और संस्कृति के प्रचार प्रसार में कार्य कर रहा है। कोरोना काल मे सबसे पहले और सर्वाधिक 2 हजार से अधिक ऑनलाइन कवि सम्मेलन/ काव्यपाठ/ सम्मान करवा चुका है। साहित्योदय प्रकाशन के तहत अबतक कई पुस्तकें छप चुकी है।

## न्यूज गैलरी

### क्रिस गेल ने गुजरात जायंट्स के साथियों के साथ किया गरबा

**जोधपुर (एजेंसी)।** भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक नवरात्रि देश में खूब धूम-धाम से मनाया जा रहा है। नवरात्रि त्योहार का जशन अब क्रिकेट की दुनिया में भी दिख रहा है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल सहित गुजरात जायंट्स के अन्य खिलाड़ियों ने जोधपुर में नवरात्रि का त्योहर मनाया। गेल और सहवाग के अलावा पार्थिव पटेल, केविन ओ ब्रायन, ग्रीम स्वान, रिचर्ड लेवी और अजंता मेंडिस उनके साथ जशन मनाते देखे गये। गौर हो कि गुजरात जायंट्स टीम इस समय लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए जोधपुर में हैं। सहवाग की अगुवाईवाली टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है और उनकी सोमवार को बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में एलिमिनेटर मैच खेलेगी।

### हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने 28 अक्टूबर से शुरू होनेवाले एफआईएच प्रो लीग सत्र के शुरुआती मैचों के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय पुरूष कोर संभावित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की, जिसमें कप्तान मनप्रीत सिंह और अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश शामिल हैं। भुवनेश्वर में कलिंग स्टेडियम में न्यूजीलैंड (28 अक्टूबर और चार नवम्बर) और स्पेन (30 अक्टूबर और छह नवम्बर) के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिये खिलाड़ी सोमवार को बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र पहुंचेंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने शिविर के बारे में कहा कि भुवनेश्वर-राउरकेला में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरूष विश्व कप 2023 से पहले हमें किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है, इसके बारे में हमें एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में खेलने के बाद पता चलेगा।

### नोवाक जोकोविच ने वासेक को मात देकर सेमीफाइनल में बनायी जगह

**ओटावा (एजेंसी)।** सार्बिया के नोवाक जोकोविच ने एक कड़े मुकाबले में कनाडा के वासेक पोस्पिसिल के खिलाफ 7-6 (5), 6-3 से जीत दर्ज कर तेल अवीव वाटरजेन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कनाडा के पोस्पिसिल ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी हालांकि जोकोविच के अनुभव के आगे उन्हें नतमस्तक होना पड़ा। इस जीत के साथ जोकोविच ने अपनी एटीपी हेड2हेड श्रृंखला में 6-0 से सुधार किया है, उन्होंने अब तक खेले गए सभी 13 सेट जीते हैं। मैच के बाद सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि वासेक टूर पर मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक है। हम एक दूसरे को कई सालों से जानते हैं। किसी ऐसे व्यक्ति के साथ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसका आप बहुत सम्मान करते हैं और जिसे आप बहुत पसंद करते हैं, लेकिन हम दोनों पेशेवर हैं और मैच जीतना चाहते थे। आप इसे देख सकते हैं। मुझे लगता है कि टेनिस का स्तर वास्तव में ऊंचा था। खासकर पहले सेट और दूसरे सेट के अंत में। लड़ने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उसकी फिर से वापसी देखकर अच्छा लगा।

## फुटबॉल मैच : हिंसा, भगदड़ और मौत का तांडव...

# इंडोनेशिया के मैदान पर हिंसा, 170 से अधिक की मौत

**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया में शनिवार को एक फुटबॉल मैच के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 174 लोग मारे गये हैं जबकि अभी तक 180 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। घटना पूर्वी जावा के मलंग रीजेंसी के कंजुरुहान स्टेडियम में हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक अरेमा एफसी और पसेबाया सुरबाया के बीच मैच चल रहा था। इस बीच अरेमा की टीम हार गयी जिसके बाद अपनी टीम को हारता देख बड़ी संख्या में प्रशंसक मैदान की तरफ भागने लगे। इस दौरान कुछ लोगों ने खिलाड़ियों पर हमला कर दिया। इस घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिसमें दिख रहा है कि लोग मैदान पर घुस आये और सुरक्षाकर्मियों पर चीजें फेंकना शुरू कर दिया। साथ ही पुलिस लोगों को काबू करने के लिए लाठीचार्ज कर रही है और आंसू गैस के गोले छोड़ रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लोगों की मौतें मारपीट, भगदड़ और दम घुटने से हुई हैं। वहीं, स्टेडियम में मारे गये लोगों में दो पुलिस अधिकारी भी हैं। इस घटना में घायल हुए लगभग 180 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पूर्वी जावा के पुलिस अधिकारी निको अफिंटा ने मीडिया को बताया कि स्टेडियम के अंदर 34 लोगों की मौत हुई और बाकी की अस्पताल में मौत हुई।



### जैविलन थ्रो खिलाड़ी डोपिंग के चलते 2025 तक निलंबित

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जैविलन थ्रो के खिलाड़ी शिवपाल सिंह को डोपिंग उल्लंघन के कारण अक्टूबर 2025 तक सभी प्रतिस्पर्धाओं से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उन पर प्रतिबंधित पदार्थ मेथेंडिएनोन (एक प्रदर्शन-बढ़ाने वाले स्टेरॉयड) का परीक्षण सकारात्मक पाया गया। नतीजतन, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने शिवपाल सिंह को चार साल के लिए निलंबित कर दिया। उन पर प्रतिबंध 21 अक्टूबर, 2021 से लागू होगा, जिसका मतलब है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर 2025 तक कार्रवाई से बाहर रहेंगे। उत्तर प्रदेश के एथलीट शिवपाल सिंह 2019 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक विजेता हैं, जहां उन्होंने 86.23 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो हासिल किया। उन्होंने 2019 विश्व सैन्य खेल भी जीता था।

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज

# नमन ओझा की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत इंडिया लीजेंड्स ने जीता खिताब

**रायपुर (एजेंसी)।** श्रीलंका लीजेंड्स के खिलाफ खेले गये रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी-20 2022 के फाइनल मुकाबले में भारत ने नमन ओझा की शतकीय पारी के बाद अभिमन्यु मिथुन और विनय कुमार की शानदार गेंदबाजी के दम पर 33 रन से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया। भारत ने खेल की शुरुआत करते हुए नमन ओझा की 71 गेंदों पर नाबाद 108 रन की शानदार शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवरों में 195/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया। नुवान कुलशेखरा (3/29) ने अपने स्पेल से श्रीलंकाई गेंदबाजी का नेतृत्व किया जिसने महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। 196 रनों का पीछा करते हुए यह केवल ईशान जयरत्ने (51) ही थे जो विनय कुमार (3/38) के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ एक शक्तिशाली बल्लेबाजी करने में सक्षम थे। 196 रनों का पीछा करते हुए तेज गेंदबाज विनय और स्पिनर राजेश पावर और स्टुअर्ट बिन्नी ने श्रीलंका लीजेंड्स के शीर्ष क्रम को नष्ट कर दिया जिसमें कुछ प्रसिद्ध दिग्गज दिलशान मुनवीरा (8), सनथ जयसूर्या (5), कप्तान तिलकरत्ने दिलशान (11) और उपुल थरंगा (10)



शामिल थे, और श्रीलंका के 41 रन पर चार विकेट उड़ा दिए। असेला गुणरत्ने और जीवन मेंडिस ने श्रीलंका को 50 रन का आंकड़ा पार करने में मदद की। उनके बीच साझेदारी पनपने लगी। फॉर्म में चल रहे यूसुफ पठान ने इनकी साझेदारी को तोड़ा और गुणरत्ने को 17 गेंदों में सिर्फ 19 रन पर वापस पवेलियन भेज दिया। क्षण भर बाद मेंडिस को ओझा और बिन्नी की जोड़ी ने 11 गेंदों पर 20 रन पर रन आउट कर दिया। श्रीलंका की आधी टीम 85 रन पर वापस लौट आयी थी।

ईशान जयरत्ने और महेला उदावटे पीछा करने वाली अगली जोड़ी थीं जिससे उनकी टीम को 100 रन का आंकड़ा पार करने में मदद मिली। मिथुन ने उदावटे को 19 गेंदों में 26 रन पर आउट कर श्रीलंका को 148/7 पर रोक दिया और उन्हें अभी भी 16 गेंदों में 48 रन चाहिए थे। जयरत्ने अंततः 22 में 51 रन पर आउट हो गए जिसमें विनय कुमार द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट होने से पहले चार चौके और चार छक्के शामिल थे। विनय ने धनमिका प्रसाद को गोल्डन डक पर आउट करते हुए विजयी विकेट लिया और 18.5 ओवर में 162 रन पर श्रीलंका को ढेर कर दिया। विनय (3/38) और मिथुन (2/27) ने महत्वपूर्ण विकेट लेकर श्रीलंका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। राजेश, बिन्नी, युसूफ और राहुल शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले तेज गेंदबाज नुवान कुलशेखरा ने कप्तान सचिन तेंदुलकर (0) और सुरेश रैना को फंसाया जिससे गत चैंपियन 19/2 से संघर्ष कर रहे थे। ओझा को विनय कुमार का समर्थन मिला और दोनों ने इंडिया लीजेंड्स को 100 रन का आंकड़ा पार करने में मदद की। उनके बीच 90 रन की साझेदारी हुई। जयरत्ने ने विनय को 21 गेंदों में 36 रन पर आउट कर इस साझेदारी का अंत कर दिया। इस समय भारत का स्कोर 11.3 ओवर में 109/3 पर था। युवराज सिंह क्रीज पर थे और उन्होंने कुछ शानदार शॉट्स लगाए, दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्होंने ओझा के साथ एक साझेदारी की जिन्होंने शतक बनाया। कुलशेखरा ने युवराज को 13 गेंदों में 19 रन पर आउट कर मैच का तीसरा विकेट हासिल किया। इसुरु उदाना ने पठान बंधुओं इरफान को 11 रन पर और युसूफ को 0 पर आउट किया। ओझा (108 *) और बिन्नी (8 *) के नाबाद होने के साथ 20 ओवरों में इंडिया लीजेंड्स ने 195/6 पर पारी की समाप्ति की। कुलशेखर (3/29) और उदाना (2/34) लंका के लिए प्रमुख गेंदबाज थे। जयरत्ने (1/44) को भी एक विकेट मिला। नामा ओझा की पारी ने उन्हें 'मैन ऑफ द मैच का खिताब दिलाया।

## ईरानी ट्रॉफी 2022 : सरफराज खान ने डॉन ब्रैडमैन को पीछे छोड़ा, बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**सौराष्ट्र (एजेंसी)।** घरेलू मैदान पर बल्लेबाज सरफराज खान का अच्छा समय चल रहा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने हाल ही में सौराष्ट्र के खिलाफ ईरानी ट्रॉफी में 178 गेंदों में 138 रन की शतकीय पारी खेलते हुए सर डॉन ब्रैडमैन को पीछे छोड़ दिया है। शतकीय पारी के साथ ही उनके घरेलू सर्किट में महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन से भी ज्यादा रन हो गये हैं। ब्रैडमैन ने जहां 22 प्रथम श्रेणी मैचों में कुल 2927 रन बनाये हैं, वहीं सरफराज ने 2928 रन बनाये हैं, लेकिन उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज की तुलना में सात पारियां ज्यादा ली हैं। सरफराज का घरेलू क्षेत्र में दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट भी है, इस श्रेणी में उनसे केवल ब्रैडमैन ही आगे हैं। शेष भारत के एक उत्कृष्ट गेंदबाजी प्रयास के बाद जहां उन्होंने 24.5 ओवरों में एमपी को केवल 98 रन पर आउट कर दिया, अभिमन्यु ईश्वरन, मयंक अग्रवाल और यश



ढुल के सस्ते में आउट होने के बाद शेष भारत को खराब शुरुआत मिली। हालांकि, कप्तान हनुमा विहारी और सरफराज ने उनके बीच एक शानदार साझेदारी की और एक मुश्किल स्थिति से अपनी टीम को उबारा। विहारी 82 रन बनाकर आउट हो गये, लेकिन सरफराज ने अपने शॉट खेलना जारी रखा और एक और शतक पूरा बनाया जिसमें 19 चौके और तीन छक्के शामिल थे। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष चेतन शर्मा और उनके सहयोगी सुनील जोशी की उपस्थिति में दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने व्यापक शॉट्स दिखाये, क्योंकि विपक्षी गेंदबाजों में से किसी ने भी बल्लेबाज को कोई परेशानी नहीं दी। सरफराज ने अपनी पिछली 24 प्रथम श्रेणी पारियों में अब नौ शतक और पांच अर्धशतक बनाये हैं। इस बीच उनकी टीम ने पहली पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है और पहली पारी के बाद बड़ी बढ़त हासिल करने की मजबूत स्थिति में है।

### भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की जर्मनी को हराकर किया उलटफेर

**चेंगडू (एजेंसी)।** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान के अपने दोनों एकल मुकाबले जीतने से भारत ने रविवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के ग्रुप चरण में दूसरी वरीय जर्मनी को 3-1 से हराकर उलटफेर किया। साथियान को इन दो में से एक जीत दुनिया के नंबर नौ खिलाड़ी डांग कियू के खिलाफ मिली। दुनिया के 37वें नंबर के इस भारतीय ने पहले डुडा बेनेडिक्ट (36वीं रैंकिंग) को हराया और फिर जर्मनी के अपने से ऊंची रैंकिंग के कियू को पराजित किया। साथियान ने दोनों ही मुकाबलों में पहले दो गेम हारने के बाद मजबूत वापसी की। उन्होंने बेनेडिक्ट को 11-13, 4-11, 11-8, 11-4, 11-9 से और कियू को 10-12, 7-11, 11-8, 11-8, 11-9 से हराया। साथियान ने कहा कि कियू के खिलाफ मुकाबला निश्चित रूप से काफी कठिन था। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शुमार है। यह काफी चुनौतीपूर्ण मुकाबला भी रहा। हालांकि, भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हरमीत देसाई को दूसरे एकल में कियू से 1-2 से हार मिली।

## टी-20 विश्व कप तक ठीक हो सकते हैं बुमराह

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह की चोट ने न केवल भारतीय राष्ट्रीय टीम बल्कि दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए भी चिंता का विषय बना दिया है। जब स्टार पेसर के आगामी टी-20 विश्व कप से बाहर होने की खबरें आयीं तो भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने इस मामले पर खुल कर बोला और कहा कि बुमराह निगरानी में हैं और उन्हें बाहर नहीं किया गया है। भारत को पहले ही मार्की इवेंट से पहले एक बड़ा झटका लगा था, क्योंकि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा चोट के कारण बाहर हो गये थे।

अब रिपोर्ट्स बताती हैं कि बुमराह को 'स्ट्रेस रिएक्शन' है, न कि 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' जिसका मूल रूप से मतलब है कि चोट उतनी खराब नहीं है जितनी लगती है। एक खिलाड़ी कुछ ही हफ्तों में इससे उबर सकता है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा कि



बुमराह 4-6 सप्ताह के भीतर ठीक हो सकते हैं जोकि तनाव प्रतिक्रिया के लिए सामान्य अवधि है। वहीं, स्ट्रैस फ्रेक्चर के ठीक होने की अवधि 4-6 महीने की है। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (बेंगलुरु में) में बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा स्कैन से पता चला है कि यह स्ट्रेस फ्रैक्चर नहीं है बल्कि स्ट्रेस रिएक्शन है जो स्ट्रेस फ्रैक्चर से एक कम है। स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने में 4-6 महीने लगते हैं, लेकिन आमतौर पर स्ट्रेस रिएक्शन से उबरने में लगभग 4-6 हफ्ते लगते हैं।

# बिना किसी दबाव के खेलने पर 180 की स्ट्राइक रेट से रन बना सकता है राहुल : शेन वॉटसन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** शेन वॉटसन का मानना है कि केएल राहुल जब इस रवैये के साथ बल्लेबाजी करते हैं कि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं और ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर चाहता है कि इस महीने के आखिर में होने वाले टी-20 विश्वकप में भारत का यह सलामी बल्लेबाज इसी तरह से बल्लेबाजी करे। एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के दौरान राहुल का स्ट्राइक रेट आलोचकों के निशाने पर रहा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में भारत को केवल 107 रन का लक्ष्य हासिल करना था, लेकिन राहुल ने बेहद धीमी बल्लेबाजी की और 56 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये।





वॉटसन ने एक बातचीत में कहा कि राहुल को ऑस्ट्रेलिया में होनेवाले विश्वकप के दौरान पहली गेंद से ही आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए। वॉटसन ने कहा कि केएल राहुल मेरा पसंदीदा बल्लेबाज है और वह ऐसा बल्लेबाज है जिसको खेलते हुए देखना मुझे पसंद है। मेरे हिसाब से केएल राहुल तब अपनी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी करता है जब वह आक्रामक होकर खेलता है। वह खेल को आगे बढ़ाता है और उस पर नियंत्रण करने की कोशिश नहीं करता है। उन्होंने कहा कि मुझे उसे तब बल्लेबाजी करते हुए देखना पसंद है जब वह ऐसा महसूस करता है कि उसके पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं है। तब वह बहुत अधिक जोखिम लिये बिना भी 180 के स्ट्राइक रेट से रन बना सकता है। अगर वह आस्ट्रेलिया में ऐसा कर सकता है तो काफी गेंदबाज परेशानी में पड़ जायेंगे। जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण टी-20 विश्व कप में भाग लेने पर सवालिया निशान लगा हुआ है। ऐसे में भारतीय तेज गेंदबाजी कमजोर नजर आती है। वॉटसन का भी ऐसा ही मानना है और वह चाहते हैं कि अगर बुमराह विश्वकप के लिए फिट नहीं होते तो उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में रखा जाना चाहिए। वाटसन ने कहा कि भारत के पास निश्चित तौर पर ऐसे बल्लेबाज हैं जो ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवालिया निशान उसकी तेज गेंदबाजी को लेकर है। उन्होंने कहा कि स्पिनर अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल दुनिया में किसी भी तरह की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन बुमराह के बिना तेज गेंदबाज क्या आखिरी ओवरों में दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे। विरोधी टीम भारत की इस कमजोरी का फायदा उठाने का प्रयास करेंगी। वाटसन ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को ऐसा तेज गेंदबाज चाहिए जो 140 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर सके। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है (भारत के पास तेज रफ्तार का गेंदबाज नहीं होना) और इसलिए यदि बुमराह टीम में नहीं होते हैं तो फिर सिराज अच्छा विकल्प होगा।

वॉटसन ने भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा की और कहा कि वह भारत की तरफ से खेलनेवाले प्रत्येक मैच में अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। हार्दिक ने चोट से उबरने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉटसन ने कहा कि मुझे ऐसा ऑलराउंडर देखना पसंद है जो अच्छी गति से गेंदबाजी करें और हार्दिक की तरह गेंद को हिट भी करे। उसने जिस तरह से अपनी फिटनेस पर काम किया और अभी वह जैसी गेंदबाजी कर रहा है वह विशेष है। उन्होंने कहा कि वह मैच विजेता खिलाड़ी है। जब भी वह गेंदबाजी करता है तो वह बहुत प्रभाव छोड़ सकता है। उसकी बल्लेबाजी में लगातार सुधार हो रहा है। सभी जानते हैं कि बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करने की लिए उसके पास तकनीक है और वह 140 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी भी कर सकता है।